www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 21 जनवरी, 2024

वर्ष – 16 | अंक –287 | पृष्ठ – 10

मूल्य 3.00 रु.

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...



साहित्य लिफ्ट पृष्ठ 06

राम आएंगे तो 10 लाख दीपों से सजेगी अयोध्या पृष्ठ 10

न्याय यात्रा को मिल रहा जनसमर्थन : कांग्रेस पृष्ठ 02

■ रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए ...
■ सरकारी दफ्तरों में 22 जनवरी को रहेगी आधे दिन ... 03

■ पाकिस्तान में 17,816 उम्मीदवारों के नामांकन वैध
■ कनाडा में विदेशी छात्रों की संख्या 10 लाख के पार 07


## सार संक्षेप

### मनीष सिसोदिया, संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 3 फरवरी तक बढ़ा दी। दोनों नेताओं को उनकी पूर्व विस्तारित न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था।

### रश्मिका मंदाना डीपफेक मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के वायरल डीपफेक वीडियो के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी को स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने कई राज्यों में छापेमारी के बाद पकड़ा है। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने रामेश्वरम के शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। रामनाथस्वामी मंदिर के मुख्य देवता भगवान शिव हैं और व्यापक मान्यता है कि भगवान राम और सीता ने यहां पूजा की थी। मोदी तिरुचिरापल्ली से हेलीकॉप्टर से अमृतानंद स्कूल परिसर, रामेश्वरम पहुंचे और अग्नितीर्थम में पवित्र स्नान किया।

### कन्नूर-अलप्पुझा एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस की दो बोगियां पटरी से उतरी



**कन्नूर।** तमिलनाडु में कन्नूर रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार तड़के कन्नूर-अलाप्पुझा एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस के प्रस्थान से पहले शंटिंग के दौरान इसकी दो बोगी पटरी से उतर गई, हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है।

### सरकार ने सेल के 28 अधिकारियों को निलंबित किया

**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्ती और निदेशक (वित्त) ए.के. तुलसियानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा, इस्पात मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए सेल ने कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला

# यात्रा से घबराई भाजपा हिंसा पर उतरी : कांग्रेस

■ सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची न्याय यात्रा

कांग्रेस इन हमलों के लिए जिम्मेदार असम की भाजपा सरकार की इन चालों और हमलों से डरने वाली नहीं है। हम भाजपा के इन गुंडों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे: **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**




**गुवाहाटी,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची। इससे पहले यात्रा असम से होकर गुजरी। जहां यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। कांग्रेस ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस ने कहा कि यात्रा से घबराई भारतीय जनता पार्टी हिंसा पर उतर आई है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा– भाजपा के गुंडों ने यह हमला किया। उन्होंने पोस्टर–बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। एक ही दिन पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को सुरक्षा नहीं दी जाएगी, यात्रा शहर से नहीं जाने देंगे।

**असम के मुख्यमंत्री की नींद उड़ चुकी है : गौरव गोगोई**

पार्टी नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हम जहां 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के द्वारा असम की सुंदरता, सांस्कृतिक इतिहास और समन्वय को प्रकाशित कर रहे हैं। वहीं, भाजपा सरकार अपनी छोटी मानसिकता से बार–बार लोगों को परेशान कर रही है। राहुल गांधी विभिन्न स्थानों पर जाकर शांति और अमन की प्रार्थना कर रहे हैं और इस यात्रा को भरपूर जन–समर्थन मिल रहा है। भाजपा के गुंडे अलग–अलग शहरों में जाकर दुकानदार, व्यापारियों, ठेला चालकों, युवाओं को धमकी दे रहे हैं। इससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की नींद उड़ चुकी है।

### यात्रा को पूर्वोत्तर में मिल रहा भारी जनसमर्थन : माकन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मिल रहे जबरदस्त समर्थन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरा गई है और अब हिंसा का सहारा लेकर डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय मकन ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को पूर्वोत्तर में भरपूर सहयोग और जनसमर्थन मिल रहा है जिसे देखकर भाजपा तथा उनके नेता घबरा गए हैं।

## देश को दिल्ली से चलाना चाहती है भाजपा : राहुल



**मोदी सरकार ने पूरा नहीं किया नौकरियां देने का वादा**

**लखीमपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चाहते हैं कि देश के हर हिस्से में हिंदी का इस्तेमाल हो और पूरे हिंदुस्तान पर दिल्ली से ही शासन हो। श्री गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले आज यहां कहा कि देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा पूरा करने में असफल रही भाजपा सरकार अब देश को दिल्ली से चलाना चाहती है और उसकी कोशिश है कि पूरे देश में हिंदी का प्रयोग हो।

## मराठा आरक्षण को लेकर विरोध मार्च शुरू



■ जरांगे ने कहा, इस बार हम आरक्षण लेकर रहेंगे
■ हजारों की भीड़ के साथ जालना से मुंबई जा रहे

**मुंबई,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल जालना से मुंबई तक विरोध मार्च निकाल रहे हैं। जरांगे मराठा आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उनके साथ हजारों लोगों की भीड़ नजर आ रही है। शुक्रवार को उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र सरकार मराठाओं को मूर्ख बना रही है। उसने हमें आरक्षण देने को कहा था, लेकिन आज तक अपना वादा पूरा नहीं किया। जालना से मुंबई के बीच की दूरी 407 किलोमीटर है। मनोज जरांगे 26 जनवरी को मुंबई पहुंचेंगे।

**सरकार के आश्वसन पर खत्म किया था अनशन**

इससे पहले 25 अक्टूबर 2023 को मनोज जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में भूख हड़ताल शुरू की थी। मांग वही, मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग का दर्जा देकर आरक्षण दिया जाए। 9 दिनों में आंदोलन से जुड़े 29 लोगों ने आत्महत्या की थी। इसके बाद राज्य सरकार के 4 मंत्रियों धनंजय मुंडे, संदीपान भुमरे, अतुल सावे, उदय सामंत ने जरांगे से मुलाकात कर भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की। उन्होंने स्थायी मराठा आरक्षण देने का वादा किया। इसके बाद 2 नवंबर 2023 को मनोज जरांगे ने अनशन खत्म कर दिया। साथ ही सरकार को 2 जनवरी 2024 तक का समय दिया। मनोज जरांगे पाटिल समेत कई लोग दावा कर रहे हैं कि मराठा समाज मूल रूप से कुनबी जाति से है। यानी मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाता है तो आरक्षण मिलने पर उसे ओबीसी कोटे से लाभ मिल जाएगा। ओबीसी समुदाय के संगठनों का मानना है कि हमारा विरोध मराठा आरक्षण से नहीं बल्कि उन्हें ओबीसी से आरक्षण देने को लेकर है।

## चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

# एक साथ चुनाव कराने में खर्च होंगे 10,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भले ही अभी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी विचार कर रही हो,लेकिन चुनाव आयोग ने इसके लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा तो 2029 में एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं। इसको लेकर केंद्र सरकार को भेजे प्रस्ताव में चुनाव आयोग ने कहा है कि अगर एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो नई ईवीएम मशीने खरीदने के लिए उसे हर 15 साल में तकरीबन 10,000 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। क्योंकि ईवीएम का जीवन काल 15 साल तक का ही होता है।




■ 2029 से पहले एक साथ नहीं कराए जा सकते लोकसभा व विधानसभा चुनाव

**11.8 लाख मतदान केंद्र बनाने होंगे**

वहीं चुनाव आयोग की मानें तो 2024 में लोकसभा चुनाव कराने के लिए पूरे भारत में 11.8 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी। एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराने की स्थिति में हर मतदान केंद्र पर दो ईवीएम सेट की आवश्यकता होगी। आयोग ने कहा है कि इसके अलावा अतिरिक्त मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों के साथ ही ईवीएम को रखने के लिए अतिरिक्त गोदामों और वाहनों की भी जरूरत होगी। साथ ही इसके लिए संविधान में भी संशोधन करना होगा। बावजूद अगर सबकुछ समय पर हो जाता है तब भी एक साथ दोनों चुनाव कराना 2029 के पहले संभव नहीं हो सकेगा। बतादें कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिए पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। जो यह पता लगा रही है कि क्या देश में 'एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं।

## पर्यटन विभाग की ओर से की जा रही भव्य तैयारी

# 22 को फिर से दीपों से रोशन होगी अयोध्या

**अयोध्या,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य–भव्य मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी रामनगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्वलित की जाएगी।

राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। कभी वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी तो अब प्राण–प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। सात वर्षों से दीपोत्सव का भव्यतम आयोजन करा रही योगी सरकार 22 जनवरी को फिर से दीपों से अयोध्या सजाएगी, जिसका दिव्यतम दीदार दुनिया करेगी। पर्यटन विभाग की ओर से इसकी भव्य तैयारी की जा रही है।




पूरी रामनगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी

**100 प्रमुख स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे**

रामलला, राम की पैड़ी, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। सरकार ने अपील की है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव करें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि 22 जनवरी की शाम 100 प्रमुख मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

### प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी भ्रामक खबरों पर सरकार सख्त

*__नई दिल्ली।__ रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही कुछ भ्रामक खबरों को लेकर सरकार सख्त हो गई हैं। इसको लेकर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से आज एक एडवाइजरी जारी की गई है। बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा राममंदिर या रामलला की प्राण प्रष्ठिा समारोह से जुड़े असत्यापित, उत्तेजक और फर्जी खबरों को लोगों के बीच काफी वायरल किया जा रहा है,जिसके प्रसार को रोकने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि राममंदिर या प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी किसी भी फर्जी सामग्री को प्रसारित करने से परहेज किया जाए।*

## भारत-म्यांमार सीमा जल्द होगी सील : शाह

**लोगों की स्वतंत्र आवाजाही प्रतिबंधित करेगी सरकार**

**गुवाहाटी,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत सरकार जल्द ही भारत और म्यांमार के बीच लोगों की स्वतंत्र आवाजाही प्रतिबंधित करेगी। श्री शाह ने आज यहां असम पुलिस के नवनियुक्त कमांडो की पासिंग आउट परेड (पीओपी) और गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में एक रैली में कहा कि भारत और म्यांमार के बीच यात्रा के लिए वीजा की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आंदोलन व्यवस्था (एफएमआर) समझौते की समीक्षा करने का विकल्प चुना है।भारत–म्यांमार सीमा को जल्द ही सील कर दिया जाएगा।असम पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य राज्यों की पुलिस की तुलना में असम पुलिस को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गृह मंत्री ने दावा किया कि श्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 तक नक्सल प्रभावित इलाकों, कश्मीर और उत्तर पूर्व में हिंसा में 73 फीसदी की कमी आई है।



**मोदी के प्रयासों से पूर्वोत्तर में शांति आई : अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर में शांति और प्रगति देखी जा रही है। शाह ने कहा कि कांग्रेस की नीति समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की थी, जिसके कारण क्षेत्र में खासकर बोडोलैंड में हजारों लोगों की मौत हुई। शाह ने असम के ढेकियाजुली में ऑल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन के दौरान कहा, 'जब मुझे गृह मंत्री नियुक्त किया गया तो बोडो आंदोलन पूरे जोरों पर था। मैंने पूर्वोत्तर के सबसे बड़े समुदायों में से एक के मुद्दों और चिंताओं को समझने का प्रयास किया।'

## मणिपुर में हड़ताल से सामान्य जनजीवन ठप

**इम्फाल,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में कुकी उग्रवादियों की ओर से तखेल्लंबम मनोरंजन सिंह की नृशंस हत्या समेत 26 लोगों के अपहरण के बाद हत्या के खिलाफ संयुक्त एक्शन कमेटी (जेएसी) की शनिवार सुबह 48 घंटे की आम हड़ताल से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। हड़ताल के कारण सभी शैक्षणिक संस्थान और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सड़कें पूरी तरह से सुनसान रहीं और लोग बाहर नहीं निकले।



■ लोगों की अपहरण के बाद हत्या के खिलाफ प्रदर्शन
■ सभी शैक्षणिक संस्थान व व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे

किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा–व्यवस्था कड़ी की गई थी। इस बीच कुकी उग्रवादियों द्वारा 18 जुलाई को निंगथौखोंग में चार ग्रामीणों की हत्या के खिलाफ जेएसी ने कहा कि वे चार लोगों के शव नहीं लेंगें। उन्होंने उन सैन्यकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जो क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैनात थे। ग्रामीणों ने कहा कि चार ग्रामीणों की हत्या से ठीक पहले, सैनिक पानी लेने के लिए इलाके में आए थे। इस बीच यूथ फोरम फॉर प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स ने सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के औचित्य पर ही सवाल उठाया है।

## सोरेन से ईडी ने सात घंटे की पूछताछ, बोले

# हम किसी से डरने वाले नहीं : सोरेन

**रांची,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। रांची के बड़गाई अंचल के जमीन घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को ईडी की पूछताछ करीब सात घंटे तक चली। शाम 8 बजकर 20 मिनट पर ईडी के अफसरों की टीम सीएम आवास से बाहर निकली। सूत्रों की मानें तो इस मामले के कुछ बिंदुओं पर उनसे दोबारा पूछताछ की जा सकती है। पूछताछ पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री सोरेन अपने आवास से निकले और बाहर जमा समर्थकों से कहा कि हम किसी से डरने वाले नहीं हैं। हर वाजिब सवाल का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने समर्थन जताने के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया।



## तैयारी — फ्रांस की सेना ने भी रिहर्सल में हिस्सा लिया

# गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी फ्रांसीसी सेना की टुकड़ी

**नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में 75वें गणतंत्र दिवस के लिए परेड रिहर्सल चल रही है। शनिवार को इस रिहर्सल में फ्रांस की सेना ने भी हिस्सा लिया। कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड में इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों शामिल हो रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस बार परेड में फ्रांसीसी सेना की 95 जवानों वाली मार्चिंग कंटीजेंट, 33 जवानों का बैंड और फ्रांसीसी वायुसेना के राफेल जेट और मल्टीरोल टैंकर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल होंगे।**

शनिवार को इन सभी ने परेड की रिहर्सल की। भारतीय सेना भी 14 जुलाई 2023 को फ्रांस की बैस्टिल डे परेड में शामिल हुई थी। जिसका नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर सुमिता यादव ने किया था। बैस्टिल डे परेड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

गणतंत्र दिवस के लिए सुरक्षा बलों की फुल ड्रेस रिहर्सल 13 जनवरी से शुरू हुई है। यह 21 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ सुबह 10.15 बजे से 12.30 बजे तक ट्रैफिक के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

**इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों मुख्य अतिथि**



**परेड में कुल 25 झांकियां शामिल होंगी**

परेड के दौरान 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और नौ मंत्रालयों व विभागों की 25 झांकियां शामिल होंगी। इन राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, लद्दाख, तमिलनाडु, गुजरात, मेघालय, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा तेलंगाना का नाम है। इनके अलावा गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, एविएशनन और जलमार्ग मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान केंद्र , निर्वाचन आयोग और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग मंत्रालय की झांकियां नजर आएंगी। रक्षा सचिव ने बताया कि कुछ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने परेड में झांकी शामिल न होने पर चिंता जाहिर की थी। इसे दूर करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक 3 साल की रोल–ओवर योजना बनाई है। इन तीन सालों में सभी राज्यों को रोटेशन के जरिए समान भागीदारी मिलेगी।

# देश

**उवाच**

"केंद्र की मोदी सरकार उद्योगपतियों को ऋण माफ कर रही है, लेकिन किसानों को नहीं। सरकार गलत नीतियां लागू कर रही है और लोगों को ऐसे लोगों को किनारे कर देना चाहिए जो देश में गलत आर्थिक नीतियां लागू कर रहे हैं।

–शरद पवार, एनसीपी प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 05.0 |
| मुंबई | 26.0 | 20.0 |
| कोलकाता | 16.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 26.0 | 24.0 |

# न्याय यात्रा को मिल रहा जनसमर्थन : कांग्रेस

## लखीमपुर के बोगीनाडी से होकर अरूणाचल प्रदेश पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मिल रहे जबरदस्त समर्थन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरा गई है और अब हिंसा का सहारा लेकर डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय मकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को पूर्वोत्तर में भरपूर सहयोग और जनसमर्थन मिल रहा है जिसे देखकर भाजपा तथा उनके नेता घबरा गए हैं।

**जनता की आवाज उठाने वाली न्याय यात्रा को रोकने की हिम्मत न की जाए**

उन्होंने कहा कि शुक्रवार रात लखीमपुर, असम में जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों की गाड़ियों को तोड़ा गया, पोस्टर फाड़े गए, पार्टी के खिलाफ नारे लगाए गए-यह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा बेहद घबरा गई है। यह हमला इस बात को दर्शाता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी को मिल रहे समर्थन से देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा घबरा गए हैं। वे खुद को भाजपा का बड़ा शुभचिंतक दिखाने के नाते ऐसी



**भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूर्वोत्तर में भरपूर सहयोग मिल रहा है जिसे देखकर भाजपा तथा उनके नेता घबरा गए हैं : अजय मकन**

शर्मनाक हरकतों पर उतर आए हैं। माकन ने कहा कि हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं। जनता की आवाज उठाने वाली न्याय यात्रा को रोकने की हिम्मत न की जाए।

माकन ने बताया कि जब राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले चरण में दक्षिण से उत्तर की ओर गए तब भी ऐसा नहीं हुआ कि हम भाजपा शासित प्रदेश से गुजरे। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वहां कानून व्यवस्था की परेशानी न हो। अनुमतियां ले ली गई है। जब भाजपा के अध्यक्ष को शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने की इजाजत दी जा सकती है तो राहुल गांधी को क्यों नहीं।

### सड़क किनारे खड़े लोगों ने न्याय यात्रा का किया स्वागत

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को लखीमपुर जिले के बोगीनाडी से फिर से शुरू हुई। जैसे ही यात्रा बस से शुरू हुई, वैसे ही सड़क किनारे खड़े लोगों ने राहुल गांधी का स्वागत करना शुरू कर दिया। ऐसे में, उन्होंने बस से उतरने का फैसला लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनके साथ पैदल चल पड़े। हालांकि सियासी गलियारों में चर्चाएं इस बात की भी हो रही हैं कि क्या राम मंदिर के जयघोष के बीच में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फीकी पड़ गई है या कांग्रेस पार्टी ने इसे अपना बूस्टर मानते हुए हिंदी भाषी राज्यों के साथ-साथ ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्यों में मजबूत टाइमिंग के साथ एंट्री की योजना बनाई है।

सियासी जानकारों का मानना है कि न्याय यात्रा की टाइमिंग सियासी नजरिए से बिल्कुल सटीक है। हालांकि सियासी जानकारी सीडी प्रसाद कहते हैं कि ऐसा नहीं है कांग्रेस को राम मंदिर के शुभारंभ और उसको लेकर देशभर में बने हुए माहौल के बारे में जानकारी नहीं है। वह कहते हैं कि कांग्रेस ने राममंदिर के इस भव्य शुभारंभ के जबरदस्त माहौल के बीच में अपनी न्याय यात्रा की शुरुआत कर लोगों में एक बड़ा संदेश भी दिया है। उनका कहना है राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के लिए उस मौके की तलाश नहीं की, जिसमें यात्रा राम मंदिर के शुभारंभ के बाद शुरू की जाती। प्रसाद कहते हैं कि दूसरा और महत्वपूर्ण पहलू राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का यह भी है कि जिन राज्यों में लोकसभा की सीटें और सियासी तपिश ज्यादा है, वहां पर उनकी यात्रा जब पहुंचेगी, तब तक लोकसभा चुनावों का एक तरह से माहौल बनना शुरू हो चुका होगा। वह कहते हैं कि राम मंदिर के शुभारंभ के बाद ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में एंट्री करने वाली है।

### यात्रा में राहुल से आकर मिल रहे हर वर्ग के लोग

दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू हो चुकी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को नॉर्थ ईस्ट में जितना समर्थन मिल रहा है, उतना किसी भी सियासी दल को नहीं मिला होगा। राहुल गांधी 21 तारीख को कालियाबोर में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करने वाले हैं। पार्टी के नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी की इस यात्रा में हर वर्ग के लोग उनसे आकर मिल रहे हैं। राहुल गांधी खुद उन लोगों से जाकर मिल रहे हैं, जिनके लिए वह न्याय यात्रा कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने असम के मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा। दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर असम में एक एफआईआर दर्ज हुई है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि जिस तरीके से राहुल गांधी की यात्रा के रूट को लेकर एफआईआर दर्ज हुई है, उससे पता चलता है कि भाजपा शासित राज्य उनकी यात्रा से घबराकर परेशानियां पैदा करना चाह रहे हैं। जयराम रमेश कहते हैं कि असम के मुख्यमंत्री भारत जोड़ो न्याय यात्रा से इतना घबराए हैं कि वह हर तरह की साजिश कर रहे हैं। इसका कोई असर नहीं पड़ने वाला। बल्कि इस तरीके की साजिशों से तो भाजपा शासित राज्य और मुख्यमंत्री बेनकाब हो रहे हैं। वह कहते हैं कि उनकी यात्रा तो 25 जनवरी तक असम में ही रहने वाली है।

# तीन साल में देश से नक्सलियों का होगा खात्मा : अमित शाह

**तेजपुर,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। असम के तेजपुर में एसएसबी कॉम्प्लेक्स में सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शिरकत की। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में पीएम ने सभी सीएपीएफ के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चाहे वह सीआरपीएफ हो या सीमा पर तैनाय अन्य सभी संगठन। आज, भारत सरकार ने एक डाक टिकट भी जारी किया। भारत और चीन युद्ध के बाद 1963 में एसएसबी की स्थापना हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वन बॉर्डर वन आर्मी की नीति लागू की थी।

एसएसबी बल 2001 से भारत-नेपाल सीमा और 2004 से भारत-भूटान सीमा पर देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा। 1962 में चीन के आक्रमण के बाद मई 1963 में सशस्त्र सीमा बल को विशेष सेवा ब्यूरो के रूप में स्थापित किया गया था। 2001 में एसएसबी को इंडो नेपाल के लिए लीड इंटेलिजेंस एजेंसी घोषित किया गया और इंडो नेपाल सीमा की रक्षा की जिम्मेदारी



- **सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्रम में बोले अमित शाह**
- **देश की रक्षा में तत्पर है एसएसबी बल**

सौंपी गई। बाद में 2004 में भारत-भूटान सीमा भी एसएसबी के जिम्मे आया। मार्च 2004 में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ। एसएसबी सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देता है।

साथ ही सीमा पर अपराधों, भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ को रोकना, अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना जैसे प्रमुख कार्य हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने दावा किया कि असम की जनता बड़ी संख्या में कांग्रेस की यात्रा का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में असम में उग्रवाद चरम पर था। इस दौरान हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी।

## सार संक्षेप

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का सत्र दो फरवरी से

**लखनऊ।** वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का पहला सत्र दो फरवरी से शुरु होगा। विधानसभा सचिवालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नये साल में विधानसभा के पहले सत्र के लिये राज्यपाल ने अपनी अनुमति प्रदान कर दी है।

### बंगाल में चमड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के के डायमंड हार्बर में नेतारा रेलवे स्टेशन के पास बाजार में शनिवार तड़के आग लगने से एक चमड़े की फैक्ट्री सहित अन्य 16 दुकानें जलकर नष्ट हो गए। आग शनिवार तड़के करीब तीन बजे लगी। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे व कड़ी मशक्कत के बाद तीन घंटे आग पर काबू पाया।

### तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तंजावुर जिले में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। यह घटना तंजावुर जिले के सेतुबावचारितम के पास ईस्ट कोस्ट रोड पर हुई, जब एक तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई, जिससे चलते यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार, एसयूवी के ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सेतुबावचथिरम पुलिस स्टेशन की सीमा में ईस्ट कोस्ट रोड पर मनोरा किले के पास पुलिया के पैरापेट से टकरा गई। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### कश्मीर में रात के तापमान में सुधार हुआ

**श्रीनगर।** कश्मीर में रात के तापमान में सुधार हुआ है हालांकि यह अभी भी हिमांक बिंदु से नीचे बना हुआ है। प्रदेश में 26-31 जनवरी के दौरान हल्का हिमपात होने के आसार हैं, जिससे कश्मीर में लंबे समय से जारी शुष्क दौर खत्म होने का अनुमान है। ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे चिल्लई कलां के नाम से जाना जाता है, अगले 10 दिनों में समाप्त हो रही है व अब तक कश्मीर घाटी में कहीं भी व्यापक हिमपात भी नहीं हुआ है। घाटी के सभी मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है।

### मप्र के स्कूलों में 22 को अवकाश घोषित

**भोपाल।** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को मध्य प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से कल रात इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। दो दिन पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी को आधे दिन, दोपहर ढ़ाई बजे तक का अवकाश घोषित किया था।

# कर्नाटक में नौ लोगों ने की अंतरधार्मिक जोड़े की पिटाई

## पीड़ितों की शिकायत के बाद सात गिरफ्तार



**हावेरी/कर्नाटक,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। यहां नैतिक पुलिसिंग की एक और घटना सामने आई। हावेरी जिले में नौ स्वयंभू धर्म रक्षकों ने एक अंतरधार्मिक जोड़े की पिटाई की। पुलिस ने यह जानकारी शनिवार को दी। पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार को जिले के बयादागी शहर में हुई पीड़ितों की शिकायत के बाद सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी दो आरोपियों की तलाश जारी है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अब्दुल खादर, मंसूर, मेहबूब खान, रियाज, अल्फ़ाज़, सलीम साब और मेहबूब अली के रूप में की गई। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हावेरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंशू कुमार ने कहा कि एक अंतरधार्मिक जोड़े पर अल्पसंख्यक समुदाय के नौ लोगों के एक नैतिक पुलिसिंग गिरोह द्वारा हमला किया गया। सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

आरोपियों ने कस्बे के शिव मंदिर के पास बाइक पर सवार होकर आपस में बात कर रहे रुकसाना और जगदीश को निशाना बनाकर हमला किया था। शोहदों ने लड़की से पूछा कि वह एक हिंदू से बात क्यों कर रही है और दोनों की पिटाई की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने पहले दावा किया था कि आम लोग, विशेषकर महिलाएं, बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से घूमने में सक्षम नहीं हैं।

# धर्म के राजनीतिकरण से देश प्रभावित : मायावती

## भाजपा सरकार की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर फिर उठाया सवाल

**लखनऊ,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीति के अपराधीकरण और अपराध के राजनीतिकरण की तरह मौजूदा समय में धर्म का चुनावी स्वार्थ के लिए राजनीतिकरण हो रहा है जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है। उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा जिला अध्यक्षों की यहां हुई विशेष बैठक में मायावती ने कहा कि बसपा ही संवैधानिक आदर्शों व मूल्यों के आधार पर चलने वाली पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों व उनके धार्मिक स्थलों का पूरा-पूरा आदर-सम्मान करके सभी के साथ न्याय का व्यवहार करते हुए सभी के जान-माल व इज्जत-आबरू की सुरक्षा की ऐसी गारण्टी सुनिश्चित करती है कि इसकी दूसरी मिसाल मिलनी मुश्किल है। बसपा की तरह दूसरी राजनीतिक पार्टियों को संविधान व धर्म का सम्मान करते हुए इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए, मायावती ने शनिवार को कहा कि पूर्व में राजनीति के अपराधीकरण, अपराध के राजनीतिकरण की तरह वर्तमान में धर्म का चुनावी स्वार्थ के लिए राजनीतिकरण हो रहा है जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है। भाजपा सरकार की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर एक बार फिर सवालिया निशान लगाते हुए उन्होंने कहा कि जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से दुखी व पीड़ित देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोग जीने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज हैं यह गम्भीरता से सोचने की बात है।

**बसपा ही संवैधानिक आदर्शों व मूल्यों के आधार पर चलने वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी**



**राजनीतिक पार्टियों को संविधान व धर्म का सम्मान करते हुए इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए : बसपा प्रमुख**

### प्रचार के अन्य माध्यमों से बड़े-बड़े दावे जमीनी हकीकत से बहुत दूर

बसपा प्रमुख ने कहा कि करीब सभी सरकारों द्वारा प्रचार के अन्य माध्यमों से अपार धन खर्च करके जो जनहित व जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं वे जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को दूसरी पार्टियों के साथ चुनाव गठबंधन अथवा किसी प्रकार का समझौता नहीं करना है क्योंकि बार-बार धोखा खाना होशियारी नहीं है। गठबंधन के ऐसे कड़वे अनुभवों से कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है और मिशन कमजोर होता है। इन सब चिन्ताओं के मद्देनजर अगले लोकसभा आमचुनाव का विशेष महत्व है जिसके लिये पार्टी के लोगों को पूरी गंभीरता के साथ अच्छे व मजबूत पार्टी उम्मीदवारों को चुनने की जिम्मेदारी है ताकि बेहतर रिजल्ट प्राप्त कर जनहित की मजबूत सरकार देश में बनाई जा सके।

# केटीआर ने शिंदे से की रेवंत की तुलना

## रेड्डी पर भाजपा के साथ गठबंधन करने का लगाया आरोप

**हैदराबाद,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री के टी रामाराव ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की तुलना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है। रामाराव ने शनिवार को यहां तेलंगाना भवन में हैदराबाद और सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्रों के नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव के बाद रेड्डी यहां के एकनाथ शिंदे बन सकते हैं। रेड्डी पर भाजपा के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाते हुए और उनकी तुलना 'मिनी-मोदी' से करते हुए रामाराव ने उद्योगपति अडानी पर उनके (रेड्डी) रुख में विसंगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेड्डी ने एक बार अडानी की



आलोचना की थी लेकिन अब स्विट्जरलैंड में डब्ल्यूईएफ में उनके साथ सहयोग करते नजर आ रहे हैं। रेड्डी को पहले 100 दिनों के भीतर वादे पूरे करने पर ध्यान केंद्रित करने की चुनौती देते हुए रामाराव ने उनके बयानों को खारिज कर दिया और उनसे प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

उन्होंने बीआरएस पार्टी को दफनाने की आवश्यकता पर सवाल उठाया और उन्हें याद दिलाया कि पार्टी ने अपनी लंबी यात्रा में रेड्डी जैसे कई नेताओं का सामना किया है। रामाराव ने लोगों से गृह ज्योति योजना के तहत वादे के अनुसार मुफ्त बिजली उपलब्ध होने तक वर्तमान बिल भुगतान को रोकने का आह्वान किया।

### भाजपा-बीआरएस के बीच कोई गठबंधन नहीं होगा

यह स्पष्ट करते हुए कि भाजपा और बीआरएस के बीच कोई गठबंधन नहीं होगा, रामाराव ने केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किशन रेड्डी की आलोचना की और पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव की पहल की तुलना में तेलंगाना में उनके योगदान पर सवाल उठाया। उन्होंने भाजपा द्वारा उप्पल और अंबरपेट फ्लाईओवर के पूरा होने में देरी पर भी प्रकाश डाला तथा इसकी तुलना बीआरएस के 36 फ्लाईओवर के निर्माण से की।

# झारखंड के पलामू में चार नक्सली गिरफ्तार

**रांची,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) के चार हार्डकोर नक्सलियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग इलाके के कई व्यवसायियों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूल रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों में पांकी के नावागढ निवासी धर्मेंद्र कुमार, सूरजीन गांव का सतन उरांव, जगन उरांव और राधाडीह गांव का राजू साव शामिल हैं। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पिछले कुछ दिनों के दौरान जेजेएमपी के इस दस्ते द्वारा पांकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में संचालित विकास योजनाओं में लेवी की मांग ठेकेदारों से की जा रही थी। इन्होंने कई जगहों पर धमकी भरे पर्चे भी चिपकाए थे। इनके पास से दो देशी कट्टा, लेवी संबंधित एक पर्चा, तीन मोबाईल, दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



# नीतीश को सुशासन के लिए किसी सुझाव की जरूरत नहीं : जदयू

## सुशासन के लिए भाजपा की ओर से दिए गए सुझाव पर बोला हमला

**पटना,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से दिए गए सुझाव पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें किसी से ऐसे सुझाव की जरूरत नहीं है। जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुशासन के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। जदयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार हमेशा कानून का शासन सुनिश्चित करने के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के शासन में अपराध करने पर कोई भी कानून के चंगुल से बच नहीं सकता है। चौधरी ने कहा कि भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी द्वारा मुख्यमंत्री कुमार को वर्ष 2005 वाले फॉर्म में लौटने का सुझाव देने का कोई कारण नहीं है।



उन्होंने कहा कि कुमार को किसी से सुझाव लेने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपने 2005 वाले फॉर्म में लौटने और अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है की जब कुमार वर्ष 2005 में सत्ता में आए तब से उन्हें कानून का शासन स्थापित करने और राज्य को 2005 से पहले की अराजकता से बाहर निकलने के लिए जाना जाता था।

**अलर्ट** *जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की आशंका के चलते सीमा पर निगरानी बढ़ी*

# संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की स्पेशल ब्रांच के कर्मी तैनात

**जम्मू, 20 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में घने कोहरे के बीच सीमा पर घुसपैठ की आशंका बढ़ गई है। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों ने एलओसी और आईबी पर निगरानी बढ़ा दी है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भी जम्मू शहर के साथ अन्य इलाकों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।**

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की स्पेशल ब्रांच के कर्मियों को तैनात किया गया है। रघुनाथ मंदिर समेत तमाम प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जबकि एलओसी से लेकर बॉर्डर तक हाई अलर्ट है। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षा कवच तैयार किया है, लेकिन घना कोहरा चुनौती बन गया है। सीमांत क्षेत्रों में बॉर्डर पर इस समय विजिबिलिटी न के बराबर है। जानकारी के अनुसार अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। ऐसे में माहौल खराब न हो, शरारती तत्व तनावपूर्ण स्थिति न बनाएं, इसके लिए गुज्जर नगर, जानीपुर, बनतालाब, बठिंडी, सिद्दड़ा, बेलीचराना में स्पेशल ब्रांच के कर्मी नजर रख रहे हैं। सीमा पार से कठुआ, सांबा और जम्मू में घुसपैठ की साजिश है। ऐसी जानकारी है कि आईएसआई ने कार्यक्रम में खलल डालने के लिए आतंकी संगठनों पर घुसपैठ का दबाव बनाया है। इसके चलते बीएसएफ की ओर से बॉर्डर पर हाई अलर्ट किया गया है। डीआईजी जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज शक्ति पाठक की अध्यक्षता में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस को लेकर ठोस सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। जिला पुलिस लाइन में पाठक ने जम्मू के एसएसपी से लेकर पुलिस चौकी अफसर तक के साथ बैठक की। जोर देकर कहा गया कि दोनों ही आयोजन अति महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण हैं। इसलिए सतर्क रहें। शहर में आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखें, होटलों की जांच करें, नाके बढ़ाएं, भीड़भाड़ के क्षेत्र में निगरानी रखें, कहीं पर जाम की स्थिति न बनने दें। सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त मोर्चा तैयार करने पर सहमति बनी है। डीआईजी शक्ति पाठक का कहना है कि सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त हैं। एसएसपी विनोद कुमार ने शहर के होटल मालिकों के साथ बैठक की। होटल मालिकों से कहा गया है कि अगले 5 दिन पूरी तरह से सतर्क रहें। होटल में हर एक व्यक्ति की गहन पूछताछ और उसका पहचान पत्र देखकर ही रुकने दें। सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से एक्टिव रखें। यदि कोई भी संदिग्ध लगे तो उसकी जानकारी तत्काल प्रभाव से संबंधित थाने में दें।

शहर के एमए स्टेडियम, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, सचिवालय, रघुनाथ मंदिर सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। एसएसपी रेलवे मोहन कैथ का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त तैनाती की गई है।



- **बीएसएफ की ओर से बॉर्डर पर हाई अलर्ट**

उल्टा पुल्टा

सुरेश भगवान से प्रार्थना कर रहा था...
सुरेश : प्लीज पंजाब को अमेरिका की राजधानी बना दो, प्लीज...
भगवान जी ने ये सुना और हैरान होकर प्रकट हुए और पूछा : क्यों भाई... ?
सुरेश : क्योंकि मैं पेपर में लिख आया हूं !

# रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए दिल्ली सरकार प्रयासरत : केजरीवाल

## दिल्ली सरकार के तीन दिवसीय भव्य रामलीला का हुआ आगाज

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। केजरीवाल सरकार द्वारा आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडोटोरियम में शनिवार को तीन दिवसीय भव्य रामलीला का मंचन शुरू कर दिया गया। 22 जनवरी तक आयोजित हो रही विशेष रामलीला का लाइव मंचन देखने के लिए पहले दिन ही प्रभु श्रीराम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज और शिक्षा मंत्री आतिशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।



- केजरीवाल आज दिल्लीवालों के साथ देखेंगे प्रभु श्रीराम की लीला
- आतिशी ने की दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत

इस दौरान दिल्ली सरकार की लगभग पूरी कैबिनेट ने साथ बैठकर तीन घंटे तक चली रामलीला मंचन का आनंद लिया। वहीं, दिल्ली में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने को लेकर निरंतर प्रयासरत सीएम अरविंद केजरीवाल भी आयोजन के दूसरे दिन रविवार को दिल्ली की जनता के साथ बैठकर भव्य रामलीला मंचन का आनंद लेंगे। शनिवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर एक ट्वीट कर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मैं कल रविवार को रामलीला देखने जाऊंगा। दिल्लीवासियों से अपील है कि आप भी समय निकालकर सपरिवार जरूर जाएं। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भव्य रामलीला का मंचन शनिवार को शुरू हो गया। पहले दिन रामलीला मंचन कार्यक्रम की शुरूआत कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज और शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य रामलीला को देखने दिल्ली के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोग आए थे और उन्होंने तीन घंटे तक प्रभु श्रीराम की लीलाओं के शानदार मंचन का आनंद लिया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद, इमरान हुसैन के अलावा कई विधायकों ने भी पूरी रामलीला का आनंद लिया। वहीं, इस अवसर पर मौजूद दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दशहरे के दौरान जब हम शहर भर में रामलीला देखने जाते हैं, तो हम इसे एक मनोरंजन के रूप में देखते हैं। लेकिन सही मायने में रामलीला तभी सफल होगी, जब हम भगवान राम के जीवन से कोई भी बात आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतार सकेंगे।

### श्रीराम से जो सबसे बड़ी चीज सीखनी चाहिए वो है उनकी मर्यादा : सौरभ भारद्वाज

इस अवसर पर दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम सब लोग भगवान श्रीराम जी का नाम लेते हैं। भगवान श्रीराम जी से जो सबसे बड़ी चीज सीखनी चाहिए, वो है उनकी मर्यादा। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहा गया है और उनके रामराज्य की परिकल्पना आज भी हम सब लोग करते हैं। हम कोशिश करते हैं कि तुलसीदास जी ने जिस रामराज्य की कल्पना की और रामायण में लिखी, वो रामराज्य हम चरितार्थ भी करें। इसी कोशिश से आज दिल्ली सरकार द्वारा यह रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है।

## आजाद मार्किट में श्री राम यात्रा निकाली गई



**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के आजाद मार्किट में श्री राम यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रभु श्री राम की भक्ति में लीन लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा में सभी धर्म के लोगों ने भाग लिया और भगवा ध्वज पकड़ कर एकता की मिसाल कायम की। ज्ञात हो कि जैसे जैसे 22 जनवरी नजदीक आ रही है दिल्ली और पूरा देश राममय होता जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व महापौर जय प्रकाश ने बताया की जगह जगह भजन मंडलियां, प्रभात फेरी निकली गई तथा जगह जगह भंडारे लगाये गए। यात्रा में ऊंट, घोड़े और जीप पर राम भक्ति में लीन लोगों ने जमकर हिस्सा लिया। यात्रा में पूर्व महापौर के साथ विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता प्रदीप अग्रवाल और प्रवीण खंडवाल भी उपस्थित थे।

# सरकारी दफ्तरों में 22 जनवरी को रहेगी आधे दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में रामलला के 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। रामलला की मूर्ति को भी गर्भगृह में स्थापित किया गया है। 22 जनवरी को दोपहर करीब 12.30 बजे पीएम नरेंद्र मोदी रामलला के मुख से पट्टी को खोलकर उनका पूजन करेंगे। इस संबंध में केंद्र सरकार ने भी आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। इसी क्रम में अब दिल्ली सरकार ने भी हाफ डे लीव की घोषणा कर दी है। दिल्ली सरकार ने भी इस बात की घोषणा की है कि दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी 2024 सोमवार को दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों, यूएलबी, स्वायत्त निकायों, उपक्रमों और बोर्डों आदि को आधे दिन के लिए बंद करने की मंजूरी दी। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने प्रस्ताव दिया था जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी है। इसके बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस आदेश को जारी किया है। राम मंदिर उद्घाटन समारोह में जाने के सवाल पर एक दिन पहले ही दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि उन्हे जो लेटर मिला है उसमें लिखा है सुरक्षा कारणों से एक ही व्यक्ति को अनुमति मिली है। ऐसे में उन्होंने निश्चय किया है कि 22 जनवरी के बाद केजरीवाल अपने पूरे परिवार के साथ जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 22 जनवरी को एम्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया सहित दूसरे अस्पताल में ढाई बजे के बाद ओपीडी सुविधा शुरू होगी। वहीं इस दौरान आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेगी। इसे लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने आदेश जारी किया है। इसमें कहा है कि ढाई बजे के बाद ओपीडी सुविधा के लिए डेढ़ बजे से ओपीडी पंजीकरण की सुविधा शुरू होगी।



उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

## सार संक्षेप

### महिंद्रा ने पेश किया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल, कीमत 6.61 लाख से शुरू

**नई दिल्ली।** भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल एससीवी के बाजार में अग्रणी, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने नई सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज के लॉन्च की घोषणा की है, जो डीजल और सीएनजी दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। सुप्रो प्लेटफॉर्म की सफलता के आधार पर प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज अपनी जोरदार ताकत, जबरदस्त स्टाइल, बेजोड़ सुरक्षा और आराम के साथ लास्ट-मील कनेक्टिविटी के लिए डिजाइन किया गया है। प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुप्रोप्रॉफिट ट्रक एक्सेल का मूल्य इस प्रकार है डीजल संस्करण की कीमत 6.61 लाख एक्स-शोरूम दिल्ली और सीएनजी डुओ वेरिएंट की कीमत 6.93 लाख एक्स-शोरूम दिल्ली है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड में ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि हमारे राइज दर्शन का एक पहलु राइज फॉर वैल्यू हमारी नवीनतम पेशकश महिंद्रा सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल में समाया हुआ है। यह लॉन्चिंग हमारी सब-2-टन सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जो व्यवसायों को सशक्त बनाने और भारत में लास्ट-मील कनेक्टिविटी को बदलने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सरकार ने डीयू के 12 कॉलेजों में अनियमितताओं की जांच के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उच्च शिक्षा मंत्रालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध उन 12 कॉलेजों की जांच के आदेश दिए हैं, जो पूरी तरह से दिल्ली सरकार द्वारा फंडिंग हैं।ढन्सरकार ने इन सभी 12 कॉलेजों में बड़ी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने सचिव (उच्च शिक्षा) को इन कॉलेजों की कथित अनियमितताओं की जांच करने को कहा है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि इन कॉलेजों में बड़ी प्रक्रियात्मक अनियमितताएं हैं, इन कॉलेजों ने जीएनसीटीडी की मंजूरी के बिना 939 शिक्षण और 958 गैर-शिक्षण कर्मचारियों सहित 1897 कर्मचारियों की नियुक्ति की है। मंत्रालय ने कहा कि यह स्थापित सरकारी प्रक्रियाओं और नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने अधिकारियों को अवैध रूप से नियुक्त स्टाफ सदस्यों के 2015 से वेतन की वसूली सहित अवैध पद सृजित करने के लिए जिम्मेदार प्रिंसिपलों और अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। अनुबंधों के निष्पादन में जीएफआर प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए मंत्रालय ने कहा कि इन कॉलेजों को सरकारी खजाने से वित्त पोषित किया जाता है और इसलिए, धन के किसी भी दुरुपयोग के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसमें उल्लेख किया गया है कि खामियों में सरकारी खजाने से सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा, कॉलेजों ने एटीआर जमा नहीं किया है। जवाबदेही सार्वजनिक धन के पारदर्शी, विवेकपूर्ण खर्च की मांग करती है, जिसका इन कॉलेजों द्वारा बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

### हिंदू सेना ने बाबर रोड पर अयोध्या मार्ग का लगाया स्टीकर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने बाबर रोड रोड की पट्टिका पर अयोध्या मार्ग का स्टीकर चिपका दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्टीकर को हटा दिया। हिंदू सेना काफी समय से बाबर रोड का नाम बदलने की मांग उठा रही थी। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह बाबर रोड के साइन बोर्ड पर अयोध्या मार्ग का पोस्टर चिपका दिया गया। एनडीएमसी के द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड पर हिंदू सेना ने यह पोस्टर लगाया। उसकी जिम्मेदारी हिंदू सेना ने ली।

# आम आदमी पार्टी ने किया एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव ओएनओई का पुरजोर विरोध करते हुए कहा है कि यह विचार संसदीय लोकतंत्र, संविधान की मूल संरचना और देश की संघीय व्यवस्था के लिए खतरा है। आप ने ओएनओई के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति एचएलसी को कहा है कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देश के लोकतंत्र, संवैधानिक सिद्धांतों और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों की आधारशिला के लिए एक गंभीर खतरा है। आप ने कहा कि है कि ओएनओई से त्रिशंकु विधानसभाओं, दल-बदल विरोधी और विधायकों, सांसदों की खुली खरीद-फरोख्त करने का रास्ता खुलेगा। पार्टी ने चुनाव में होने वाले खर्च और ओएनओई से होने वाले फायदों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि एक साथ चुनाव कराने से भारत सरकार के वार्षिक बजट का केवल 0.1 फीसद राशि की ही बचत होगी। इसलिए, मामूली वित्तीय लाभ और प्रशासनिक सुविधा के लिए संविधान और लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। एचएलसी पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर आप की राय जानता चाहती थी। इसके लिए एचएलसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को संबोधित एक पत्र लिखा था। इसके जवाब में आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता ने पार्टी की ओर से एचएलसी को जवाब भेजा है और जवाब में इस मुद्दे पर पार्टी की तरफ से कुछ गंभीर चिंताएं व्यक्त की है। ओएनओई का विचार सुनने में अच्छा लग सकता है, लेकिन इसके कामकाज के विवरण से पता चलता है कि यह हमारे लोकतंत्र, संवैधानिक सिद्धांतों और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के विचार को बेहद कमजोर करता है। ऐसे में मामूली वित्तीय लाभ और प्रशासनिक सुविधा के लिए संविधान व लोकतंत्र के सिद्धांतों का बलिदान नहीं किया जा सकता।



- उच्च स्तरीय समिति को भेजी राय
- मामूली वित्तीय लाभ के लिए संविधान व लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता गलत



नई दिल्ली में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में भाग लेते गोयल नर्सिंग होम के अध्यक्ष अनिल गोयल व अन्य। फोटो अजय मेहता

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दिव्यांग महिला की मौत

### आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 39 वर्षीय एक दिव्यांग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शहर भर में बड़े पैमाने पर तलाश के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को गीता कॉलोनी पुलिस स्टेशन में शमशान घाट, गीता कॉलोनी के पास एक महिला की अज्ञात वाहन से टक्कर होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मिली। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र चौधरी ने कहा, घायल को पीसीआर वैन द्वारा एसडीएन अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल के पास उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, पुलिस ने पाया कि पीड़िता (विकलांग महिला) बैठी हुई मुद्रा में सड़क पार कर रही थी और एक हरे रंग के डंपर को उसके ऊपर से गुजरते देखा गया था।

# निर्माण क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। ऐसे युग में जहां निर्माण उद्योग लैंगिक समावेशिता की दिशा में एक अभूतपूर्व बदलाव देख रहा है, नई दिल्ली में आयोजित द रियल वुमन अवार्ड्स का छठा संस्करण इस परिवर्तन के प्रमाण के रूप में सामने आया। भव्यता और महत्व से चिह्नित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम ने न केवल निर्माण क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्र के विकसित परिदृश्य पर भी प्रकाश डाला। पुरस्कार समारोह में निर्माण उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में 25 महिलाओं के असाधारण योगदान को मान्यता दी गई। आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन, लैंडस्केप डिजाइन और ग्रीन बिल्डिंग कंसल्टेंसी जैसे क्षेत्रों में प्रतिष्ठित ये महिलाएं निर्माण में एक नए युग की अगुवाई का प्रतिनिधित्व करती हैं विविधता, नवाचार और स्थिरता द्वारा परिभाषित युग। इस वर्ष के संस्करण का एक महत्वपूर्ण पहलू आई शेयर शक्ति के साथ साझेदारी थी।

द रियल वुमन अवार्ड्स का छठा संस्करण आयोजित

इस कार्यक्रम में मिली मजूमदार, रेजा काबुल, मुकेश जेटली, सोनाली रस्तोगी, डॉ. नैन्सी जुनेजा, संगीता मेहता, शोरमिष्ठा घोष, ललित सहित निर्माण जगत के दिग्गज उपस्थित थे।

## शिकायत के बावजूद दर्ज नहीं हो रही एफआईआर

### दो महिलाओं की पुलिस, महिला आयोग से न्याय की आस

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा सबसे अहम है, खासकर निर्भया कांड के बाद महिला अपराध रोकने और उनकी सुरक्षा के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ी है। दिल्ली पुलिस भी विभिन्न को-आपरेटिव सोसायटी के साथ मिलकर महिला सुरक्षा अभियान चलाती है, लेकिन उसी दिल्ली में ऐसा भी एक मामला सामने आया है जहां महिलाओं की शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हो रही। ताजा मामला द्वारका सेक्टर-7 की मीडिया सोसायटी का है। यहां दो महिलाओं कविता और सुनीता (परिवर्तित नाम) ने पुलिस में लिखित शिकायत की है कि इसी सोसायटी के एक शख्स पर संदेहास्पद गतिविधियों के कारण उन्हें अनहोनी का भय घेरे रहता है, कभी जानलेवा हमले का डर भी होने लगता है। उन्होंने सोसायटी अध्यक्ष, दिल्ली महिला आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और द्वारका सेक्टर-9 पुलिस स्टेशन के एसएचओ से इस मामले की शिकायत की, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**तैयारी** *गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में 16 टीमें लेंगी भाग*

# चार श्रेणियों में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता

**नई दिल्ली, 20 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में कम से कम 16 टीमें शामिल होंगी। हर क्षेत्र से चार- चार टीमें होंगी। भारतीय संगीत और धुनों को लोकप्रिय बनाने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान टीमें संगीत में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता संयुक्त रूप से रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित की जाती है और 21 जनवरी से 22 जनवरी तक नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रतियोगिता चार श्रेणियों (बॉयज ब्रास बैंड, गर्ल्स ब्रास बैंड, बॉयज पाइप बैंड और गर्ल्स पाइप बैंड) में आयोजित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन टीमों को नकद पुरस्कार (पहला-21 हजार रुपए, दूसरा - 16 हजार रुपए, तीसरा 11 हजार रुपए), एक ट्रॉफी और प्रमाणपत्र दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक श्रेणी में शेष टीम को तीन हजार रुपए का सांत्वना नकद पुरस्कार दिया जाएगा। ग्रैंड फिनाले के लिए जूरी की नियुक्ति रक्षा मंत्रालय द्वारा की जाएगी, जिसमें सशस्त्र बलों के प्रत्येक विंग के सदस्य शामिल होंगे। इसमें कहा गया है कि प्रतियोगिता पहले राज्य और फिर क्षेत्रीय स्तर के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित का जा रही है। यह सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सभी स्कूलों के लिए आयोजित की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में 12,857 बच्चों ने 486 टीमों में भागीदारी की। क्षेत्रीय स्तर पर 2,002 बच्चों ने 73 टीमों में प्रतिस्पर्द्धा की। इसमें कहा गया है कि इस पहल का उद्देश्य देश भर के स्कूलों में बच्चों के बीच देशभक्ति और एकता की भावना को फिर से जीवंत करना और उन्हें समग्र शिक्षा के मार्ग पर प्रेरित करना है।



मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 22 जनवरी तक आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता


पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. उपर्युक्त आवेदक ने DOCO से 31–03–2024 तक ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष निम्न याचिकाकर्ता के लिए एक आवेदन किया है, – याचिका–1 : ट्रांसमिशन संपत्तिः 1x500MVA, 400/220kV ICT (3rd) 400/220kV सोहावल (पीजी) सबस्टेशन "सिस्टम सुदृढ़ीकरण के तहत सोहावल (पीजी) में 1x500MVA, 400/220kV ICT ऑग्मेंटेशन (3rd)"
2. उपर्युक्त ट्रांसमिशन प्रणाली की संयुक्त परिसंपत्तियों के लाभार्थी हैः (1) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (2) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (3) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (4) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड (5) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (6) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (7) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (8) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (9) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (10) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (11) चंडीगढ़ बिजली विभाग (12) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (13) उत्तर मध्य रेलवे (14) नई दिल्ली नगर परिषद। (15) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड।

| क्र. सं. | विवरण | याचिका–1 |
|---|---|---|
| 1 | परियोजना की स्वीकृत आनुपातिक पूंजी लागत। (करोड़ रुपये में) | 31.41 |
| 2 | प्राधिकरण जिसने पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है | निदेशक मंडल |
| 3 | वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथि | फरवरी 2023 |
| 4 | वाणिज्यिक परिचालन की तिथि | संपत्ति–1: 08.07.2023 |
| 5 | DOCO पर पूंजीगत लागत (करोड़ों रुपये में) | 19.84 |

3. टैरिफ का विवरणः (रूपये लाखों में)

| याचिका | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| याचिका–1 | - | - | - | - | 474.19 |

4. टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।
5. आवेदन में शामिल टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, तीसरी और चौथी मंजिल, चंद्रलोक भवन, 36, जनपथ, नई दिल्ली –110001 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर दायर की जा सकती हैं। कृपया आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भी एक प्रति भेजें।

स्थान : गुड़गांव — हस्ता/–
दिनांक : 12-01-2024 — वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
केंद्रीय कार्यालयः "सौदामिनी", प्लॉट नंबर–2, सेक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा–122001
www.powergrid.in, CIN : L40101DL1989GOI038121
महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-32/Ad-74/2023-24

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर के पांच मुख्य मंदिरों पर अयोध्या का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाने की व्यवस्था की जा रही है। सिटी जोंन के अंदर दूधेश्वर नाथ मंदिर पर, मोहन नगर जोन के अंतर्गत मोहन नगर मंदिर पर, कवि नगर जोन के अंतर्गत शंभू शिव मंदिर पर, वसुंधरा जोन के अंतर्गत रघुनाथ मंदिर तथा विजयनगर में भी बड़ी एलइडी लगाई जाएगी जिसके लिए नजारत प्रभारी डॉक्टर अनुज को जिम्मेदारी सौंप गई है। **अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त**

## बुलंदशहर से प्रधानमंत्री देंगे हजारों करोड़ की सौगात, सीएम ने परखी तैयारियां

### बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे पीएम मोदी





- 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे बुलंदशहर, जनसभा को भी करेंगे संबोधित
- कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का होगा लोकार्पण

**बुलंदशहर,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बुलंदशहर दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया कि जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था करने के उन्होंने निर्देश दिए और बैठक में उपस्थित मण्डल के अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पूरा कराया जाए। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को आयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद 25 जनवरी को प्रधानमंत्री एक बार फिर उत्तर प्रदेश में होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में बाबूजी कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री यहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, बुलंदशहर सांसद डॉ भोला सिंह, जिला अध्यक्ष विकास चौहान, सदर विधायक प्रदीप चौधरी, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह, गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा,जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह और प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद एव मंडलीय तथा जनपदीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## निगम ने कार्यालयों, मुख्य चौराहों, शाहिद स्थलों को रंग बिरंगी लाइटों से सज़ाया

- नगर आयुक्त ने प्रमुख मार्गों को सजाने के दिए निर्देश
- 22 जनवरी को गाजियाबाद के पांच प्रमुख मंदिरों पर अयोध्या के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण





**गाजियाबाद,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम ने आगामी 22 जनवरी को शहर के पांच प्रमुख मंदिरों में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण करने का इंतज़ाम किया है। इसके अलावा नगर निगम ने शहर के कई मुख्य चौराहों, शाहिद स्थलों, निगम के कार्यालयों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया है। चौधरी मोड़ से विजयनगर जाते हुए आरओबी फ्लाईओवर पर तिरंगे की लाइट लगाई गई। जो सभी का मन मोह हो रही है अन्य मुख्य मार्गो को सजाने के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। 22 जनवरी तथा 26 जनवरी महत्वपूर्ण के अवसर पर जवाहर गेट घंटाघर, शहीद चंद्रशेखर मूर्ति स्थल, डसना गेट, दिल्ली गेट, बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी, डॉ श्याम मुखर्जी पार्क, नगर निगम मुख्यालय, समस्त जोनल कार्यालयों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर के पांच मुख्य मंदिरों पर अयोध्या का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाने की व्यवस्था की जा रही है। सिटी जोंन के अंदर दूधेश्वर नाथ मंदिर पर, मोहन नगर जोन के अंतर्गत मोहन नगर मंदिर पर, कवि नगर जोन के अंतर्गत शंभू शिव मंदिर पर, वसुंधरा जोन के अंतर्गत रघुनाथ मंदिर तथा विजयनगर में भी बड़ी एलइडी लगाई जाएगी जिसके लिए नजारत प्रभारी डॉक्टर अनुज को जिम्मेदारी सौंप गई है। गाजियाबाद नगर निगम बढ़-चढ़कर भूमिका निभा रहा है। साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, प्रतिदिन धार्मिक स्थलों तथा शाहिद स्थलों की सफाई, प्रमुख चौराहों की सजावट, प्रमुख स्थलों की सजावट व अन्य कार्य निगम अधिकारी कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### एनईए चुनाव में विजेता पैनल को दिए गए सर्टिफिकेट



**नोएडा।** नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को विपिन कुमार मल्हन एवं वीके सेठ पैनल के निर्विरोध चुने जाने पर विजयी उम्मीदवारों को चुनाव अधिकारी योगेश आनन्द, राकेश कत्याल, अनिल अग्रवाल एवं झुमा विश्वास नाग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि इस बार चुनाव में प्रत्याशियों के लिए फीस लगभग 80 प्रतिशत तक कम कर दी गई थी। लेकिन फिर भी कोई अन्य पैनल मैदान में नहीं आया। ये उद्यमियों की एकता एवं हमारे पैनल के प्रति उद्यमियों के विश्वास का प्रमाण है जिसे हम दिल से स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे पैनल की निर्विरोध जीत से अब हमारी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। हम उद्योगों की बेहतरी के लिए शासन व प्रशासन के सहयोग से काम करते रहेगें। मल्हन ने कहा कि हम पूर्व की भांति अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते रहेगें।

### मानसिक तनाव के चलते युवक ने लगाई फांसी

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-31 स्थित निठारी गांव में 41 वर्षीय व्यक्ति ने शुक्रवार रात मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ला ने बताया कि मृतक का नाम रघुनाथ है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है।

### कैफे में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख

**नोएडा।** असामाजिक तत्वों ने सेक्टर-118 स्थित एक कैफे में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे लाखों रुपये का फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक का सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गया। कैफे संचालक की शिकायत पर सेक्टर-113 पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 50 निवासी गौरव चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर 118 में कैफे चलाते हैं। बीते 11 जनवरी की रात दस बजे के करीब गौरव कैफे बंद कर अपने घर चले गए। तड़के करीब साढ़े चारा बजे शिकायतकर्ता के पास फोन आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके कैफे में आग लगा दी है। वह जब मौके पर पहुंचे तो कैफे आग की लपटों में घिरा हुआ था। उसने इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। तरह आग पर काबू पाया। आग की इस घटना में कैफे में रखी 80 कुर्सी, 22 टेबल, दो डीप फ्रीजर, एक फ्रिज, दो स्क्रीन मॉनिटर, 8 कैमरे, दो अलमारी, चार काउंटर व अन्य सामान जलकर राख हो गए थे। गौरव चौधरी के मुताबिक मौके पर पेट्रोल की महक आ रही थी। उन्होंने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके कैफे में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम ने की कार्रवाई

### धार्मिक अनुष्ठान में न करें प्लास्टिक का उपयोग : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम का प्रतिबन्धित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान लगातार चल रहा है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने 22 तारीख या अन्य मुख्य दिवसों पर आयोजित होने वाले अनुष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि शहर को पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त करना है। प्लास्टिक के विरुद्ध लगातार कार्रवाई चल रही है जिसके क्रम में मोहन नगर जोन वार्ड संख्या 60 में तथा अन्य क्षेत्रों में भी जन जागरूकता अभियान चलाते हुए शहर वासियों को पॉलिथीन तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए अपील की गई है। जन जागरूकता करते हुए प्लास्टिक का दानव भी बनाया। पार्षद सचिन डागर प्लास्टिक दानव के साथ मार्केट एरिया में पहुंचे तथा आसपास के क्षेत्र वासियों को समझाया भी गया। इसी प्रकार विजयनगर जोन के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे दुकानदारों से लगभग 6 किलो प्लास्टिक जप्त कर 20000 जुर्माना वसूला गया।

## पेटीएम पेमेंट बैंक से 1.15 करोड़ का ठगी

### 136 लोगों ने पेटीएम वॉलेट को यूपीआई से जोड़कर किया फ्राड, साइबर सेल कर रहा जांच

**नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। साइबर अपराधियों ने पेटीएम पेमेंट बैंक से धोखाधड़ी करके कंपनी को एक करोड़ 15 लाख 76 हजार 651 रुपए का फ्रॉड किया गया। जालसाजों ने पेटीएम के वॉलेट में छेड़छाड़ करके ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसको लेकर कंपनी के अधिकृत अधिकारी ने सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में 136 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**136 आरोपियों ने किया फ्रॉड**

पुलिस को दी गई शिकायत में आशुतोष बिश्नोई ने बताया कि वह सेक्टर 125 स्थित पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड कंपनी के अधिकृत अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी अपनी वेबसाइट और ऐप के जरिए पूरे देश में लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा देती है। उन्होंने बताया कि कंपनी के साथ 136 अज्ञात लोगों ने पूरी तरह से षड्यंत्र रच करके कंपनी के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की है। अधिकारी के मुताबिक आरोपियों ने पेटीएम वॉलेट को यूपीआई के जरिए जोड़ लिया। इसके बाद आरोपियों ने अमेजॉन पर सामान का ऑर्डर किया इस दौरान आरोपियों ने सामान का पेमेंट पेटीएम वॉलेट से जुड़ी यूपीआई के जरिए किया। सामान का ऑर्डर हो जाने के कुछ समय बाद आरोपियों ने अपने ऑर्डर को कैंसिल कर दिया। इसके बाद उसका रिफंड सीधा अमेजॉन से अपने अलग-अलग खाते में ट्रांसफर कर लिया। इसके साथ ही आरोपियों ने धोखाधड़ी करने कंपनी से भी रुपये रिफंड करा लिए हैं। आरोपियों ने कंपनी से 28 दिसम्बर से 4 जनवरी के बीच धोखाधड़ी करके रुपए की निकासी की है। इसकी जब कंपनी को जानकारी हुई तो कंपनी की तरफ से इसकी जांच की गई।

## डॉ. बीपी त्यागी ने इस्कॉन की लाइफ मेम्बरशिप छोड़ी, अब कभी नहीं जाएंगे इस्कॉन मंदिर

**गाजियाबाद,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन व राष्ट्रवादी जनसत्तादक के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बीपी त्यागी ने इस्कॉन की लाइफ मेम्बरशिप छोड़ दी है। उन्होंने एक बयान में उन्होंने कहा है कि वे अब के कभी भी इस्कॉन मंदिर नहीं जाएंगे।



उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी की सीनियर लीडर मैनका गांधी ने जो गाय काटने का आरोप इस्कॉन पर लगाया था उसका मामला अभी सुलझा नहीं है। लेकिन इस्कॉन भाजपा के एक नेता से ही अपने मंदिर को साफ़ करा कर क्या संदेश देता है।

स्थायी मेम्बर को जो सुविधा मिलनी चाहिए मुझे आज तक नहीं मिली है। जबकि मैं पिछले 20 साल से इस्कॉन को अपनी फ्री चिकित्सा सेवा दे रहा हूँ । वृंदावन में हर महीने फ्री कैम्प करता हूं। इस्कॉन के साथ अगर ऐसे लोग जुड़ेगे जो उसको गाय काटने वाला भी बताएंगे और अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए मंदिर की सफ़ाई भी करेंगे तो मैं अपने सभी मिलने वालो को इस्कॉन से दूर रहने की सलाह दूंगा।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

### जेपी अमन सोसाइटी में स्थापित होंगे राम दरबार, इस्कॉन में मनाया जाएगा दीपोत्सव

**नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नोएडा की सोसाइटी में भी हर्ष का माहौल है। नोएडा के सेक्टर-151 जेपी अमन सोसाइटी के मंदिर में राम दरबार की स्थापना की जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है। शनिवार को यहां गणेश पूजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक वेशभूषा में गाजे बाजे के साा कलश यात्रा निकाली। सिर में पर कलश लेकर चल रही महिलाओं ने जय श्री राम के जयाकरें लगाए। इसके बाद जलाधिवाश किया गया। यहां मंगल आरती की जाएगी। इसके बाद 21 जनवरी को नित्य पूजा अर्चना के बाद अन्नाधिवाश फल द्रव्याधिवाश सायं शय्याधिवाश रात्रि जागरण और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सोसाइटी के सैकड़ों



निवासियों के अलावा बाहर से आए आगंतुक भी मौजूद रहेंगे। वहीं 22 जनवरी को मंदिर में नित्यपूजा के बाद विधि विधान से उसी समय रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिस समय अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होगी। यहां पूजा अर्चना विधि विधान के साथ भवान राम सीता लक्ष्मण और हनुमान को बेदी पर प्रतिष्ठित किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा के अन्य मंदिरों में भी रंगरोगन और साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। यहां मंदिरों को झालरों से सजाया गया गया है। मंदिरों में भव्य भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों की बैठने और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**इस्कॉन मंदिर में मनाया जाएगा दीपोत्सव**

अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को इस्कॉन नोएडा मंदिर में विशेष उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूरे मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा व भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री राम नाम का संकीर्तन व सायंकाल में पूरे मंदिर में 5000 दिए जलाए जाएंगे। इस अवसर पर पूरे दिनभर इस्कॉन की फूड फॉर लाइफ योजना के अंतर्गत प्रसादम वितरित किया जाएगा।

## वर्चस्व और दबदबे के लिए हुई सूरजमान की हत्या



**नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। दो गैंगस्टरों के बीच वर्चस्व और बदले की आग का शिकार सूरजमान हुआ। गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-104 में पांच गोली मारी मारकर सूरजमान की हत्या कर दी गई। वह जिम करके घर वापस जाने के लिए कार में बैठा था। सूरजमान एयरइंडिया में क्रू मैंबर था। सूरजमान दिल्ली के कुख्यात गैंगलीडर प्रवेश मान उर्फ सागर मान का छोटा भाई था। प्रवेश मान का प्रतिद्वंदी कपिल मान है। ये दोनों आउटर दिल्ली नरेला के है। कपिल मान ने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपने भाई धीरज और शूटरों की मदद से सूरजमान की हत्या कराई। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि इस मामले में कपिल मान के भाई धीरज और मन्नू मान को दिल्ली से गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद इस पूरे मामले की जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी तक पांचों शूटर फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इन दोनों के पास से एक पिस्टल 32 बोर, तमंचा और महिंद्रा थार बरामद की गई है। दरअसल सूरजमान ने कई बार कपिल का उपहास उड़ाया। वहीं सूरज अपने भाई प्रवेश की आर्थिक मदद भी करता था। धीरज को डर था कही सूरज पैसों की बदौलत उसके भाई कपिल को सजा न दिलवा दे। इसलिए उसे रास्ते से हटा दिया गया।

**100 गज का प्लाट,15 साल की रंजिश दो गैंगस्टर की खूनी कहानी इसे समझे**

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से धीरज, शक्तिमान और संजीत के अलावा कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच में पता चला कि ये हत्या वर्चस्व के लिए की गई। जिसमें दिल्ली के दो बड़े गैंग का हाथ है। इसमें पहला गैंग प्रवेश मान और दूसरा कपिल मान है। दोनों ही दिल्ली के नरेला के खेड़ा खुर्द गांव के है। करीब 15 साल पहले इस गांव में 100 गज जमीन को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। इसी विवाद में ही दोनों ने एक दूसरे के परिवार वालों को मौत के घाट उतारा। जबकि दोनों के मकानों के बीच महज 100 मीटर की दूरी थी।

**ऐसे समझे गैंगवार का सीन, बदले के लिए कई ने गवाई जान**

कपिल मान गैंग ने प्रवेश मान के चचेरे भाई अनिल मान की हत्या 2019 में कराई। प्रवेश मान के चाचा विरेंद्र मान की हत्या 2019 में की गई। यही नहीं प्रवेश मान के साथी मनीष मान के ऊपर जानलेवा हमला किया गया जिसमें उसे 20 गोलियां लगी लेकिन वो बच गया। इससे पहले 2017 में कपिल के चाचा सूर्य प्रकाश उर्फ बबलू की हत्या 2017 में की गई। वहीं प्रवेश मान पक्ष ने 2022 में कपिल के पिता ब्रह्मपाल की हत्या की। इसी का बदला लेने के लिए कपिल मान ने अपने भाई धीरज से सूरजमान की हत्या कराई।

**पेशी के दौरान बनाया गया प्लान, हत्या की और भी बताई वजह**

प्रवेश और कपिल दोनों पर मकोका अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों ही दिल्ली के मंडावली जेल में बंद है। पेशी के लिए कपिल कोर्ट आया उसी दौरान धीरज से उसकी मुलाकात हुई। यहीं पर कपिल ने धीरज को सूरजमान की हत्या करने का प्लान बताया। इसके बाद से सूरजमान पर नजर रखी जाने लगी। रेकी की गई और मौके मिलते ही कपिल के पांच शूटरों ने सूरजमान की हत्या कर दी।

**गैंगवार की वजह से सूरज ने छोड़ी थी दिल्ली**

सूरज अपने भाई प्रवेश और कपिल के बीच चल रही गैंगवार से परेशान था। इसलिए उसने दिल्ली का घर छोड़ा और नोएडा में रहने लगा। लेकिन उसे नहीं पता था कि परिवारिक रंजिश इस कदर हावी होगी कि उसे इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी। उसकी चार साल की बच्ची है। फिलहाल पुलिस शूटरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

**कपिल को ट्रांजिट रिमांड पर लाया जाएगा**

इस मामले में पूछताछ और शूटरों की जानकारी के लिए कपिल को मंडलावी जेल से रिमांड पर लिया जाएगा। इसके लिए कागजी काम किया जा रहा है। डीसीपी ने बताया कि हत्या में 32 बोर और .9 एमएम पिस्टल का प्रयोग किया गया। आमतौर पर शूटर इसका प्रयोग करते है। ये भी देखा जाएगा के ये लोग कहा से इस तरह के हथियार लेकर आते है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में जुटा प्राधिकरण

### सेक्टरवासियों को आरआरआर कांसेप्ट से कराया वाकिफ, निवासियों ने दिए सुझाव

**नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की तैयारी नोएडा प्राधिकरण ने अभी से शुरू कर दी है। इसके लिए जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को ये अभियान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की अध्यक्षता में शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा के सेक्टर-30,33, 34, 52, 61,72, 93बी, 105, 108, 112, 116,117,122 के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, फोनरवा के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी और डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, विजय रावल मौजूद रहे।

**स्वच्छता सर्वेक्षण के मानदंडों से कराया गया अवगत**

इस मौके पर निवासियों को बताया कि घर व संस्थान से कूड़े को 5 भागों में सैग्रिगेट करने एवं कूड़ा एकत्रित करने वाली एजेंसी को अलग-अलग डिब्बो में देने के लिए समझाया गया। जिसमें कूड़े को पांच भागों यानी गीला कूड़ा, सूख कूड़ा, ई वेस्ट, हैजारडस वेस्ट, सैनिटेशन वेस्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस कूड़े को फेकने के लिए डोर टू डोर कलेक्शन करने वाली गाड़ी में पांच हिस्से बनाए गए है।



निवासियों को बताया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में वेस्ट टू वेल्थ के अनुरुप कार्य किया गया। इस बार आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) कांसेप्ट के जरिए सूखे व गीले कूड़े का निस्तारण करने का थीम अपनाई गई है। निवासियों को बताया गया कि बल्क वेस्ट जनरेटर्स (100 किग्रा प्रति उत्पादन करने वाले) को अपना वेस्ट कैंपस के अंदर ही एमएसडब्ल्यू 2016 नार्मस के अनुसार प्रोसेसिंग करने के लिए बताया गया। सभी सेक्टर वासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिसमें बताया गया कि वे अपने सेक्टर की समस्त दुकानों, वेंडरों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने एवं उसके स्थान पर बायोडिग्रेडेबल थैले का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। सभी सेक्टरा वासियों को अपने सेक्टर में खुले में कूड़ा न डालने व समस्त जीवीपी को साफ रखने के लिए टीम बनाकर विशेष अभियान चलाने का सुझाव दिया गया।

**आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण को दिया सुझाव**

इस मौके पर आरडब्ल्यूए ने डोट टू डोर गार्बेज कलेक्शन वाहनों का संचालन सुबह व शाम की शिफ्ट करने का सुझाव दिया। जिसमें नोएडा प्राधिकरण द्वारा व्यावसायिक क्षेत्रों में दो शिफ्टों में डोट टू डोर गार्बेज कलेक्शन का आश्वासन दिया गया। आरडब्ल्यूए ने सीएसआर फंड के जरिए वेस्ट कंपोस्टिंग मशीन लगाने का अनुरोध किया गया।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जीवन का अविस्मरणीय क्षण

नोएडा, 20 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने डंके की चोट पर कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने बताया कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से दो दिन पहले ही नोएडा शहर की धरती राममय हो चुकी है। यहां शनिवार से ही शहर के चौक, बाजार के खंभों पर लगे लाउडस्पीकरों से सियाराम जय राम जय जय राम की धुन गूंज रही है। साथ ही श्रीराम नाम का ध्वज घर-घर लहरा रहा है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर नोएडा में पूजित अक्षत का वितरण तकरीबन घर-घर में किया गया है और सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में बिक रहे राम नाम के ध्वज से शहर के चौक चौराहे सज गए हैं। प्रतिनिधिमंडल के चेयरमैन राम अवतार सिंह ने कहा कि नोएडा शहर में एक सप्ताह से राम नाम के स्टीकर, पटका और भगवा झंडा की डिमांड बहुत बढ़ गई है। जिले में सार्वजनिक स्थानों के साथ लोगों के वाहनों पर भी ध्वज लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों में हवन - कीर्तन व राम भक्तों ने घरों में भजन-कीर्तन के साथ हवन पूजन की तैयारी की है। दिनांक 21 जनवरी को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा निकाली जा रही जनजागरण यात्रा का हरौला सेक्टर 5 में भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही 22 जनवरी सोमवार को प्रतिनिधिमंडल के सौजन्य से हरौला सेक्टर 5 नोएडा में विशाल भंडारा और जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा हरौला स्थित नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन द्वारा सुंदर कांड का पाठ शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे संपन्न होगा।

उवाच “

कन्वेंशन में अनुसंधान को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए अनुसंधान योग्यता और रुचि वाली युवा प्रतिभाओं की पहचान करना। पूरे देश में अनुसंधान में प्रतिभा को बढ़ावा देना। देश में उच्च शिक्षा के कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित प्रमुख संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण और शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा का पोषण करना है।

**डॉ मोहित साहनी, विश्वविद्यालय एसोसिएट डीन रिसर्च**

# कैपिटल ज़ोन

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 112 शिकायतें हुई दर्ज



■ दस का हुआ निराकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें कुल 112 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से 10 शिकायतों का निराकरण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कुल 41 शिकायतें विभिन्न विभागों से दर्ज की गई, जिसमें से 6 शिकायतों का निराकरण मौके पर किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए, ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इसी के साथ जिलाधिकारी ईवीएम प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जन सामान्य प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर अपने वोट की पुष्टि कर सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एसीपी प्रवीण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में कुल 69 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिसमें 4 शिकायतों का निराकरण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार ने लोगों की समस्याओं को सुना।

## अपरहण व पॉक्सो एक्ट में आरोपी को कोर्ट ने सुनाई चार साल की सजा

**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। बादल थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट और अपरण के मामले में एक आरोपी को न्यायालय ने चार साल कारावास की सजा और पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस महानिदेशक चलाये जा रहे अभियान तहत पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में थाना बादलपुर पुलिस व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणाम आरोपी को सजा हुई। थाना बादलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 522/2021 धारा 363, 366क, 368, 370क भादवि व 3/4 एवं 16/17 पॉक्सों एक्ट में न्यायालय द्वारा अभियुक्त सुनील पुत्र लहरी निवासी गूंगाहेडी थाना लाखन माजरा जिला रोहतक को 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। थाना सेक्टर 58 पुलिस व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा थाना सेक्टर 58 पर पंजीकृत मु0अ0स0 262/94 धारा 380,411 भादवि में अभियुक्त रगवीर उर्फ रविन्द्र पुत्र सोवरन निवासी जरारी थाना जहानगंज जिला फर्रूखाबाद को धारा 380 भादवि के अंतर्गत जेल में बितायी गई अवधि व 500 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जुर्माना अदा न करने पर 05 दिवस का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## अस्सी वर्षीय विधवा बुजुर्ग महिला को डरा धमकाकर पुलिस ने ऐंठे 60 हजार रुपए



■ एसीपी ने महिला के आरोपों की जांच कराने का दिया आश्वासन

**दनकौर,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सक्का गांव की रहने वाली 80 वर्षीय विधवा बुजुर्ग महिला ने दनकौर कोतवाली के दरोगा और एक सिपाही पर 60 हजार रुपए लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला राजवती देवी का कहना है कि कुछ वर्ष पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। पुलिस ने उसके एकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखा कर पुलिस ने रुपए ले लिए हैं। महिला का कहना है कि परिवार के ही एक व्यक्ति के डर से उसने अपने बेटे को जहांगीरपुर गांव के नजदीक एक गांव में विगत 15 वर्षों से रिश्तेदार के पास रखा हुआ है। उसका बेटा गांव में रहेगा तो जान का खतरा है।

आरोप है कि किसी व्यक्ति के कहने पर पुलिस बार-बार बुजुर्ग महिला पर दबाव बनाती है कि बेटे को गांव में ही रखो। बुजुर्ग महिला उसकी जान का खतरा बताती है तो पुलिस इकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखाती है। आरोप है कि इसी तरह डरा धमकाकर बुजुर्ग महिला से दो बार में 60 हजार रुपए एक दरोगा और सिपाही ले चुका है। इसके बावजूद भी शुक्रवार की शाम पुलिस बुजुर्ग महिला के बेटे युद्धवीर को जबरन हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। करीब चार घंटे तक युवक को पुलिस ने हिरासत में रखा। बाद में गांव के काफी लोग और रिश्तेदार कोतवाली पहुंचे। लोगों ने युवक को हिरासत में लेने का विरोध किया। काफी देर तक चले ड्रामे के बाद शुक्रवार की रात युवक को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि युवक के स्वजन द्वारा आईजीआरएस द्वारा शिकायत की गई थी कि रिश्तेदारों द्वारा युवक को किडनैप कर रखा हुआ है।

इसी की जांच के लिए पुलिस युद्धवीर को लेकर कोतवाली आई थी। एसीपी तृतीय सार्थक सेंगर का कहना है कि बुजुर्ग महिला द्वारा लगाये गए आरोपों के बारे जांच की जायेगी। यदि कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिम्स में वीर रस व भक्ति रस के साथ कवियों ने किया मुग्ध

**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स), ग्रेटर नोएडा में वीर रस एवं भक्ति रस से ओत-प्रोत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा, ग्रेटर नोएडा के कवियों द्वारा संस्थान में देश भक्ति और राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा पर काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ निदेशक डा. ब्रिगे. राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सौरभ श्रीवास्तव एवं कवि डा. कुमार आदित्य ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. ब्रिगे. राकेश गुप्ता ने श्रोताओं को आजादी के यज्ञ में अपने प्राणों की आहूति देने वाले बलिदानी वीरों के बारे में बताया।



मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने लोगों को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आने वाले संघर्षों का धर्मपरायण रहकर सामना करने की सलाह दी। बीच-बीच में कवि डॉ. कुमार आदित्य एवं उनके कवियों ने श्रोताओं को हास्य रास का पान भी कराया। इस अवसर पर डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. बृज मोहन, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. अजय कुमार गर्ग, डॉ. नीतू भदौरिया, ललित कुमार सिंह एवं अरविन्द यादव आदि सहित सैंकड़ों नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्र उपस्थित रहे।

## एआईयू के सहयोग से अन्वेषण नॉर्थ जोनल स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के सहयोग से अन्वेषण नॉर्थ जोनल स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इसमें नॉर्थ जोन की करीब 50 विश्वविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने 6 विभिन्न क्षेत्रों में कैसे आगे बढ़ा जाए उसपर अपने विचार रखे। जीतने वाली 18 टीमें नेशनल के लिए सलेक्ट होंगी। वहीं विश्वविद्यालय के आईहब और इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के बैनर तले उत्पाद विकास सेल (आईपीडीसी) में नवाचार का समर्थन पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने मेरा स्टार्टअप आइडिया पर आयोजित किया गया, 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ मोहित साहनी ने बताया कि कन्वेंशन में अनुसंधान को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए अनुसंधान योग्यता और रुचि वाली युवा प्रतिभाओं की पहचान करना। पूरे देश में अनुसंधान में प्रतिभा को बढ़ावा देना। देश में उच्च शिक्षा के कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित प्रमुख संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण और शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा का पोषण करना है। युवा शोधकर्ताओं की शिक्षा और प्रशिक्षण के समर्थन के लिए विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से वित्तीय और भौतिक संसाधनों को बढ़ाना और संभावित छात्रों के अनुसंधान कौशल को बढ़ाने के लिए उचित प्रोत्साहन प्रदान करना। विश्वविद्यालयों और संस्थानों में एक गहन अनुसंधान संस्कृति शुरू करना।

## राष्ट्र चिन्तना गोष्ठी में रामलला प्राण प्रतिष्ठा संकल्प पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्र चिंतना की ग्यारहवीं मासिक गोष्ठी आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सनातन संकल्प विषय पर आयोजित हुई। विषय परिचय करवाते हुए एमिटी इंस्टीट्यूट आद्वक्त टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर विवेक कुमार ने कहा कि 500 से अधिक वर्षों के लंबे संघर्ष के पश्चात श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सनातन संकल्प 22 जनवरी को पूरा होने वाला है। यह पूरे विश्व के सनातनियों के लिए गौरव और हर्ष का दिव्य और भव्य उत्सव है। मुख्य वक्ता गोस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि वे कई देशों में रामलीला का मंचन कर चुके हैं, वो सभी श्रीराम को अपनी संस्कृति का हिस्सा मानते हैं। श्रीराम के भव्य मंदिर का शुभारंभ हर भारतीय के लिए ऐतिहासिक क्षण है। दिल्ली विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ. अजीत कुमार पुरी ने कहा कि राम मंदिर के संकल्प पूर्ण होने के पश्चात सनातन धर्म की शासन में संवैधानिक प्रतिष्ठा हो जाए तो हिंदुओं को अपने आराध्य के जन्मस्थानों के लिए कोर्ट कचहरी में मुकदमे नहीं लड़ने पड़ेंगे। जो स्वाभाविक रूप से सनातनियों की है, उसके लिए संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत, पूर्व कुलपति कुमाऊं और गढ़वाल विश्वविद्यालय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का सनातन विरोध और राम विरोध जगजाहिर है। इन्होंने श्रीराम के अस्तित्व के विरोध में न्यायालय में शपथपत्र तक दिया था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का भी विरोध किया था। गोष्ठी के अंत में सभी प्रबुद्धजनों ने तय किया कि 22 जनवरी को सभी भारतीयों का कर्तव्य है कि श्री राम के चित्र/मूर्ति के सामने दिए जलाएं, घरों में रंगोली बनाएं, रोशनी करें, मिष्ठान वितरित कर अपने प्रभु श्री राम का स्वागत करें। गोष्ठी में राजेन्द्र सोनी, डॉ. के.के. पालीवाल, डॉ. बी. के. श्रीवास्तव, डॉ. उमेश, अशोक राघव, सरोज तोमर, मंजू, विजय भाटी, अरविंद साहू, विवेक द्विवेदी, नमित भाटी, आर. पी. सिंह, संजीव शर्मा, निधी माहेश्वरी, मीनाक्षी, मुकेश, हरमोहन, राशी, जूली, नीलम, वंदना, राजीव रंजन आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## प्रोफेसर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रबूपुरा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अनुसार मूलरूप से मधुबनी विहार निवासी रविन्द्र प्रताप गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत रहकर पीएचडी की पढ़ाई कर रहे थे। जोकि यमुना गौरसिटी में किराए पर रहते थे। बताया जाता है उनका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है मामला मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या का प्रतीत होता है। मृतक के परिजनों को सूचित कर सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

## रंग-बिरंगी लाइटों से सजा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का कार्यालय





**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या के राम मंदिन में राम विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर प्रदेश सरकार के आदेश पर सरकारी कार्यालयों का रंग बिरंगी लाइटों से सजावट किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ कार्यालय को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र लोग हुए लाभान्वित



**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा चाचली एवं थोरा गांव में पहुंची, इस दौरान लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई, और पात्र लोगों को लाभ दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल ने बताया कि कि दो महीने में प्रदेश के 21000 ग्राम पंचायत और 9541 शहरी स्थान को अभी तक कर कर लिया गया है, इसका असर सबसे ज्यादा गांव में देखने को मिला है। एक लाख से अधिक ग्राम पंचायत तो ने आयुष्मान कार्डों के लिए शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल की है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के साथ सशक्त हुए हैं। हर घर जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पानी अब तक 79000 से अधिक ग्राम पंचायत तक पहुंच रहा है, जबकि 138000 से अधिक ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड डिजिटल करंट से पारदर्शिता और सुरक्षा की सुविधा मिली है। इसके अलावा 17,000 से अधिक ग्राम पंचायत ने ओडीएफ प्लस अनुपालन हासिल कर लिया है जो स्वच्छ जीवन का प्रमाण है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मनोज प्रधान, ठाकुर धर्मेंद्र भाटी, संजय रावत, आलोक रंजन, संजय श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता एवं गांव वासी मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

## फेडरेशन ऑफआरडब्ल्यूएज की वार्षिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,**20 जनवरी(देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज ग्रेटर नोएडा की आम सभा की वार्षिक बैठक का आयोजन यथार्थ सभागार में आयोजित कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार पवार और संचालन महासचिव दीपक कुमार भाटी ने किया। बैठक में शहर की 50 से ज्यादा आरडब्ल्यूऐज ने हिस्सा लिया और ग्रेटर नोएडा शहर के विकास के संबंध में चर्चा की। सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष मनीष बीडीसी ने एक वर्ष की आय तथा व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया। अमित भाटी ने शहर में खुले नाले की समस्या पर चर्चा की। अमित प्रभात नागर ने ग्रेटर प्राधिकरण में फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज का कार्यालय खोलने की बात कही। कृष्ण कांत ने ग्रेटर नोएडा शहर की आंतरिक परिवहन व्यवस्था का विषय उठाया गया कि अंतराष्ट्रीय शहर में कोई प्राधिकरण के नियंत्रण वाली परिवहन व्यवस्था नहीं है। राजीव सक्सेना द्वारा फेडरेशन की बैठक प्राधिकरण के साथ करने की मांग की गई। शेर सिंह भाटी ने शहर की हरियाली का विषय उठाया कि हमसे घनी ज्यादा आबादी के शहर नोएडा में ग्रेटर नोएडा से ज्यादा बेहतर पार्क और ग्रीन बेल्ट है ग्रेटर नोएडा का उधान विभाग सही से कार्य नहीं कर रहा है।

## नई शिक्षा नीति व शिक्षा सुधार, पाठ्यक्रम अनुसंधान, पुनर्विचार पर सेमिनार आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,**20 जनवरी (देशबन्धु)। केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल एण्ड हायर एजुकेशन ने दो दिन का आईसीएसएसआर प्रायोजित नेशनल सेमिनार आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता तीन वक्ताओं डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी, प्रोफेसर, जीजीएसआईपीयू, राजीव कुमार, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल एण्ड चीफ प्रॉड्यूसर्स न्यूज एण्ड करंट अफेर्स, दूरदर्शन और डॉक रवींद्र कौर, प्रोफेसर, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने की। नेशनल सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसके बाद प्रॉफ डॉक भावना अग्रवाल, डायरेक्टर, केसीसी आईएलएचई ने सभी का स्वागत किया। सभी को सेमिनार का थीम 'नई शिक्षा नीति और शिक्षा सुधार पाठ्यक्रम, अनुसंधान और वैश्विक जुड़ाव पर पुनर्विचार' से परिचित कराया गया जिससे की सेमिनार का उद्देश्य सभी को स्पष्ट हो। डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी शिक्षा का महत्व समझाते हुए नई शिक्षा नीति को अपना सहियोग दिया और आने वाले समय में शिक्षा को अलग नजरिये से देखने के लिये सभी को प्रोत्साहित किया।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0-01, नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-डाबरा की प्रस्तावित आबादी में भूखण्ड संख्या-163, क्षेत्रफल-120 वर्ग मीटर, के आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री बुद्धराम, निवासी-ग्राम-डाबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री बुद्धराम की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसों श्रीमति पार्वती, श्रीमति मनीषा, श्रीमति राखी, श्रीमति ज्योति व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना0बा0 सरंक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रीगण / पुत्रगण स्व0 श्री फिरेराम निवासी-ग्राम-डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर में से श्रीमति पार्वती व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना0बा0 सरंक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रगण स्व0 श्री फिरेराम निवासी-ग्राम-डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में श्रीमति पार्वती व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना0बा0 सरंक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रगण स्व0 श्री फिरेराम निवासी-ग्राम-डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर का नाम आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## राम मंदिर स्थापना के तहत एनआईटी में सात दिन चलने वाले उत्सव का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा में राम मंदिर स्थापना के लिए आगामी राष्ट्रव्यापी उत्सव की प्रत्याशा में सात दिवसीय उत्सव का आयोजन किया। आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को रामायण से नेतृत्व उत्कृष्टता पाठ तैयार करना नामक कार्यशाला को समर्पित किया गया था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एम. कापसे ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम नेतृत्व के सच्चे प्रतीक थे और रामायण सदियों से अपने शाश्वत ज्ञान और शिक्षाओं के लिए पूजनीय रही है। इस संबंध में रामायण हमें नेतृत्व के बारे में कई महत्वपूर्ण सबक सिखाता है, जिन्हें व्यापार जगत में लागू किया जा सकता है। इन बिंदुओं में स्पष्ट दृष्टिकोण रखने और उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करने से लेकर नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और अपने मूल्यों के प्रति सच्चे रहने तक शामिल हैं। संस्थान के एम.डी. डॉ. ओपी अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने श्री राम के चरित्र से उन्होंने 7 बातें सीखी हैं। धर्म का पालन, समानता और न्याय, नेतृत्व, प्रतिकूल परिस्थितियों में लचीलापन, माता-पिता का सम्मान, आत्म-नियंत्रण और वैराग्य, विनम्रता और उन्होंने अपने अनुभव से पाया है कि ये गुण हर इंसान में बहुत वांछित हैं, चाहे वह परिवार हो या नौकरी। ईवीपी डॉ. रमन बत्रा ने कहा कि आधुनिक सीईओ मजबूत टीम बनाने के लिए एस. राम से नेतृत्व का पाठ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि राम ने ईमानदार, पारदर्शी और भरोसेमंद बनकर अपनी टीम में विश्वास कायम किया। उन्होंने अपने वादे निभाए और अपनी टीम के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों की भलाई के लिए भी चिंता की, जिससे उनके बीच विश्वास और वफादारी बनाने में मदद मिली। किसी भी संगठन के सीईओ से यही अपेक्षा की जाती है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड सं0-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-04 ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0


सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की G01 आवासीय भूखण्ड योजना में जिसमें Sh. Ramji Lal के पक्ष में आंवटन संख्या G0119036, भवन संख्या-सी-8, क्षेत्रफल-350 वर्गमीटर सैक्टर-गामा-01 ग्रेटर नौएडा अंतिरत/पंजीकृत है। Sh. Ramji Lal की दिनांक 15.12.2015 को मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी Smt. Nirmala Kumari Varshney W/o Late Sh. Ramji Lal ने कार्यालय जिलाधिकारी अलीगढ के यहॉ से जारी वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त/भवन को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Sh. Ramji Lal के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Nirmala Kumari Varshney W/o Late Sh. Ramji Lal के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेषकार्याधिकारी, सम्प0
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

# साहित्य

कहानी



# लिफ्ट

■ महीप सिंह

वह बस से रेसकोर्स के पास उतरा। तपी हुई जमीन पर पैर रखते ही उसे अनुभव हुआ जैसे आग उसकी चप्पलों को भेदकर ऊपर चढ़ आएगी। अपने सूखे गले से थूक निगलते हुए सामने देखा। एक सड़क बाईं ओर गई थी, जिस पर से अभी उसकी बस आगे चली गई थी। सड़क पर मोटे टायरों के निशान उभर आए थे, मानो नंगी पीठ पर कोड़ों के निशान पड़े हों। दाहिनी ओर चहारदीवारी के ऊपर रेसकोर्स का बोर्ड लगा हुआ था।

तेज लू के कई थपेड़े उसे लगे। सड़कें तप रही थीं। हवा तपी हुई थी और उससे अधिक उसका शरीर तप रहा था, तपा हुआ था।

पैरों को घसीटता वह एक पेड़ के नीचे आ खड़ा हुआ। जेब से एक कागज निकालकर उसने पता देखा–

'जे ब्लाक, जार बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली–3।'

सामने की सड़क से थोड़ा आगे दो सड़कें दाएं–बाएं गई थीं। वह आगे बढ़ा। बाईं ओर पेड़ के नीचे एक सायकिल वाला एक पहिए में हवा भर रहा था। एक सायकिल की ट्यूब पंचर लगाने के लिए खुली पड़ी थी और उसके पास ही गंदे पानी की बाल्टी। पानी। उसे लगा, वह उस बाल्टी को उठाकर मुंह से लगा ले। उसने सायकिल वाले की ओर देखा। वह हवा भरे जा रहा था, माथे से पसीने की बहती हुई धार से उसके होंठ तर हो रहे थे। वह भयभीत सा उसकी ओर देखता रहा।

सायकिल वाला हवा भर चुका। पैसे लेकर उसने कमीज की आस्तीन से मुंह का पसीना पोंछ डाला और खुली हुई सायकिल के पास आ बैठा। उसने ट्यूब बाल्टी में डाल दी, पानी से भरी हुई बाल्टी में सूखी ट्यूब तर हो गई।

वह एकटक देखता रहा। उसका गला और सूख गया। सायकिल वाला घुमा–घुमाकर ट्यूब को पानी में डुबो रहा था। उसका गला और सूखता जा रहा था। हवा तेज चलने लगी, सर्र् सर्र्। सड़क के दोनों ओर धूल उड़ी और आंखों घुसने लगी। धूल भी तप गई थी। आंखों की ठंडी कोठरी में वह भी विश्राम करना चाहती थी। उसने सिर झुका कर दाहिनी बांह से आंख को ढंक लिया। सायकिल वाले ने ट्यूब के साथ ही अपना मुंह भी बाल्टी में छुपा लिया। पेड़ के नीचे खड़े ग्राहक ने सिर झुकाकर हैट की आड़ कर ली। धूल सिर के ऊपर से निकल गई।

हवा हल्की हो गई। पत्तों की तेज खड़खड़ाहट भी हल्की हो गई। सायकिल वाला ट्यूब को फिर पानी में डुबोने लगा। ट्यूब फिर तर होने लगी, उसका गला फिर सूखने लगा।

'थोड़ा पीने का पानी मिल सकता है?' उसने सायकिल वाले से पूछा। सायकिल वाले ने बिना नजर उठाए पीछे की ओर इशारा किया, 'बंगले में नल लगा है।'

उसने बंगले में झांककर देखा। दरवाजे के बाईं ओर पेड़ की घनी छाया में पहाड़ी पड़ा सो रहा था। सामने सीमेंट का बंगला। दरवाजे चारों ओर से बंद। खिड़कियों के शीशों में झांकते हुए गहरे हरे रंग के पर्दे, चारों ओर शांति–गहरी निस्तब्धता। दाईं ओर पेड़ के नीचे था, पानी का नल।

उसने दरवाजा खोला। पहाड़ी ने करवट बदली। वह ठिठक गया। उसने घूमकर सायकिल वाले से पूछा– 'अंदर चला जाऊं?'

'चले जाओ–चले जाओ।' सायकिल वाले ने उसी तरह ट्यूब पर नजर गड़ाए उत्तर दिया।

उसने धीरे से दरवाजा खोला। वह पहाड़ी को जगाना नहीं चाहता था। वह उसी की ओर देखता नल तक चला गया।

पानी की धार हाथ पड़ते ही वह तिलमिला उठा, जैसे किसी भट्ठी से उबलकर निकल रहा हो। उसका गला और सूख गया, उसने पानी की धार को बहने दिया।

'क्या करता है?' जैसे पीछे से किसी ने कचोट लिया। उसने देखा, पहाड़ी उसे जलती हुई आंखों से घूर रहा है।

'पानी पीऊंगा।' उसने कहा

'फिर पीता क्यों नहीं?' जैसे चाबुक चली।

'गरम बहुत है।' और पहाड़ी के कुछ कहने से पहले ही उसने अपना हाथ पानी की धार से पीछे डाल दिया। पानी अब उतना गर्म नहीं था। उसने दो–चार चुल्लू मुंह में उंड़ेलकर नल बंद कर दिया।

गला फिर भी सूखा था। पेट में गुड़गुड़ सी हो रही थी। जैसे उसने जुलाब लिया हो।

बाहर बड़ी तपिश थी। लू के तेज झोंके थपेड़ों से लग रहे थे। चारों ओर सांय–सांय हो रही थी। इक्का–दुक्का सायकिल सवार किसी कपड़े से मुंह को ढंके हुए निकल जाता था या फिर कोई मोटर बड़ी–सी लम्बी–सी सर्र करती हुई।

आगे बढ़कर उसने देखा, दाएं–बाएं दोनों ओर जाने वाली लम्बी– सीधी सड़क पर लिखा था– जार बाग रोड। उसने फिर पता निकाला–

जे ब्लाक, जैर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली–3।

वह भ्रम में पड़ गया। दाएं–बाएं दोनों ओर जाने वाली सीधी सड़क है–जार बाग रोड। वह किस ओर जाए। किसी से पूछने के लिए उसने इधर–उधर देखा। तेज लू के झोंकों से झर्र् झर्र् करती हुई पेड़ों की पत्तियां एक–दूसरे से टकरा रही थीं। उसे कोई आता–जाता न दिखाई दिया। उसकी दृष्टि सायकिल वाले पर जा पड़ी। वह एक पुरानी–सी, गन्दी–सी सायकिल में हवा भर रहा था। पास ही एक गंदा–सा आदमी खड़ा था। गंदे कपड़े, गंदा चेहरा और एक पैर से लंगड़ा। दाहिनी बगल के नीचे उसने बैसाखी दबा रखी थी।

वह सायकिल वाले के पास फिर आ गया– 'अलीगंज किस तरफ है?'

सायकिल वाले ने पम्प के हैंडल से बिना हाथ उठाए, सामने दाहिनी ओर जाने वाली सड़क की ओर थोड़ा सा मुंह उठाकर आंखों से इशारा किया– 'सीधे चले आओ।'

वह उस ओर बढ़ गया। गर्म हवा के तेज झोंके उसके मुंह पर लग रहे थे। उसने दोनों हाथों से अपने कानों को ढंक लिया।

वह एक पेड़ के नीचे आकर खड़ा हो गया। बार–बार थूक निगलकर वह गले को तर कर रहा था। उसे हंफनी आ रही थी। लग रहा था, जैसे बुखार होता जा रहा है। किसी सवारी के लिए उसने इधर–उधर देखा।

इतने में एक मोटर निकल गई, सर्ऽसे। उसके मस्तिष्क में कौंध गया, लिफ्ट। उसे याद आया, उसने सुना था, दिल्ली में मोटर वाले लिफ्ट दे देते हैं।

उसे दूसरी मोटर आती दिखाई दी। पीछे की सीट पर कोई आदमी अधलेटा–सा था। वह गहरे ऊहापोह में पड़ गया और जैसे ही वह पास आई, वह पूरी ताकत लगाकर चिल्ला पड़ा। 'लिफ्ट प्लीज'।

हवा के तेज झोंके उसकी आवाज को उड़ा ले गए। मोटर सर्ऽकरती हुई निकल गई।

उसका गला और सूख गया। थूक निकलना कठिन हो रहा था उसे। एक अन्यमनस्कता उसके चेहरे पर छा गई। वह खोया–सा इधर–उधर ताकने लगा।

'कहां जाना है?'

उसने देखा वही गंदा सा आदमी अपनी गन्दी सी सायकिल पर सवार एक पैर फुटपाथ पर टिकाए और हाथ में बैसाखी को जमीन पर टिकाए पूछ रहा है।

'अलीगंज कितनी दूर है यहां से।'

'ज्यादा दूर नहीं है, काफी दूर भी है।' गंदे आदमी ने दार्शनिक सा उत्तर दिया। इस धूप और लू में बहुत दूर है।

उसने सामने देखा। सीधी, लम्बी, साफ सड़क चली गई थी, अलीगंज की ओर।

'आइए।' उसने देखा वह आदमी बुला रहा है।

'क्या?' उसने कुछ समझा नहीं।

'अलीगंज जाइएगा न?'

'हां।'

'आइए, बैठ जाइए।' उसने सायकिल के पीछे लगे गंदे–से कैरियर की ओर इशारा किया।

'नहीं, नहीं, आप जाइए, मैं पैदल चला जाऊंगा।' उसके प्रस्ताव को सुन उसे घबराहट सी हुई, संकोच सा हुआ।

'अरे आइए भी। इस धूप में तो पैदल कबाड़ा हो जाएगा।' गंदा आदमी अपनी पगड़ी के छोर से कैरियर की धूल झाड़ता हुआ बोला– 'आइए बैठ जाइए, इस समय कोई सवारी थोड़े ही मिलेगी आपको।'

दो क्षण वह स्तम्भित खड़ा रहा, फिर आगे बढ़ आया। गंदे आदमी ने मुस्कराते हुए उसकी ओर देखा और सायकिल पर ठीक से बैठकर अपनी बैसाखी को हैंडल पर रखने लगा।

'ऐसा कीजिए, वह बोला–आप पीछे बैठ जाइए। मैं चला ले '

'नहीं, नहीं, आप बैठिए।'

'मगर, आप मुझे बैठाकर कैसे चला सकेंगे?' उसकी दृष्टि अनायास उसके कटे हुए पैर की ओर चली गई। उस आदमी ने भी उस ओर देखा और मुस्कराया–

'आप चिन्ता न कीजिए, मैं एक पैर से ही चला ले चलूंगा।'

'नहीं नहीं, आप पीछे बैठिए...बैठिए तो मैं चला ले चलूंगा' उसने सायकिल का हैंडल पकड़ लिया। वह आदमी अपनी बैसाखी को संभालता नीचे उतर आया और कैरियर पर बैठ गया। वह सायकिल बढ़ा ले चला।

तेज धूप से सड़क की तारकोल पिघल गई थी। सायकिल के टायर उस पर चर्ऽकी आवाज करते हुए चले जा रहे हैं। उसने बात चलाई–

'आपका यह पैर कैसे...?'

'पिछले दंगों में कट गया था।'

'आप करते क्या हैं?'

'लोधी रोड में सोडा–वाटर की दुकान है मेरी।'

वह सायकिल चलाता जा रहा था। वह हांफने लगा। उसे मिचली आने लगी। लग रहा था, उल्टी हो जाएगी। गर्म हवा के तेज झोंके फर्र–फर्ऽउसके मुंह पर लग रहे थे। हैंडल पर उसके हाथ कांपने लगे, पैरों का बोझ मन–मन भर का हो गया। उसने फुटपाथ से लगाकर एक पेड़ की छाया में सायकिल खड़ी कर दी।

'आप जाइए, मैं पैदल चला जाऊंगा।'

'क्यों?' उस आदमी के चेहरे पर आश्चर्य झलकने लगा।

वह जोर–जोर से सांस ले रहा था।

'और सायकिल नहीं चलेगी मुझसे।' उसने सूखे होंठों पर जीभ फेरी।

वह आदमी अपनी बैसाखी लेकर उसके पास आ गया– 'आपको बुखार–सा हो रहा है।' उसने उसके माथे और बांह को छू कर देखा।

'आइए पीछे बैठ जाइए, मैं चला ले चलूंगा।' उसने हैंडल पकड़ लिया।

'आप कैसे चलाएंगे?'

'आप बैठिए भी। देखिए मैं कैसे चलाता हूं।'

वह पीछे बैठ गया। वह आदमी सायकिल चलाने लगा। एक पैर से वह कैसे सायकिल चला रहा था, यह उसने नहीं देखा। उसका शरीर तप रहा था और आंखें आप ही आप बंद होती जा रही थीं।

'किस ब्लाक में जाना है?'

'जे ब्लाक में।'

'कौन है आपका वहां?'

'मेरे सम्बन्धी है।'

फिर निस्तब्धता छा गई। पीछे बैठा सुन रहा था, टायरों की चर्र–चर्र, पत्तों की खड़–खड़ और हवा की झर–झर्ऽ। कभी–कभी सर्र् से कोई मोटर निकल जाती तो उसकी आंखें खुल जातीं और वह कुछ देर सड़क पर उसके टायरों के निशान देखता रहता।

'क्यों जी, जे ब्लाक कौन सा है?' गन्दे आदमी ने किसी राहगीर से पूछा।

'वह सामने वाला'

'लीजिए, आपका जे ब्लाक आ गया।' गन्दे आदमी ने सायकिल रोक दी। वह उतर पड़ा। उस पर नशा–सा चढ़ा हुआ था।

'पानी पीजिएगा।'

'नहीं–नहीं, अब घर जाकर ही पीऊंगा।'

'अच्छा...।' गंदा आदमी अपनी बैसाखी संभालने लगा।

'बड़ी मेहरबानी आपकी।'

वह गंदा आदमी हंस दिया, छोटी–सी दाढ़ी के धूल से सने खिचड़ी बाल चेहरे की झुर्रियों के साथ इधर–उधर सिकुड़ गए।

'आप इस धूप में आए?' सम्बन्धी महोदय ने शर्बत का गिलास उसके सामने रखते हुए पूछा।

'रेसकोर्स तक तो बस से आया और आगे...'

'आगे...?'

'आगे लिफ्ट मिल गई।'

सम्बन्धी महोदय हंस दिए और प्रफुल्ल होकर बोले, 'दिल्ली के मोटर वालों में यही अच्छाई है। वे लिफ्ट फौरन दे देते हैं।'

'जी।' उसने शर्बत से गले को तर करते हुए कहा।

कविता

## कैसे छोड़ दूँ यह दुनिया

■ मलय

मैं इतनी जल्दी
कैसे छोड़ दूँ
यह दुनिया!

अभी सूखती नदियों की तरह
उदास खड़ी हैं बहनें
भाई फटे गमछे से
बाँधे है कान !
और हिमालय बर्फ़ से जमा देना चाहता है
शरीर की सारी गंगोत्रियाँ

मेरी माँ बुहारती है ज़िन्दगी
साँसे जिस्म की कौंधती बिजली की तरह
चीरती हैं भाषा तक
शब्द फूटते फुग्गों की तरह
चिथड़ों में उड़ जाते
रोज़–रोज़ होत? मौत
भूखे बच्चे की
सीने में लगती बेकारी की गोली से
भाई काँखता नहीं !

मैं चीख़ता नहीं क्यों ?
पुकारता हूँ
मेरा गाँव मेरा मुहल्ला

मरघट के पास मिली ज़मीन
कॉलोनी
धँसी हुई आँखों में
सामने उड़ती हैं
झालर–झालर चिंदियाँ !
पेड से चिरी–गिरी डालों की तरह
सूखती लटकती भुजाएँ
सुरंग से तोड़े गए
पत्थरों की तरह
चिल्पा–चिल्पा चिथड़ा एहसास
चुभते हैं
चुभते हैं फूल से
तोतली बोली बिलते
बच्चों की हथेलियों पर
उगे हुए काँटें
धूल भरे बिस्तरों पर
थका हुआ प्यार
पर तकिए में छुपे हुए धड़कते संकल्प
चुभते हैं
गंजी में चिपके हुए साग के टुकड़े
पर भूखी बुहनियों की त्वचा पर
जैसे कोई फूँक–फूँक
जगाता है प्यार
रचता है सार

एक हिमालय से ऊँची चढ़ाई
चढ़ना है मुझे
साथ दोगे क्या?

कटोरी के पानी के पार
जाना है हमें
मैं छोड़ नहीं सकता ये दुनिया
इतनी जल्दी कैसे छोड़ दूँ ये दुनिया !!

कहानी



# कार्ड

■ पूजा गुप्ता

वृद्धावस्था और मोतियाबिंद से धुंधलाई आंखों में जब निराशा उतर आई तो झिलमिलाते आंसुओं ने दृष्टि को और भी धुंधला बना दिया। जब दृष्टि धुंधला गई तो मस्तिष्क सक्रिय हो गया, क्योंकि हृदय का पलड़ा हल्का हो गया। क्यों करती हो इंतजार? कब तक करती रहोगी? क्या मिल जाएगा तुम्हें एक बार पोस्ट कार्ड आने से? व्यर्थ ही परेशान होती हो। इस बुढ़ापे में भी मोह–माया त्यागने को तैयार नहीं... क्यों? आखिर क्यों?

कैसे त्याग दूँ मोह–माया?

गिरिजा बुदबुदाई। इसी मोह माया ने तो जिंदगी के सत्तर वर्षों को सुंदर बनाया और पल–पल खुशियों में गुजरा। हर दिन एक नई आशा नई खुशी लेकर आता था। पल–पल बढ़ती बच्चों की शरारतों, लड़ाई झगड़ों, प्यार–गुस्से मनुहार आदि को संजोया है मैंने, भविष्य के सुंदर सपने बुने हैं। जब इतनी उम्र हंसी–खुशी से बिताई है तो क्या कुछ वर्ष और नहीं बिता सकती।

नहीं बिता सकती.. बच्चों के बिना मेरा मन नहीं लगता। उनकी एक–एक किलकारी, उनकी एक–एक आवाज मेरा पीछा करती रहती है... और मैं थक–हार कर उन आवाजों से मोहित हो इंतजार करने लगती हूं... उनके कार्ड का.. कभी बर्थडे, कभी एनिवर्सरी, कभी न्यू ईयर, तो कभी दीपावली की चिट्ठी।

एक जमाना था जब दिल के गुबार को काले अक्षरों में अभिव्यक्त कर चाहने वालों को भेजा जाता था। हर शब्द जैसे साकार हो उठता था। भेजने वालों का व्यक्तित्व प्रत्यक्ष खड़ा हो जाता और पाने वाला धन्य हो जाता। वह जब चाहता, जितनी बार चाहता, उतनी बार उसे सामने पाता और स्वयं उस चिट्ठी को बार–बार चूम कर स्पर्श के आनंद से भर उठता। कितना सुखद लगता था चिट्ठी का मिलना और चिट्ठी को भेजना भी। प्रत्येक पंक्ति भावनाओं से ओत–प्रोत मन को छू जाती। बिना खोले ही समझ जाते कि किसकी है, कहां से आई है और वह निर्जीव चिट्ठी साकार हो उठती।

जीवन की आधुनिक शैली ने छीन लिए यह एहसास। इस मशीनी युग में भावों की अभिव्यक्ति भी मशीनी हो गई है। हो भी क्यों ना? क्या संवेदनाओं के अभाव में भावनाएं उथल–पुथल मचा सकती है? जब भावनाएं नहीं तो अभिव्यक्ति किसकी हो? बस इसलिए बचा लिया इस नए विकल्प ने यानी 'कार्ड' ने। यहाँ सब कुछ मिलता है, हर कुछ बिकता है। सुंदर शब्दों की सुंदर अभिव्यक्ति भी, प्रस्तुतीकरण भी। बस आवश्यकता है पैसों की यानी 'मनी' की। इस 'मनी' ने सबको 'मिनी' बना दिया है। रिश्तों को, एहसासों को, कर्त्तव्यों को, नजदीकियों, अपनेपन को। अब हर संबंध, हर रिश्ता उतना ही है, जितना उसमें 'मनी' है।

कहावत है– 'कुछ नहीं से कुछ भला' और इसी तर्ज पर चिट्ठियों की जगह कार्डों ने ले ली। प्रारंभ में गिरिजा को बड़ी चिढ़ होती थी इन कार्डों से, अरे भाई, खुद क्यों नहीं कहते 'जन्मदिन की हार्दिक बधाई।' मंगलकामनाएं देनी है या धन्यवाद देना है या क्षमा मांगनी है तो खुद कहो, ताकि उस एहसास के साथ सामने वाला भी रोमांचित हो उठे। उसका रोयां–रोयां कम्पित हो उठे। यह क्या कि कार्ड पकड़ाया और उसी मशीनी तरीके से बधाई दे दिया।

चलिए शिष्टाचार के नाते ही सही यह परंपराएं चल तो रही है। यही क्या कम है इस आपाधापी की जिंदगी में। याद आता है वह दिन जब बच्चों ने जन्मदिन पर अलग–अलग कार्ड दिए और मां को बधाई दी तो ना चाहते हुए भी गिरिजा ने बच्चों से कह ही दिया, इस कार्ड पर फिजूल खर्च करने की क्या जरूरत थी? तुम्हारा प्यार ही बहुत है। बच्चे कुछ उदास से हो गए। एक दिन तो हद ही हो गई। किसी बात पर दोनों बच्चों में झगड़ा हो रहा था। गिरिजा ने भी बीच–बचाव किया। दोनों को डाँटा तो लड़ाई का रुख ऐसा बदला कि वह लड़ाई आपस की न होकर मां–बेटों की हो गई। अंत में माँ नाराज और बच्चे परेशान। बच्चों ने माफी मांगने का कार्ड लाकर माँ को दिया और चुपचाप खड़े हो गए।

माँ का पारा चढ़ गया, नालायकों, मुंह से नहीं बोल सकते? ऐसे माफी मांगी जाती है माफी... फिर कर आए पैसे खर्च!

इतना कहना था की हंसी छूट गई बच्चों की, माँ यह तो दुकानदार ने मुफ्त दिया है।

क्यों? गिरिजा ने आश्चर्य से पूछा।

माफी का है ना। यह मुफ्त ही मिलता है।

अच्छा! कितना अच्छा है दुकानदार।

बच्चे मुस्कुरा रहे थे की मां को बुद्धू बना दिया और माँ बुद्धू बनकर खुश थी कि बच्चे उसका कितना ख्याल रखते हैं। आज भी वह कार्ड अमानत की तरह सम्भाल कर रखा हुआ है।

अंधेरा बढ़ने लगा तो गिरिजा के पति ने उनसे कहा,

कब तक करोगी इंतजार? अब पोस्टमैन नहीं आएगा।

किसने कहा कि मैं इंतजार कर रही हूं..? मैं तो ऐसे ही बाहर बैठी हूं।

झूठ मत बोला करो इस उम्र में। मैं सब समझता हूं। मुझसे कुछ मत छुपाया करो। हम एक–दूसरे को इतना समझ गए हैं कि तुम कब क्या चाहती हो, क्या छुपा रही हो, कब सच बोलती हो, कब झूठ। कब दिल से खुश होती हो, कब बाहर से। कितना बता रही हो कितना छुपा रही हो। तुम्हारी हर बात से, हर चाहत से वाफिक हूं।

फिर पूछते क्या हो?

रुआंसी हो कर गिरिजा ने कहा।

अच्छा अब आगे से नहीं पूछूंगा। अब तो चलो। सहारा देते हुए उन्होंने कहा।

तुम भी हद करती हो। अभी कल ही तो तुमने टेलीफोन पर बात की थी। अमेरिका क्या इतने पास है कि आज चिट्ठी लिखो और कल मिल जाए। तुम्हारा तो कभी दिल ही नहीं भरता।

अरे... बच्चों से बात करके... कभी किसी का दिल भरता है भला।

तुम्हारे दिल की खातिर अपनी जेब खाली कर देता हूं, इतना बिल बनवा देती हो टेलीफोन का।

मैं क्या अकेली बात करती हूं? खुद ही तो फोन लगाते हो और ना मेरा धरते हो।

अच्छा... अब तुम्हारा नाम भी ना लूंगा... अब चलो भी। उदास थकी हारी सी गिरिजा उठी। अंदर जाने के लिए कदम बढ़ाए, पर मुड़कर एक बार फिर बाहर नजर दौड़ाई।

देखो तो... कोई आ रहा है?

कोई होगा?

नाथूराम ही लगता है।

तुम क्या इतनी दूर से पहचान सकती हो?

हां... वह ऐसे ही साइकिल चलाता है।

अब तो तुम्हें साइकिल चलाने का ढंग भी दिखाई देने लगा है। अब डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मजाक मत किया करो।

तुम्हीं ने तो कहा था मोतियाबिंद की वजह से दिखाई नहीं देता।

ओह!

गेट खुलने की आवाज आई तो दोनों ने मुड़ कर देखा,

मांजी... नाथूराम ने पुकारा।

नाथूराम... देखो मैं कहती थी नाथूराम होगा।

मैं ही हूँ... मैंने सोचा आप इंतजार कर रही होगी इसलिए इस समय ही चला आया।

आता भी क्यों ना। उसे हर कार्ड के साथ बख़्शीश जो मिलती थी और मुंह मीठा भी होता था।

क्या लाया है? उतावली सी गिरिजा आगे बढ़ी।

कार्ड!

कार्ड को गिरिजा ने छाती से लगा लिया जैसे वह कार्ड नहीं, उसका बेटा ही हो।

## कभी न सोचा था मैं ने उड़ान भरते हुए

■ फ़राग़ रोहवी

कभी न सोचा था मैं ने उड़ान भरते हुए
कि रंज होगा ज़मीं पर मुझे उतरते हुए

ये शौक़–ए–ग़ोता–ज़नी तो नया नहीं फिर भी
उतर रहा हूँ मैं गहराइयों में डरते हुए

हवा के रहम–ओ–करम पर चराग़ रहने दो
कि डर रहा हूँ नए तजरबात करते हुए

न जाने कैसा समुंदर है इश्क़ का जिस में
किसी को देखा नहीं डूब के उभरते हुए

मैं उस घराने का चश्म ओ चराग़ हूँ जिस की
हयात गुज़री है ख़्वाबों में रंग भरते हुए

मैं सब से मिलता रहा हँस के इस तरह कि मुझे
किसी ने देखा नहीं टूटते बिखरते हुए

%फ़राग़% ऐसे भी इंसान मैं ने देखे हैं
जो सच की राह में पाए गए हैं मरते हुए



प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर–3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011–23718195,23357784, फैक्स: 011–43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120–4114404 फैक्स: 0120–4273770
ई–मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## चीन के स्कूल में आग लगने से 13 की मौत

**बीजिंग।** मध्य चीन के हेनान प्रांत में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना यानशानपु गांव के यिंगकाई स्कूल में शुक्रवार देर रात हुयी। इसमें 13 लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मृतकों में कितने बच्चे शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11:38 बजे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# पाकिस्तान में 17,816 उम्मीदवारों के नामांकन वैध

■ पाकिस्तान चुनाव आयोग की ओर से दी गई जारी जानकारी ■ 6,031 उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से है संबंद्ध




**इस्लामाबाद,** 20 जनवरी(एजेंसियां)। पाकिस्तान में संसदीय और प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए करीब 28,000 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन दखिल किया था जिनमें 10 हजार से ज्यादा निरस्त हो जाने के बाद अब इनकी संख्या 17816 रह गयी है जिनके नामांकनपत्र वैध पाये गये हैं। पाकिस्तान चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 17,816 उम्मीदवारों में 16,930 पुरुष, 882 महिलाएं और चार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इनमें 6,031 उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंद्ध हैं जबकि 11,785 स्वतंत्र प्रत्याशी हैं। राष्ट्रीय संसद की 266 सामान्य सीटों के लिए कुल 5,121 उम्मीदवार दौड़ में हैं, जिनमें 4,807 पुरुष, 312 महिला और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों ने संसदीय चुनाव के लिए 1,873 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिनमें 1,780 पुरुष और 93 महिलाएं शामिल हैं जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों की कुल संख्या 3,248 है।

## ईरान के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान में उड़ानों में 50 फीसदी की गिरावट




**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच किसी भी तरह की आवाजाही पर प्रतिबंध न होने के बावजूद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उड़ानों की संख्या में लगभग 50 फीसदी की गिरावट आई है। पाकिस्तानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। गत मंगलवार को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमले किए जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया। ईरान की ओर से कहा कि उसने जैश अल-अदल आतंकवादी समूह के अड्डे को निशाना बनाया था जिसने ईरान में दिसंबर में एक थाना पर घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान ने ईरान के हमलों की निंदा की और ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया, साथ ही कहा कि ईरानी राजदूत अब पाकिस्तान में काम नहीं कर सकते।

## संबंधों की बहाली पाकिस्तान, ईरान के लिए फायदेमंद : काकर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि ईरान के साथ हालिया तनाव से पहले वाले संबंध को बहाल करना दोनों देशों के लिए फायदेमंद है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार गत मंगलवार को ईरान द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र पर हमला करने के बाद की स्थिति पर चर्चा के लिए श्री काकर ने एक कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने पुष्टि की कि पाकिस्तान एक कानून का पालन करने वाला और शांतिप्रिय देश है तथा वह सभी देशों, विशेषकर अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध चाहता है। श्री काकर ने कहा कि पाकिस्तान और ईरान दो भाईचारे वाले देश हैं, जिनके बीच ऐतिहासिक रूप से सम्मान और स्नेह से चिह्नित भाईचारा और सहयोगात्मक संबंध रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 21 जनवरी , 2024 पौष शुक्ल पक्ष 10**

### राशिफल

मेष -आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृषभ -आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

मिथुन -आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क -अचानक धन लाभ हो सकता है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और स्नेहीजनों के साथ दिन आनंद और रोमांच से भरपूर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। बिजनेस में लाभदायक लेन-देन और सौदा कर सकेंगे।

सिंह -काम में विलंब होगा। घर और ऑफिस में उत्तरदायित्व बढ़ जाएंगे। जीवन अधिक गंभीर होता हुआ प्रतीत होगा। नए रिलेशन या काम के सम्बंध में अभी कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पिताजी के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या -आज शारीरिक सुस्ती और मानसिक थकान महसूस होगी। संतान के साथ अनबन या संघर्ष रहेगी। ऑफिस में उच्च अधिकारी के साथ भी विवाद हो सकता है। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

तुला -आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक -आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु -आज आपको आर्थिक लाभ की संभावना है। परिवार में सुख- शांति और आनंद व्याप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में लाभ और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मकर -आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

कुंभ -आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा। भविष्य के लिए पैसे का आयोजन करने के लिए अच्छा समय है। सौंदर्य प्रसाधन, अलंकार और वस्त्रों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

मीन -वैचारिक स्थिरता महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक बनेगी। आपकी सृजनशक्ति और कलात्मकता विकसित होगी। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। नजदीक के स्थान पर प्रवास या पर्यटन का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1924-रैक्जे मैक्डोनाल्ड के नेतृत्व में पहली बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी।
1945-प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का निधन।
1958-कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया।
1959-भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता ज्ञान चंद्र घोष का निधन।
1961 -भारतीय जनता पार्टी की जानीमानी महिला राजनीतिज्ञ दर्शना जरदोश का जन्म।
1972-मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस।
1981-तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया।
1986-भारतीय फ़िल्म अभिनेता, थियेटर और टीवी कलाकार सुशांत सिंह राजपूत का जन्म।
1996-स्वायत्त फ़िलिस्तीन के ऐतिहासिक प्रथम आम चुनाव में फ़िलिस्तीनी मुक्ति मोर्चा के नेता यासर अराफात 85 प्रतिशत मत प्राप्त कर निर्वाचित।
2000-एशिया के प्रथम %स्लिट लिवर% का प्रत्यारोपण हांगकांग में हुआ, हिमतक्षेस की बैठक मस्कट में प्रारम्भ।
2003-चालक रहित अमेरिकी टोही विमान पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।
2007-भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे क्रिकेट श्रृंखला जीती।
2008-भारत ने इस्त्रायल का एक जासूसी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।
2009-कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## म्यांमार में मादक द्रव्य की तस्करी के आरोप में 10 गिरफ्तार

**यांगून,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। म्यांमार की मादक द्रव्य-रोधी पुलिस ने यांगून क्षेत्र के मायागोन टाउनशिप में 14 लाख से अधिक नशीली गोलियों की तस्करी के आरोप में 10 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नियंत्रण समिति (सीसीडीएसी) ने शुक्रवार देर रात यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने सात जनवरी को मायागोन टाउनशिप में एक वाहन को रोका और उसमें से 5,00,000 गोलियां जब्त कीं और आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया। सीसीडीएसी ने कहा कि इसके अतिरिक्त, पुलिस ने उसी टाउनशिप में गिरफ्तार संदिग्धों में से एक के घर से 3,90,000 गोलियां भी जब्त कीं। जांच के बाद पुलिस ने उसी दिन उसी टाउनशिप में 6,00,000 नशीली गोलियों के साथ एक और संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया। सीसीडीएसी ने कहा कि जब्त की गई गोलियों की कीमत 1.49 अरब क्याट (7,09,523 अमेरिकी डॉलर से अधिक) है। सीसीडीएसी ने कहा कि नशीली दवाओं की बरामदगी के संबंध में थिंगांग्युन टाउनशिप में एक अतिरिक्त संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया गया। सीसीडीएसी के बयान में कहा गया है कि संदिग्धों पर देश के नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं तथा आगे की जांच जारी है।

# ब्रिटेन ने हिजबुत तहरीर पर प्रतिबंध लगाया



■ आतंकवाद को बढ़ावा देता है हिजबुत तहरीर

**लंदन,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन सरकार ने इस्लामी समूह हिजबुत तहरीर पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया है और समूह से संबद्धता या इसका समर्थन किया जाना अपराध की श्रेणी में होगा। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स स्पेंसर क्लेवरली ने प्रतिबंध पर एक बयान में कहा हिजबुत तहरीर आतंकवाद को बढ़ावा देता है। यह एक घृणित, यहूदी विरोधी समूह है। हमारे देश में इसकी कोई जगह नहीं है. आज से, समूह का कोई भी सदस्य या कोई भी जो इसके लिए समर्थन आमंत्रित करता है , वह कानून का सामना करेगा। श्री क्लेवरली ने पिछले हफ्ते कहा था कि समूह का हमास द्वारा किए गए घृणित हमलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना उन सभी चीजों के खिलाफ है जिनके लिए उनका देश खड़ा है। यह प्रतिबंध संसदीय मंजूरी के बाद शुक्रवार को लागू हुआ और प्रभावी रूप से समूह को प्रतिबंधित संगठन अल कायदा और आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह के समान श्रेणी में रखता है। हिजबुत तहरीर, मुक्ति की पार्टी की स्थापना 1953 में जॉर्डन में ताकीउद्दीन अल-नभानी द्वारा की गई थी। हालाँकि शुरू में इसका ध्यान इस्लाम के माध्यम से अरब एकीकरण पर था, लेकिन बाद में यह इस्लामी खिलाफत को फिर से स्थापित करने के मिशन के साथ विश्व स्तर पर फैल गया। ब्रिटेन में 1986 में स्थापित इस समूह ने शुरू में यहां अस्थायी रूप से रहने वाले मुसलमानों को लक्षित किया, लेकिन बाद में अपना ध्यान विश्वविद्यालय परिसरों में दूसरी पीढ़ी के ब्रिटिश मुसलमानों की भर्ती पर केंद्रित कर दिया। ब्रिटेन शाखा में प्रमुख हस्तियों में उमर बकरी मुहम्मद और अब्दुल वाहिद शामिल थे।

## उ. कोरिया के साइबर खतरों के खिलाफ सहयोग बढ़ाएंगे द. कोरिया, अमेरिका



**सोल,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के साइबर खतरों के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी है। योनहाप समाचार एजेंसी ने शनिवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि कोरिया गणराज्य और अमेरिका ने शुक्रवार को कार्य स्तर की साइबर नीति बैठक की। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा करते हैं और साथ ही वैश्विक शांति के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। दोनों देश साइबर अपराध जांच के लिए समन्वय बढ़ाने, सूचना साझाकरण का विस्तार करने और हैकिंग विरोधी प्रयासों और प्रौद्योगिकी सहयोग में परस्पर आदान-प्रदान पर सहमत हुए हैं।

### 'रूस समर्थित कलाकार के साइबर हमले को विफल किया'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट साइबर सुरक्षा कर्मियों ने एक रूस समर्थित कलाकार के कथित साइबर हमले का पता लगाया और उसे विफल कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट सिक्यूरिटी रिस्पांस सेंटर ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि माइक्रोसॉफ्ट सुरक्षा टीम ने 12 जनवरी, 2024 को कंपनी के कॉर्पोरेट सिस्टम पर हमले का पता लगाया । साइबर हमले के आरोपी की पहचान मिडनाइट ब्लिजार्ड के रूप में की है, जिसे नोबेलियम के नाम से भी जाना जाता है। यह एक रूस समर्थित कलाकार है।

## अमेरिका में सक्रिय ड्रिलिंग रिगों की संख्या बढ़ी

**वाशिंगटन,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में सक्रिय ड्रिलिंग रिग की संख्या इस सप्ताह बढ़कर 620 हो गई है, जो पिछले सप्ताह से एक अधिक है लेकिन पिछले वर्ष से 151 कम है। ह्यूस्टन स्थित ऑयलफील्ड सेवा कंपनी बेकर ह्यूजेस द्वारा शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।इन सक्रिय ड्रिलिंग रिगों में अमेरिकी तेल क्षेत्रों में कार्यरत 497 तेल रिग शामिल हैं, जो पिछले सप्ताह से दो कम हैं , 120 गैस ड्रिलिंग रिग, पिछले सप्ताह से तीन की वृद्धि और तीन विविध रिग, पिछले सप्ताह से अपरिवर्तित है। आंकडों के अनुसार रिग में 600 भूमि ड्रिलिंग रिग, शून्य अंतर्देशीय जल रिग और 20 अपतटीय ड्रिलिंग रिग शामिल है। इनमें से, 48 दिशात्मक ड्रिलिंग रिग हैं, 560 क्षैतिज ड्रिलिंग रिग और 12 ऊर्ध्वाधर ड्रिलिंग रिग हैं। अब तक, पश्चिमी टेक्सास और पूर्वी न्यू मैक्सिको में पर्मियन बेसिन अमेरिका में शेल तेल उत्पादन वृद्धि का सबसे बड़ा स्रोत रहा है, जो पिछले वर्षों में पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के बाहर आपूर्ति वृद्धि का इंजन बन गया है।

**जानकारी** *आने वाले लोगों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा कनाडा*

# कनाडा में विदेशी छात्रों की संख्या 10 लाख के पार

**टोरंटो, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या अब दस लाख से अधिक हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश बढ़ती लागत संकट के बीच आने वाले लोगों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) ने द ग्लोब एंड मेल समाचार आउटलेट को बताया, पिछले साल दिसंबर के अंत में, 1,028,850 अध्ययन परमिट धारक थे, जिनमें से आधे से अधिक ओंटारियो में थे। यह संख्या 2019 में 637,855 से तेजी से बढ़कर 2022 में 807,260 हो गई, उनमें स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र और अन्य अध्ययन करने वाले लोग शामिल हैं।**

आईआरसीसी के अनुसार, दस लाख से अधिक अध्ययन परमिट धारकों में से 526,015 ओंटारियो में, 202,565 ब्रिटिश कोलंबिया में, 117,925 क्यूबेक में, 18,695 सस्केचेवान में और केवल 10 नुनावुत में थे। आव्रजन विशेषज्ञों के अनुसार, कनाडा की अधिकांश जनसंख्या वृद्धि - जो अब दुनिया में सबसे तेज़ में से एक है - विदेशी छात्रों, गैर-स्थायी निवासियों और अस्थायी विदेशी श्रमिकों से आती है। आईआरसीसी डेटा के अनुसार, 2023 में 60,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्र कनाडा के स्थायी निवासी बन गए - जो 2022 में 52,740 थी, 9,670 की वृद्धि। पिछले हफ्ते, आप्रवासन मंत्री मार्क मिलर ने कहा था कि वह देश में प्रवेश करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों और अस्थायी निवासियों की संख्या का बारीकी से विश्लेषण करेंगे।




2023 में 60,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्र कनाडा के स्थायी निवासी बने

सरकार को आवास की सामर्थ्य और जीवनयापन की बढ़ती लागत पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, उन्होंने प्रांतों से घटिया निजी कॉलेजों को लाइसेंस देना बंद करने का आह्वान किया, जिनके बारे में उनका कहना है कि वे विदेशी स्नातकों को पप्पी मिल की तरह निकाल देते हैं। कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए भारत शीर्ष देश बना हुआ है, इसके बाद चीन का स्थान है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर के अनुसार, दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद के कारण पिछले साल भारतीय छात्रों को दिए जाने वाले परमिट की संख्या में चार प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन वे सबसे बड़ा समूह बने रहे। भारतीयों पर प्रभाव डालने वाले एक कदम में, मिलर ने घोषणा की कि इस वर्ष से छात्रों को अपनी एक साल की ट्यूशन फीस के अलावा कम से कम 20,635 कनाडाई डॉलर अपने खाते में दिखाना होगा, और यदि वे परिवार के एक सदस्य को लाते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 4,000 कनाडाई डॉलर दिखाना होगा। कनाडा में अध्ययन वीज़ा प्राप्त करने के लिए, एक छात्र को वर्तमान में रहने की प्रारंभिक लागत को कवर करने के लिए अपने खाते में 10,000 डॉलर दिखाने की आवश्यकता होती है।

## सुडोकू 6443

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | |
| | 6 | 2 | | 4 | | | 9 | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| 7 | | | | 3 | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 3 | 2 | |
| | | | 3 | | | 4 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6443

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. वह पतला रास्ता जो पैदल आने जाने वालों के पैरों पर के कारण से बन जाता है
३. किसी पुस्तक आदि का पूरक अंश
५. वर्षा
६. आलिंगन
७. सप्ताह का एक दिन
९. अन्यथा (उर्दू)
१०. एक प्रकार का सूखा मेवा जिसका आकार खोपड़ी जैसा होता है
१२. या
१३. दुख, उदासी
१४. एक टक, अनिमेष दृष्टि
१६. दरवाजा खटखटाने की क्रिया, हाथ से हल्का आघात करना (उर्दू)
१८. प्रताड़ित करना, तंग करना
२०. असुर, राक्षस
२१. जहरीली औरत
२३. सृजनात्मक निर्माण कर्ता

**ऊपर से नीचे:-**
१. पराग का बिखरना
२. गेहूं, धान,ज्वार आदि के बाली व जड के बीच का हिस्सा
३. चरण धोना
४. शिकायत
५. किसी वस्तु के बने होने का ढंग
८. सारथि
१०. बेमिसाल
११. दिलचस्प, अच्छा लगने वाला
१२. संख्या,अंक (उर्दू)
१३. बेचने वाला
१४. संकीर्ण हृदय, कंजूस
१५. जिसे वरदान मिल गया हो
१७. फूलों का गुच्छा, स्तुति करने वाला
१८ स्वप्न, ख्वाब
१९. नाव खेने वाला
२२. इंसाफ

### वर्ग पहेली-6442

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | मा | २ वे | श | ■ | ■ | ३ सा | म | ४ रि | क |
| ह | ■ | द | ■ | ५ ब | हु | धा | ■ | श्व | ■ |
| ६ च | क | ना | चू | र | ■ | ७ र | सा | त | ८ ल |
| र | ■ | ही | ■ | ९ ता | र | ण | ■ | ■ | ग |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | ता | ■ | की | ■ | १३ वि | लं | ब | ■ | ग |
| १४ मु | ना | १५ सि | ब | ■ | मा | ■ | १६ ह | १७ ल | ■ |
| बा | ■ | कं | ■ | १८ व | न | १९ ज | ■ | श्क | ■ |
| २० र | स | द | ■ | र्द्ध | ■ | २१ न | फ | र | २२ त |
| क | ■ | २३ रा | म | क | हा | नी | ■ | ■ | ख्त |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### नवीन ऊर्जा वाहन का अल्पाइन परीक्षण में अच्छा प्रदर्शन

**बीजिंग,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। इस साल चीन में नवीन ऊर्जा वाहन की बिक्री 1 करोड़ 15 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ नए उत्पादों के नवीकरण का चक्र छोटा हो जाएगा। बड़े पैमाने पर उत्पादन से पहले नए उत्पादों का योग्यता और यहां तक कि अत्यधिक परीक्षण किया जाता है। चीन के भीतरी मंगोलिया स्वायत्त प्रदेश स्थित राष्ट्रीय अल्पाइन मोटर वाहन गुणवत्ता निरीक्षण और परीक्षण केंद्र में जनवरी में सुबह बाहर का तापमान शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, तब कर्मचारी वाहन के परीक्षण कार्य की तैयारी करने लगे। पहले सालों की तुलना में इस साल परीक्षण करने वाले नवीन ऊर्जा वाहन की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। नवीन ऊर्जा वाहन मुख्य रूप से बिजली से चलते हैं। इसके मूल्यांकन के विषय और तरीके ईंधन वाहन से बिलकुल अलग हैं। परीक्षण इंजीनियर ह च्वुननान ने कहा कि अल्पाइन पर्यावरण के मौसम के अनुसार परीक्षण में स्थिर वाहन फंक्शन जांच और गतिशील ड्राइविंग परीक्षण शामिल हैं।

# प्रादेशिकी

## शिमला में पलक झपकते जमींदोज हुआ पांच मंजिला भवन

शिमला, 20 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल की राजधानी में आपदा से नुकसान का खतरा टला नहीं है। राजधानी शिमला में अभी भी कुछ इमारतों पर गिरने का खतरा मंडरा रहा है। शिमला के समीप सोलह मील में एक बहुमंजिला भवन ढह गया। चंद मिनटों में करीब पांच मंजिला भवन भरभराकर गिर गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी की ओर बने इस भवन के गिरने से करोड़ों की लागत से बने धामी कॉलेज की बुनियाद को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, करोड़ों रुपये से बनी कॉलेज की सड़क भी खतरे की जद में आ गई है।

# गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में किसी प्रकार की न हो रुकावट : धामी



- धामी सरकार का युवाओं को बड़ा तोहफा
- उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के प्रथम चरण में 33 लाख 51 हजार की धनराशि बांटी
- 241 विद्यार्थियों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति

**देहरादून,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के प्रथम चरण में 241 विद्यार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 33 लाख 51 हजार रूपये की धनराशि प्रदान की। राज्य के विश्वविद्यालय परिसरों एवं शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं को यह धनराशि प्रदान की गई। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाले इन छात्र-छात्राओं को 12वीं के परीक्षाफल में न्यूनतम 80 प्रतिशत प्राप्तांक और महाविद्यालय स्तर पर तैयार संकायवार मेरिट लिस्ट अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को क्रमशः 3 हजार, 2 हजार एवं 1500 रूपये की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। अन्य कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति वितरण संबंधित संस्थान स्तर से समर्थ पोर्टल पर वेरिफिकेशन के उपरान्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य सामान्य परिवारों के छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को आगे लाना है। गरीब परिवारों के बच्चों को भी उच्च शिक्षा में किसी प्रकार की रूकावट न हो, इसके लिए राज्य सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा परिश्रम और एक धैर्य बनाकर जीवन में आगे बढ़ें। हमें अपने जीवन में कौन सा क्षेत्र चुनना है, कॉलेज स्तर पर आने के बाद ही इसके लिए दिशा मिलती है। जीवन में जब हम किसी लक्ष्य को लेकर पूरे मनोयोग से लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जिस समय जो कार्य करें, उसको पूरी एकाग्रता से करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इतिहास बनाया है, उनमें से अधिकांश का प्रारंभिक जीवन कठिन परिस्थितियों में गुजरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। दुनिया का भारत के प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ा है। भारत की आर्थिकी तेजी से बढ़ रही है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। उनके ये शब्द हमें राज्य के विकास के लिए प्रेरणा देते हैं। हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है कि इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने और देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने हैं।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ. देवेन्द्र भसीन, सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. चन्द्र दत्त सूठा एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### चार सौ असिस्टेंट प्रोफेसर की होगी भर्ती: डा. धन सिंह

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत टॉपर बच्चों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के तहत अनेक सराहनीय कार्य हुए हैं। इस छात्रवृत्ति योजना के शुरू होने से उच्च शिक्षा के लिए बच्चों में प्रतिस्पर्धा तो बढ़ेगी ही, साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी वृद्धि होगी। इस योजना में राज्य के शासकीय महाविद्यालयों व राज्य विश्वविद्यालय परिसरों में नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं लाभार्थी होगे। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि जल्द ही उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सवा चार सौ असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। 01 लाख 27 हजार बच्चों को उच्च शिक्षा के तहत टेबलेट प्रदान किये गये। उच्च शिक्षा में प्रचार्यों की व्यवस्था के लिए 75 प्रतिशत प्रमोशन से और 25 प्रतिशत सीधी भर्ती की प्रक्रिया की व्यवस्था लोक सेवा आयोग से की गई है। राज्य के सभी विकासखण्ड में डिग्री कॉलेज खोले गये हैं। 25 डिग्री कॉलेजों को मॉडल डिग्री कॉलेज बनाकर, छात्राओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी की गई है।

# विकासनगर के माक्टी पोखरी में पेयजल किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, आंख मूंद कर बैठा विभाग



**विकासनगर,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। चकराता मसूरी मोटर मार्ग पर माक्टी पोखरी कस्बे में कई दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों को एक हेड पंप के भरोसे पेयजल की आपूर्ति करने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही से पीने का पानी नलों में नहीं आ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वैसे तो माक्टी पोखरी में जल संस्थान व जल निगम द्वारा पेयजल लाइनें बनाई गई हैं, लेकिन इसके बावजूद किसी भी लाइन में समय से पेयजल की सप्लाई ठीक से नहीं हो रही है। कस्बे में करीब अस्सी परिवार निवासरत हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटक भी यहां से चकराता और मसूरी आते-जाते रहते हैं। ऐसे में कस्बे से थोड़ी दूरी पर एक हैंडपंप लगा हुआ है, जहां से उन्हें लाइन लगाकर पानी ढोकर लाना पड़ता है।

स्याणा (सीनियर सिटीजन) रणवीर सिंह तोमर ने कहा कि पिछले कुछ समय से पेयजल किल्लत बनी हुई है। संबंधित विभाग को अवगत करवाने के बाद भी पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी व विभाग के उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता रविंद्र बिष्ट ने कहा कि जेई को पेयजल लाइन सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

**सार संक्षेप**

## पुलिस के हत्थे चढ़ा चरस तस्कर

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत खनस्यू थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल एक तस्कर को 1 किलो 738 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई चरस की कीमत 2 लाख रूपये से अधिक बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी और खनस्यू पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान पटलोट खनस्यू के पास एक चरस तस्कर को 1 किलो 738 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ललित मोहन निवासी डालकन्या बताया है। उन्होंने कहा कि पूछताछ में पता चला कि चरस तस्कर ललित मोहन काफी दिनों से चरस की तस्करी कर रहा था, जिससे पुलिस को उसकी तलाश थी। प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपी चरस को पहाड़ से लाकर हल्द्वानी बेचने जा रहा था, क्योंकि पहाड़ की चरस की कीमत हल्द्वानी के बाजार में अच्छी मिलती है। उन्होंने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पकड़ी गई चरस की कीमत 2 लाख रूपये से अधिक की बताई जा रही है।

## उत्तराखण्ड में मौसम ने दिखाए अपने तेवर, ठंड से कांपे लोग

**देहरादून।** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने से ठंड का प्रकोप जारी है। एक सप्ताह बाद मौसम ने अपने तेवर दिखाए तो मैदानी इलाकों में शुक्रवार को दिनभर कंपकंपाती ठंड ने खूब परेशान किया। हालांकि, पहाड़ी इलाकों में धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली।वही शनिवार ( आज ) को भी मौसम विभाग ने पांच जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। वही, मैदानी इलाको में थोड़ी धुप निकलने से लोगो ने जहा थोड़ी राहत महसूस की है। ठंड के कारण तीसरे दिन शनिवार को भी जनपद के समस्त स्कूल और आंगनबाड़ी केंद बंद रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कोहरा छाने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दोनों जिलों में गंभीर शीतलहर के आसार हैं, जबकि देहरादून, पौड़ी और नैनीताल में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया। इन जिलों के भी कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति रहेगी। प्रदेश के मैदानी इलाकों में अगले सप्ताह से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 24-25 जनवरी के बाद मैदानी इलाकों में कोहरा कम होने लगेगा। इससे ठंड कम होने के साथ लोगों को राहत मिलेगी।

## सुडोकू 6443 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

# लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मीडिया कोऑर्डिनेटर किए नियुक्त




देहरादून, 20 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड कांग्रेस मीडिया विभाग ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तराखंड मीडिया विभाग की नवनियुक्त प्रभारी डॉ0 चयनिका उनियाल के मार्गदर्शन से लोकसभा चुनाव को लेकर हर स्तर पर मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। यह जानकारी देते हुए उत्तराखंड कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की विचारधारा को प्रचारित प्रसारित करने हेतु मण्डलवार, लोकसभा और और जिलेवार मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए गये हैं। दसौनी ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में ब्लॉक स्तर पर भी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाएगें। दसौनी ने जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी की रीति नीति जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए और मीडिया विभाग में बेहतर समन्वय के लिए ऐसा किया गया है।

दसौनी ने कहा इसी कड़ी में गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी के रूप में लखपत बुटोला जिम्मेदारी मिली है। कुमाऊँ मण्डल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नीरज तिवारी को दी गयी है। इसी क्रम में लोकसभा मीडिया समन्वयक के रूप में अल्मोड़ा में तारू तिवारी, नैनीताल में एडवोकेट कमलेश तिवारी, हरिद्वार में महेश प्रताप राणा, टिहरी में शांति प्रसाद भट्ट एवं पौड़ी में अद्धैत बहुगुणा को जिम्मेदारी दी गयी है। दसौनी ने बताया कि विकेन्द्रीकरण को ध्यान में रखते हुए जिले स्तर पर भी समन्वयक बनाये गये हैं। जिनमें अल्मोड़ा से राजीव कर्नाटक, पिथौरागढ़ से खिमराज जोशी, चम्पावत से अशोक वर्मा, बागेश्वर से हरीश ऐठानी, नैनीताल से मनोज शर्मा, उधम सिंह नगर से अरविन्द आर्य, हरिद्वार से शुभम जोशी, टिहरी से जयवीर सिंह रावत, उत्तरकाशी से पवित्रा राणा, रुद्रप्रयाग से नरेन्द्र सिंह बिष्ट, पौड़ी से लाल सिंह नेगी, चमोली से मनोज रावत एवं देहरादून से शीशपाल सिंह बिष्ट को जिम्मेदारी दी गयी हैं। दसौनी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और मीडिया प्रभारी डा. चयनिका उनियाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की है कि वह पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से अपने अपने क्षेत्र पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

# अल्मोड़ा में अंकिता हत्याकांड के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

- सरकार पर लगाया दोषियों को बचाने का आरोप




**अल्मोड़ा,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के जीबी पंत पार्क से शिखर तिराहे तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकाली और दोषियों को सजा देने की मांग उठाई। इसी बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और तय किया कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस आंदोलन करती रहेगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि बीजेपी सरकार ने अभी तक अंकिता भंडारी के माता-पिता की भावनाओं को नहीं समझा है। अंकिता के माता-पिता ने खुलेआम बीजेपी के एक नेता का नाम लिया है, लेकिन फिर भी सरकार खामोश है और इस मामले को दबाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंकिता हत्याकांड से जुड़े वकीलों के परिवारों को प्रताड़ित करने से लेकर कथित वीआईपी को बचाने की कवायद नजर आ रही है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी भी इस मामले में व्यक्तिगत तौर पर संज्ञान ले रहे हैं और इसको लेकर न्याय यात्रा आयोजित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। ऐसे में कांग्रेस पूरे दम-खम के साथ इस हत्याकांड को केंद्र में रखकर न्याय की मांग करती रहेगी। पौड़ी में विभिन्न मार्गों पर कांग्रेस ने आज अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने में जानबूझकर देरी कर रही है। सरकार इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रही है और वह केस को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि न्याय नहीं मिलने से अंकिता के माता-पिता परेशान हैं और दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं।

# जन कल्याण को सर्वोपरि रख योजनाओं को लागू किया जा रहा : पठानिया

**चंबा,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाया जा रहा है। श्री पठानिया शनिवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के गरनोटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित जनसाधारण को विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित करना भी ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य रहता है । साथ में उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण को विशेष प्राथमिकता प्रदान कर विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों द्वारा 32 शिकायतें तथा 96 मांगे रखी गई।

श्री पठानिया ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा इस मौके 18 भूमि के इंतकाल किए गए तथा 4 प्रमाण पत्र भी जारी किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया इसमें 133 लोगों की स्वास्थ्य जांच, विभिन्न प्रकार के निरूशुल्क टेस्ट, दवाइयों का वितरण तथा 21 अपंगता प्रमाण पत्र जारी किए। आयुष विभाग द्वारा भी 153 लोगों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ दवाइयां भी वितरित की गई। इस दौरान लोगों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि शिकायतों को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा ।

# हिमाचल सरकार ने रोकी 2600 गेस्ट टीचरों की भर्ती




शिमला, 20 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में स्कूलों-कॉलेजों में 2600 गेस्ट टीचरों की भर्ती की घोषणा करने वाली सुक्खू सरकार ने अब इस भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गेस्ट टीचर भर्ती के क्रियान्वयन को आगामी आदेशों तक रोक लगाने की बात कही है।

श्री सुक्खू ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नीति को गहन विचार-विमर्श के बाद लागू किया जाएगा और इसे अमलीजामा पहनाने से पहले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गेस्ट टीचर भर्ती अस्थायी है और गेस्ट टीचरों को पीरियड के अनुसार घंटे के आधार पर भुगतान किया जाएगा। उनकी मासिक या वार्षिक आधार पर कोई स्थायी भर्ती नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इन शिक्षकों को भर्ती करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता शिक्षा मामले में हिमाचल प्रदेश 18वें स्थान पर खिसक गया है और इसके पीछे शिक्षकों के तबादले मूलभूत कारण है। तबादलों की वजह से कई-कई दिन शिक्षक स्कूल व कॉलेजों में उपलब्ध नहीं होते और गेस्ट टीचर भर्ती नीति में यह प्रावधान किया गया है कि इस अवधि में उस स्कूल के प्रधानाचार्य व क्षेत्र के अधिकारी को यह अधिकार मिलेगा कि वे अपने स्कूल-कॉलेज में मेरिट आधार पर योग्य गेस्ट टीचर की भर्ती करे।

श्री सुक्खू ने कहा कि गेस्ट टीचर मामले में भ्रम फैलाया जा रहा है। सरकार ने ये निर्णय विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत लिया है। गेस्ट टीचर की सेवाएं केवल अध्यापक के तबादला होने या अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों में ही ली जाएंगी। गेस्ट टीचर चयन के लिए मेरिट को विशेष अधिमान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष युवाओं को केवल गुमराह कर रही है और केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए इस निर्णय की निंदा कर रही है।

गत 12 जनवरी को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में पीरियड आधारित गेस्ट टीचरों के 2600 पद भरने की मंजूरी मिली थी। इनमें जेबीटी शिक्षकों के 1600, स्कूल प्रवक्ता और कॉलेज प्रवक्ता के 1000 पद भरे जाने थे। पीरियड आधार पर स्कूलों में प्रति पीरियड 200 रुपये, 250 रुपये और कॉलेज में 300 रुपये का प्रावधान किया गया था। प्रतिदिन अधिकतम चार पीरियड होंगे।

भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। प्रदेश सरकार द्वारा तय नियमों के अनुसार शिक्षकों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाना है। काउंसलिंग के बाद मेरिट आधार पर स्टेशन छांटने का भी विकल्प इन्हें मिलेगा। जेबीटी शिक्षक भर्ती के लिए बारहवीं कक्षा में 75 फीसदी अंक और टेट में 65 फीसदी अंक नंबर वाले पात्र बनाए गए हैं। कॉलेज कैडर की शिक्षक भर्ती में नेट या सेट पास करने वाले अभ्यर्थियों को ही मौका मिलेगा।

# भाजपा ने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों को बेचा: सुक्खू



**शिमला,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि पिछली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों को बेचा, जबकि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के हितों की लड़ाई को लड़ रही है।

श्री सुक्खू ने आज हमीरपुर जिले के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के तहत कंज्याण गांव में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने इस अवसर पर लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं तथा सम्बन्धित अधिकारियों को इनके तुरन्त निपटारे के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि लूहरी, धौलासिद्ध तथा सुन्नी जल विद्युत परियोजनाओं में अगर हिमाचल को रॉयल्टी नहीं मिली तो इन परियोजनाओं का अधिग्रहण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से इस मामले पर जल्द फैसले का आग्रह किया गया है, लेकिन भाजपा नेता इसमें बाधा डाल रहे हैं। भाजपा नेता बीबीएमबी से मिलने वाले 4300 करोड़ रुपये में भी बाधा डाल रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष इतिहास की सबसे बड़ी आपदा आई, जिससे 4000 घर पूरी तरह से तबाह हुए जबकि 16000 परिवार प्रभावित हुए। भाजपा के नेताओं से उन्होंने कई बार उनके साथ दिल्ली में केन्द्रीय नेताओं से मिलने का आग्रह किया, लेकिन आज तक कोई भी भाजपा नेता उनके साथ केन्द्रीय नेताओं से मिलने नहीं गया तथा केन्द्र सरकार से कोई भी विशेष राहत पैकेज नहीं मिला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा में हुए नुकसान पर केंद्र सरकार को नियमानुसार 10 हजार करोड़ रुपये के दावे भेजे हैं। यह प्रदेश के लोगों का हक है तथा हिमाचल को मिलना ही है लेकिन इसे भी भाजपा नेता रोकने में लगे हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए आपदा प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया है तथा पूरी तरह से मकान क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजे को डेढ़ लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये किया गया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे है जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए हमीरपुर में पहला अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित किया जाएगा। श्री सुक्खू ने कहा कि विधायक सुरेश कुमार अपने क्षेत्र की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। आज भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपये के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए हैं तथा 102 कनाल भूमि पर 50 करोड़ रुपये की लागत से कराह में प्रदेश का पहला राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर इस स्कूल के प्राइमरी सेक्शन को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार त्वरित कार्य करने में विश्वास रखती है, ताकि लोगों को इसका समय पर लाभ मिल सके।

# कांग्रेस में बढ़ रही है जनमानस की आस्था : ठेकेदार



सेल के पूर्व महाप्रबंधक बलबीर सिंह और नॉर्दन रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक एचसी पूनिया ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की

**गुरुग्राम** 20 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर शुक्रवार को महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के पूर्व महाप्रबंधक बलबीर सिंह और नॉर्दन रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक एचसी पूनिया ने दिल्ली में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व व राज्यसभा सांसद चौ. दीपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं तो वहीं कांग्रेस पार्टी में आमजन मानस की आस्था बढ़ती जा रही है। ठेकेदार ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और कांग्रेस पार्टी ही जनता की उम्मीद के अनुरूप जनहितेषी विकास कार्य करेगी। आज हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों से दुखी है। वहीं युवाओं में भी भाजपा सरकार को लेकर गहरा रोष है क्योंकि भाजपा सरकार में रोजगार के अवसर खत्म होते जा रहे हैं जिसके चलते महंगाई चरम पर है। उन्होंने यह कहा कि इस सरकार में आम जनमानस की कोई सुनवाई नहीं हो रही। यही कारण है कि आने वाले समय में भाजपा का सफाया होगा और कांग्रेस बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओपी पूनिया, जयबीर लांग्यान, मंजीत लांग्यान, विनोद भूषण दहिया, डॉ. मामराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रादेशिकी

## भ्रष्ट खंड शिक्षा अधिकारी का किया गया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। कायमगंज पुलिस ने शिक्षक को आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले आरोपी खंड शिक्षा अधिकारी गिरिराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस एबीएसए गिरिराज को उनके गृह जनपद आगरा से पकड़ कर लाई। पुलिस ने चुपचाप आरोपी का कायमगंज सीएचसी में मेडिकल कराकर चालान कर दिया। एबीएसए को अदालत में पेश किया गया। कोतवाली कायमगंज के ग्राम झब्बूपुर निवासी आशीष ने शिक्षक पिता गिरीशचंद्र त्रिपाठी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कर्मचारियों के विरुद्ध 29 सितम्बर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में झब्बूपुर स्कूल के प्रधानाचार्य निर्देश गंगवार बीएसए कार्यालय के लिपिक सुरेंद्रनाथ अवस्थी एवं कायमगंज के खंड शिक्षा अधिकारी गिरीराज सिंह को आरोपी बनाया था।

# प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर प्रज्ज्वलित की जाएगी राम ज्योति

## सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी राम की नगरी



**लखनऊ/ अयोध्या,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। महज दो दिन और, 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी रामनगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। डबल इंजन की सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर राम ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। कभी वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी तो अब प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत राम ज्योति जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। सात वर्षों से दीपोत्सव का भव्यतम आयोजन करा रही योगी सरकार 22 जनवरी को फिर से दीपों से अयोध्या सजाएगी, जिसका दिव्यतम दीदार दुनिया करेगी।

- **सरयू की मिट्टी से बने दीपों से रौशन होगी राम की नगरी**

योगी सरकार ने 2017 में सत्ता संभालने के बाद ही दीपोत्सव का आयोजन कराया था। 2017 में 1.71 लाख दीपों से अयोध्या सजाने वाली योगी सरकार ने 2023 दीपोत्सव में 22.23 लाख दीप सजाकर नया रिकॉर्ड बनाया था। वहीं श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य उत्सव के उपरांत भी योगी सरकार की तरफ से पूरी अयोध्या को दीपों से सजाया जाएगा। योगी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से इसकी भव्य तैयारी की जा रही है। रामलला, राम की पैड़ी, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर अयोध्या, प्रदेश, देश और दुनिया में राम भक्त उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्ज्वलित करने को कहा गया है। योगी सरकार ने अपील की है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव करें। राम ज्योति के माध्यम से बिखरी आभा से पूरा वातावरण राममय हो जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि 22 जनवरी की सांझ 100 प्रमुख मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। सरकार की मंशानुरूप दीप जलाए जाएंगे तो इसमें स्थानीय कुम्हारों की मदद ली जा रही है। उनसे दीपों को क्रय किया जा रहा है। मुख्य आयोजन के उपरांत सरकार के साथ ही जनसहभागिता से भी इसे काफी वृहद पैमाने पर किया जाएगा।

### श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पांचवें दिन हुई वास्तु पूजा

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शनिवार को पांचवें दिन सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। शनिवार को पूजा अनुष्ठान शाम तक चला। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी को दोपहर बाद सरयू नदी से प्रारम्भ हुआ था, जिसके बाद 17 जनवरी को श्रीरामलला की मूर्ति का मंदिर परिसर में आगमन हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में श्रीरामलला के विग्रह के अधिवास के साथ शनिवार को मुख्यतः वास्तुपूजा हुई। इस पूजा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तरफ से अनिल मिश्र सपरिवार और विश्व हिन्दू परिषद के कार्याध्यक्ष आलोक एवं अन्य लोगों ने पूजा की। प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रीरामलला की मुख्य प्रतिमा गर्भ गृह में विराजमान है और विविध अधिवास में है। आज श्रीरामलला के विग्रह को पहले शर्करा अधिवास और फलाधिवास में रखा गया। इसके बाद 81 कलशों में एकत्रित विविध औषधियुक्त जल से स्नान कराया गया। फिर विग्रह को पुष्पाधिवास में रखकर अधिवास प्रक्रिया पूरी हुई। रविवार 21 जनवरी को भी विग्रह के अधिवास की प्रक्रिया जारी रहेगी। श्रीरामलला का पुराना विग्रह अभी पूर्ववत् विद्यमान है। उचित समय पर उसे पूरे धार्मिक विधि विधान के साथ मंदिर में विराजमान किया जाएगा।

# अयोध्या में 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहनों की होगी पार्किंग

- **सरकार ने धाम में सरकारी, नजूल, निजी भूमि को पार्किंग के लिए किया चिन्हित**
- **ड्रोन से की जाएगी वीवीआईपी पार्किंग की निगरानी**

**लखनऊ/अयोध्या,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। योगी सरकार ने पार्किंग की व्यवस्था प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और उसके बाद आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम में पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया है।

इन पार्किंग में 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। इन पार्किंग को वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस किया गया है। एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने बताया कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की गाड़ियों को पार्क करने के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इनमें एक समय में एक साथ करीब 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रामपथ पर 5 स्थानों, भक्ति पथ मार्ग पर 1 स्थान, धर्म पथ मार्ग पर चार स्थानों, परिक्रमा मार्ग पर पांच स्थानों, बंधा मार्ग पर दो स्थानों, टेढ़ी बाजार रामपथ से महोबरा मार्ग पर एक और टेढ़ी बाजार रामपथ से उनवल मार्ग पर 7 स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा अयोध्या से गोंडा मार्ग पर दो, एनएच 27 पर दस स्थानों, तीर्थ क्षेत्र पुरम में सात स्थानों और कारसेवक पुरम टेंट सिटी के आस-पास तीन स्थानों, रामकथा मंडपम टेंट सिटी पर चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इन पार्किंग को सरकारी, नजूल, निजी और पर्यटन विभाग की भूमि पर बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या धाम में बनी मल्टीलेवल पार्किंग में भी गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। अयोध्या ट्रैफिक सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि रामपथ और भक्ति पथ स्थित 6 पार्किंग स्थानों को वीवीआईपी मेहमानों के वाहनों के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीवीआईपी मेहमानों की 1225 गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। इसके अलावा धर्म पथ मार्ग और परिक्रमा मार्ग पर नौ पार्किंग स्थानों को वीआईपी के लिए रिजर्व किया गया है।

## सार संक्षेप

### नगरपालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने चलवाया विशेष सफाई अभियान



**मवाना।** अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से शासनादेश पर मकर संक्रान्ति से नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले अध्यात्मिक स्थल, मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत शनिवार को नगरपालिका चेयरमैन अखिल कौशिक एवं ईओ राजीव जैन ने नगर में विशेष सफाई अभियान शुरू करते हुए मंदिरों में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद कराई। नगरपालिका मवाना द्वारा नगर के पांच मन्दिर पाण्डव चौक स्थित कौशिकों वाला मन्दिर, झारखण्डी मन्दिर, चौडा कुआं हनुमान मन्दिर, मखदुमपुर रोड शिव मन्दिर व मिल रोड स्थित वाल्मीकि मन्दिर पर रामायण पाठ व सुन्दर कांड आदि कराये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किए। नगर के मखदुमपुर रोड स्थित शिव मन्दिर में शनिवार को नगरपालिका मवाना द्वारा सुन्दरकाड का पाठ व हवन कराया गया। जिसमें आसपास के नागरिकों व पालिका कर्मचारी भी सम्मिलित रहे। नगरपालिका मवाना द्वारा नगर के वाल्मीकि मन्दिर में भी 22 जनवरी को रामायण पाठ व सुन्दरकाड का पाठ कराने का निर्णय लिया है।

### राम नाम लिखकर बनाया हनुमान का चित्र

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा श्री राम उत्सव का इतना सुंदर आयोजन विश्वविद्यालय में पहली बार हुआ है।



एक तरफजय श्री राम की मोहर लगाते हुए लोग वहीं दूसरी तरफबड़े कैनवास पर राम-राम लिखकर हनुमान जी की आकृति बनाते कलाकार... बहुत ही अद्भुत सुंदर दृश्य हैं जहां राम धुन पर झूम झूम कर लोग श्री राम जी का स्वागत कर रहे हैं। परिसर पूरी तरह से राममय हो गया है लोग परिवार के साथ जिसमें बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं ललित कला विभाग पहुंचकर राम नाम का छाप लगा रहे हैं। ललित कला विभाग द्वारा किया गया यह आयोजन बहुत ही प्रशंसनीय है ऐसा धीरेंद्र वर्मा, कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने ललित कला विभाग में पहुंचने पर कहा। साथ ही उन्होंने प्रोफेसर अलका तिवारी को बहुत-बहुत बधाई भी सुंदर आयोजन के लिए दी। मनीष मिश्रा, मुख्य अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने भी राम राम नाम लिखकर हनुमान जी को आगे बढ़ाया। तथा राम नाम की मोर भी पीतांबर वस्त्र पर लगे। तथा ललित कला विभाग की भूरी भूरी प्रशंसाएं सुंदर श्री राम उत्सवष्के लिए की।

### अयोध्या के कार सेवकों को स्मृति करेंगी सम्मानित

**अमेठी।** अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को आ रही केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अयोध्या के कार सेवकों को सम्मानित करेंगी। स्मृति ईरानी का यह दौरा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर समर्पित होगा। केंद्रीय मंत्री अपने निज निवास पर कार सेवकों को सम्मानित करेंगी।

# केनरा बैंक में एनयूएलएम का दीक्षांत समारोह आयोजित



**मेरठ,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद के ग्रामीण अंचल में बस रही गरीब युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वाभिलम्भी बनाने हेतु केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ द्वारा संस्थान में एनयूएलएम स्वावलम्बन योजनांतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।। इसमें जिला अग्रणी प्रबंधक सुनील कुमार मजूमदार ने 30 लाभार्थी को प्रमाणपत्र वितरित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के निदेशक विवेक सुकृष्ण ने कहा की देश के विकास हेतु ग्रामीण महिलाओं का उत्थान आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों के संबंध में सभी को अवगत कराया और इस महीने की 29 तारीख से शुरू होने वाले वुमन टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते इसे इसे लिये पंजीकरण कराने की अपील की।

- **30 लाभार्थियों को दिए गए प्रमाण पत्र**
- **छह दिवसीय प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार कर सकेंगे ग्रमीण युवा व महिलाएं**

# शुभ ऊर्जा बढ़ाने के साथ ही मन को शांति देता है सुंदरकांड का पाठ : डा. शल्याराज

**मेरठ,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सनातन मंदिर में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर समिति की अध्यक्ष डॉ. अंजलि खरे, सचिव डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. पवन पाराशर एवं डॉ. प्रदीप राघव के संयोजन में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन हुआ। मुख्य आचार्य पंडित नरेश शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ सुन्दरकांड पाठ किया। यजमान के रूप सुन्दरकांड पाठ का शुभारंभ सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र ने किया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। उन्हांने कहा कि सुन्दरकांड पाठ शुभ ऊर्जा बढ़ाने के साथ मन को शान्ति देता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम हमारे आदर्श है और श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन का श्रेय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को साधुवाद है। इस अवसर पर सुन्दरकांड पाठ कमेटी की ओर से हीरा लाल, अरूण कुमार, शशि, संजय दीक्षित, कपिल का सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, सुभारती सनातन मंदिर की अध्यक्ष डॉ.अंजलि खरे, सुभारती सनातन मंदिर समिति के सचिव डॉ. वैभव गोयल भारतीय, जस्टिस राजेश चन्द्रा, डॉ.पवन पाराशर, डॉ. आर. के. घई, बीना अस्थाना, विभा सिंह, डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. प्रियंका राघव, डॉ. शिल्पी जैन, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. सत्यम खरे, डॉ. प्रदीप राघव, डॉ. सरताज अहमद आदि का सहयोग रहा।



- **सुभारती विश्वविद्यालय के सनातन मंदिर में हुए आयोजन में जुटे रामभक्त**

# बीन बजाकर जाति प्रमाण पत्र बनाने की अपील

**मवाना,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। सपेरा बैगा जाति प्रमाणपत्र बनवाने की मांग को लेकर तहसील मवाना में चल रहा धरना प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शनकारियों ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचे पुलिस प्रशासनिक वापस लौटने पर प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उनकी गाड़ी के आगे खड़ा होकर गाडियां रोक दी और नारेबाजी करते हुए हंगामा कर दिया।

पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां रूकते देख सौरभ सिंह एवं एसडीएम अखिलेश यादव मौके पर दौड़ पडे और प्रदर्शनकारी महिलाओं को हटाते हुए जाति प्रमाणपत्र जारी करने का आश्वासन दिया। काफी समय तक सपेरा जाति के लोग बीन बजाकर अपनी मांगों को पूरा करने पर डटे रहे। एसडीएम अखिलेश यादव ने बताया कि पांच लोगों के अभिलेखों के आधार पर प्रमाणपत्र जारी कर दिए हैं और अन्य आवेदन पत्र की जांच कराई जा रही है।

# एमपीएस में गणित शिक्षकों की कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप आयोजित

### शिक्षा प्रणाली की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण पर दिया जोर

**मेरठ,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। एमपीएस मेन विंग में माध्यमिक स्तर पर गणित शिक्षकों के लिए योग्यता आधारित मूल्यांकन के लिये दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. विनम्र शर्मा, प्रधानाचार्य गॉडविन पब्लिक स्कूल मेरठ और साक्षी वशिष्ठ, टीजीटी गणित सेंट फ्रांसिस स्कूल ग्रेटर नोएडा ने कार्यक्रम में विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। स्कूल की प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने विशेषज्ञों (रिसोर्स पर्सन्स) का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने छात्रों और शिक्षा प्रणाली की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और क्षमताओं में सुधार करना और उनके लिए विषय को अधिक मनोरंजक और सरल बनाना था। कार्यक्रम का पाठ्यक्रम विकास, शिक्षाशास्त्र, मूल्यांकन, कक्षा प्रबंधन और प्रौद्योगिकी एकीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य अलका श्रीवास्तव गौड़ ने समस्त प्रबंध समिति की ओर से रिसोर्स पर्सन्स को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी शिक्षकों के ज्ञान अपवर्धन के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करवाते रहने का आश्वासन दिया।



# नगर में धूमधाम से निकाली श्री राम शोभा यात्रा



**फर्रुखाबाद,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में 22 जनवरी को हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर फर्रुखाबाद नगर में हिंदू संगठन ओ स्वराज कुटीर से 1008 श्री राम के प्रतिनात्मक स्वरूपों को पैदल निकल। गया। भगवान राम के भक्त जनों ने जगह-जगह आरती उतार कर उन पर पुष्प वर्षा की पुलिस व्यवस्था चौक चौबंद रही। यह शोभा यात्रा स्वराज कुटीर से प्रारंभ होकर लाल गेट घूमन। शोभा यात्रा में सांसद मुकेश राजपूत जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी डॉक्टर भूदेव राजपूत आदित्य मिश्रा एक पत्नी अनीता द्विवेदी अजीत पाठक सुधांशु द्विवेदी पप्पन मियां ब ारसी सोनी शुक्ला सभासद अतुल शंकर दुबे राम सारस्वत अरविंद मिश्रा देवेंद्र मिश्रा सुरेंद्र पांडे आदि हजारों की संख्या में भक्ति जन मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कराया सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ

**मवाना,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। फलावदा नगर से शामिल हुए कार सेवकों के बीच फलावदा के हनुमान मंदिर में पहुंचे जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने भगवान श्रीराम का महोत्सव हर्षोल्लास संग मनाने से पहले भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया कहा कि कार सेवकों का बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस दौरान कार सेवकों ने नगर के हर घर पर भगवान श्रीराम का झंडा लगाकर भगवान श्रीराम की रथयात्रा निकाली और मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने भगवान श्रीराम का राजतिलक कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। कार सेवकों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सभी हिन्दुओं के द्वारा दिए गए बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होंगे जोकि एक सत्य की जीत है। इसी को लेकर हिंदू धर्म से जुड़े लोगों को 22 जनवरी का दिन देशभक्त ही नहीं बल्कि दीपावली के रूप में मनायेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ नगर में रथयात्रा निकाली।

**कार सेवक सम्मानित**



**आयोजन** — *श्री वेंक्टेश्वरा विवि में अखण्ड रामायण पाठ का हुआ आयोजन*

# प्राण प्रतिष्ठा में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचेंगे डा.सुधीर

**मेरठ, 20 जनवरी (देशबन्धु)। श्री वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को रामलला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने पर आज संस्थान परिसर में उनके लिए 'अभिनंदन समारोह एवं अखण्ड रामायण पाठ' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं गुरुकुल महाविद्यालय की मुख्य प्रशासिका आचार्या सुमेधा दीदी ने डॉ.सुधीर गिरि को निमंत्रण पत्र एवं राममन्दिर भेंट कर उनका अभिनन्दन किया।**

आमंत्रण से अभिभूत अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलना उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। कहा कि यह उनके पूर्व जन्म के पुण्यों, माता-पिता के आर्शीवाद एवं उनके ऊपर प्रभु श्रीराम की असीम अनुकम्पा का परिणाम है। साथ ही उन्होंने भाव-विभोर होते हुये कहा कि यह निमंत्रण सिर्फ उन्हें ही नहीं मिला है इसे वह उनसे और संस्थान से जुड़े हर व्यक्ति के साथ साझा करना चाहते हैं। व्यक्तित्व निमंत्रण नहीं है, बल्कि यह पूरे मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल के रामभक्तों की आस्था एवं विश्वास को निमंत्रण है। इस दौरान कालेज के छात्र एवं छात्राओं ने राम स्तुति और अखण्ड रामायण पाठ से कालेज के माहौल को राममयी बना दिया। कालेज प्रबंधन ने सभी छात्र और छात्राओं को डा. सुधीर गिरी से प्रेरणा लेकर देश और समाज के लिये बेहतर कार्य करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर. एस. शर्मा, कुलपति डॉ. राकेश कुमार यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, आशी नायर, एस. एस. बघेल, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित थे।



- **कल आयोध्या में आयोजित होगा कार्यक्रम**
- **तैयारियों को लेकर तैयार की जा रही रूपरेखा**

# एमआईटी कॉलेज में छात्राओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**मुरादाबाद,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में पाकबड़ा के यूट्यूबर आमिर और दानिश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ने एमआईटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लड़कियों और महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अमन शर्मा की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने यूट्यूबर आमिर और दानिश के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसमें अमन शर्मा ने बताया कि रामगंगा विहार स्थित एमआईटी कॉलेज परिसर में 14 जनवरी को एक कार्यक्रम हुआ था।

# भर भराकर गिरा प्रेम चुनरिया इमारत का कोना

**मुरादाबाद,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। स्मार्ट सिटी योजना के तहत स्मार्ट रोड नेटवर्क की राह में बुध बाजार में बाधा बनीं 22 दुकानों को तोड़ने का काम बेतरतीब ढंग से जारी है। शुक्रवार रात होटल प्रेम चुनरिया की चार मंजिल बिल्डिंग का एक कोना भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे लोगों में भगदड़ मच गई।


### सूचना

सर्वहितकारी सुमित्रा देवी इंटर कालेज रजा भूड़ संभल में प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में होगा। अतः सभी प्रबंध समिति के सदस्य समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

**अध्यक्ष सर्वहितकारी सुमित्रा देवी इंटर कालेज रजाभूड़ जनपद संभल।**

### बहुत कम उम्र में अनाथ हो गए थे अरशद वारसी, 'झलक दिखला जा' में शेयर किए संघर्ष भरे दिन

**मुंबई।** एक्टर अरशद वारसी ने अपने बचपन के दिनों में लगातार घर बदलने और कम उम्र में अपने माता-पिता को खोने की घटना को याद करते हुए कहा कि यह उनके लिए आसान जीवन नहीं था। अरशद, जो वर्तमान में शो 'झलक दिखला जा' में जज के रूप में नजर आते हैं, का जन्म म्यूजिशियन अहमद अली खान के घर मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा महाराष्ट्र के नासिक के एक बोर्डिंग स्कूल में की। वह बहुत कम उम्र में अनाथ हो गए थे और अपने शुरुआती दिनों में उन्हें मुंबई में जीवनयापन के लिए संघर्ष करना पड़ा था। अपने सफर को याद करते हुए अरशद ने कहा कि हमारी स्थिति बड़ी अजीब थी। एक दौर था जब मैं बोर्डिंग स्कूल जाता था और जब लौटता था तो हम उस घर से शिफ्ट हो जाते थे।

# राम आएंगे तो 10 लाख दीपों से सजेगी अयोध्या

## मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर प्रज्ज्वलित की जाएगी 'राम ज्योति'

**लखनऊ/ अयोध्या,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। महज दो दिन और, 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी रामनगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। डबल इंजन की सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की जाएगी। राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। कभी वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी तो अब प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। सात वर्षों से दीपोत्सव का भव्यतम आयोजन करा रही योगी सरकार 22 जनवरी को फिर से दीपों से अयोध्या सजाएगी, जिसका दिव्यतम दीदार दुनिया करेगी।

**'सरयू की मिट्टी' से बने दीपों से रोशन होगी राम की नगरी**



योगी सरकार ने 2017 में सत्ता संभालने के बाद ही दीपोत्सव का आयोजन कराया था। 2017 में 1.71 लाख दीपों से अयोध्या सजाने वाली योगी सरकार ने 2023 दीपोत्सव में 22.23 लाख दीप सजाकर नया रिकॉर्ड बनाया था। वहीं श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य उत्सव के उपरांत भी योगी सरकार की तरफ से पूरी अयोध्या को दीपों से सजाया जाएगा। योगी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से इसकी भव्य तैयारी की जा रही है। रामलला, राम की पैड़ी, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे।

प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर अयोध्या, प्रदेश, देश और दुनिया में राम भक्त उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्ज्वलित करने को कहा गया है। योगी सरकार ने अपील की है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव करें। 'राम ज्योति' के माध्यम से बिखरी आभा से पूरा वातावरण राममय हो जाए।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि 22 जनवरी की सांझ 100 प्रमुख मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। सरकार की मंशानुरूप दीप जलाए जाएंगे तो इसमें स्थानीय कुम्हारों की मदद ली जा रही है। उनसे दीपों को क्रय किया जा रहा है। मुख्य आयोजन के उपरांत सरकार के साथ ही जनसहभागिता से भी इसे काफी वृहद पैमाने पर किया जाएगा।

## अयोध्या नगर निगम की अनूठी पहल

# मंदिर होंगे स्वच्छ, भगवान के चरणों में चढ़े फूलों से बनेगी धूप

**अयोध्या,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और इसके बाद मंदिर में उपयोग होने वाले और भगवान के श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूलों के कारण मंदिर परिसर में गंदगी न हो, इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत अयोध्या धाम के सभी मंदिरों में चढ़े फूलों को प्रॉसेस करके धूपबत्ती बनाई जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा में बड़ी तादाद में चढ़ने वाले फूलों को भी नगर निगम इसी तरह प्रॉसेस करेगा, जबकि, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भी मंदिर परिसर में उपयोग होने वाले फूलों से धूपबत्ती बनाई जाएगी, ताकि मंदिर को न सिर्फ स्वच्छ रखा जा सके, फूलों की प्रॉसेसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा सके। एक आकलन के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद है, जबकि अभी यह 2.3 मीट्रिक टन हो रहा है।

**9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या जी में हर साल असंख्य तीर्थयात्री आते हैं, जिससे टनों पुष्प अपशिष्ट उत्पन्न होता है। इस पुष्प अपशिष्ट को एकत्र करके इसे प्राकृतिक अगरबत्ती में परिवर्तित किया जाता है। यह पहल, अयोध्या के मंदिर के फूलों को एक नया जीवन प्रदान करती है और पूरे भारत के भक्तों के लिए एक शुभ, सुगंधित अनुभव बनाती है, जो श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उत्सव में शामिल हो सकते हैं और अयोध्या जी और भगवान राम का आशीर्वाद घर ला सकते हैं, चाहे वे कहीं से भी हों।

उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद इस प्रक्रिया में और तेजी लाई जाएगी, क्योंकि, 22 जनवरी के बाद लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के अयोध्या धाम आने की संभावना है। ये श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में फूलों के माध्यम से अपने आराध्य के प्रति आस्था व्यक्त करेंगे। फूलों के कारण मंदिरों और धाम में कचरे की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए फूलों की प्रॉसेसिंग के साथ ही धूप बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी। एडीए उपाध्यक्ष के ओएसडी विनीत पाठक ने बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से बनी बांस रहित धूप को लॉन्च किया था। यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार, अयोध्या नगर निगम और नमामि गंगे कार्यक्रम के समर्थन और मार्गदर्शन के कारण संभव हो पाई है। इसके लिए फूल नाम के संगठन को जिम्मेदारी दी गई है, जिसने फूलों के कचरे के संग्रह और पुनर्चक्रण के लिए अयोध्या नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

उन्होंने कहा कि सौम्य चंदन तेल की सुगंध से युक्त ये धूप पूरी दुनिया में राम जन्म भूमि का आशीर्वाद ले जा रही हैं। लाखों भारतीयों के दैनिक पूजा अनुष्ठानों के लिए तेजी से उपलब्धता के लिए फूल द्वारा क्यू-कॉम प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्पाद लॉन्च किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा से पहले अभी वर्तमान में अयोध्या धाम से प्रतिदिन 2.3 मीट्रिक टन अपशिष्ट फूलों का पुनर्चक्रण किया जा रहा है।

## तमिलनाडु के रंगनाथ स्वामी मंदिर के पुजारियों ने राम मंदिर के लिए दिए उपहार



**चेन्नई,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्वामी रंगनाथ मंदिर के पुजारियों ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार दिये। इससे पहले, मोदी ने प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर के हाथी 'अंडाल' को खाना भी खिलाया।

उन्होंने एक तमिल विद्वान द्वारा प्रस्तुत 'कंब रामायणम' के छंद भी सुने। ऐसा माना जाता है कि 12वीं सदी के तमिल कवि कंबर - जिन्होंने पहली तमिल रामायणम लिखी थी - ने मंदिर में स्वामी रंगनाथ के सामने छंदों का पाठ किया था। मंदिर के अंदर एक चबूतरा है जिसका नाम 'कंबा रामायण' है। मंदिर के अंदर 'मंतपम' नाम की एक जगह है। ऐसा माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां कवि कंबर स्वामी रंगनाथनाथ के समक्ष रामायण का पाठ करते हुए बैठे थे। मंदिर में एक विद्वान द्वारा कंब रामायण के पाठ का श्रवण करते समय मोदी ठीक उसी स्थान पर बैठे जहां कंबर बैठते थे। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मोदी तमिलनाडु से सीधे अयोध्या पहुंचेंगे।

# इम्यून सिस्टम भविष्य में ओमिक्रॉन वेरिएंट से लड़ने के लिए मजबूत स्थिति प्राप्त कर लेगी

## मेमोरी टी कोशिकाओं में देखी गई वृद्धि का प्राथमिक कारण

**सियोल,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि मानव प्रतिरक्षा प्रणाली भविष्य में खुद-ब-खुद ओमिक्रॉन वेरिएंट के संक्रमण से लड़ने के लिए एक मजबूत स्थिति प्राप्त कर लेगी। जिसमें वर्तमान में प्रसारित जेएन.1 भी शामिल है। इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस (आईबीएस) के दक्षिण कोरियाई वैज्ञानिकों की एक टीम ने घोषणा की है कि ओमिक्रॉन ब्रेकथ्रू संक्रमण के दौरान बनने वाली मेमोरी टी कोशिकाएं वायरस के बाद के स्ट्रेन पर प्रतिक्रिया करती हैं और भविष्य के किसी भी कोविड संस्करण से होने वाली गंभीर बीमारी से बचाती हैं।



शोध का नेतृत्व करने वाले रिसर्च फेलो जंग मिन क्यूंग ने कहा कि यह खोज हमें कोविड महामारी के नए युग में नए दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह समझा जा सकता है कि नए वायरस वेरिएंट के लगातार उभरने के जवाब में, हमारे शरीर ने भी वायरस के भविष्य के स्ट्रेन से निपटने के लिए अनुकूलित किया है। 2021 के अंत में उभरने वाले गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 ओमिक्रॉन संस्करण ने अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में भारी वृद्धि की थी, जिसने इसे 2022 में प्रमुख स्ट्रेन बनने की अनुमति दी थी तब से ओमिक्रॉन के नए स्ट्रेन उभरते रहे हैं।

हाल ही में जेएन.1 स्ट्रेन ओमीक्रॉन वेरिएंट के नए स्ट्रेन बीए.1 और बीए2 से शुरू होकर, बीए.4/बीए.5, बीक्यू.1, एक्सबीबी स्ट्रेन से टीकाकरण के बावजूद बड़े पैमाने पर संक्रमण फैल गया है।

संक्रमित होने या टीकाकरण के बाद शरीर वायरस के खिलाफ निष्क्रिय एंटीबॉडी और मेमोरी टी कोशिकाएं बनाती है, निष्क्रिय करने वाली एंटीबॉडी कोशिकाओं को वायरस से संक्रमित होने से रोकने का काम करती है। जबकि, मेमोरी टी कोशिकाएं संक्रमण को रोक नहीं सकती हैं, वे वायरल संक्रमण को गंभीर बीमारी में बढ़ने से रोककर संक्रमित कोशिकाओं को जल्दी से खोज और नष्ट कर सकती हैं। टीकाकरण के बाद संक्रमण से पीड़ित होने के बाद हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में होने वाले परिवर्तनों का पता लगाने के लिए, टीम ने मेमोरी टी कोशिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया, जो ओमिक्रॉन संक्रमण के बाद बनी थीं।

ओमिक्रॉन वेरिएंट पर पिछले अध्ययनों में ज्यादातर टीके की प्रभावकारिता या एंटीबॉडी को बेअसर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, मगर मेमोरी टी कोशिकाओं से संबंधित शोध में तुलनात्मक रूप से कमी रही है।

टीम ने 2022 की शुरुआत में बीए.2 ओमिक्रॉन ब्रेकथ्रू संक्रमण से पीड़ित और ठीक हुए मरीजों का चयन किया और उनकी मेमोरी टी कोशिकाओं पर विशेष रूप से विभिन्न ओमिक्रॉन वेरिएंट जैसे बीए.2 बीए.4/बीए/5 और अन्य पर प्रतिक्रिया करने की उनकी क्षमता का अध्ययन किया।

## भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन ने सर्वोदय अस्पताल फरीदाबाद को चुना स्वास्थ्य पार्टनर



नई दिल्ली 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 'योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024' एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500' के लिए आधिकारिक स्वास्थ्य भागीदार के रूप में सर्वोदय अस्पताल, सेक्टर 8, फरीदाबाद को चुना है। बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए केडी जाधव इनडोर हाल पूरी तरह से तैयार है और इसमें दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लें रहे हैं। प्रतिष्ठित बैडमिंटन चैंपियनशिप वर्ल्ड टूर सुपर सर्किट का हिस्सा है, जिसे बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा स्वीकृत किया गया है। सर्वोदय हेल्थकेयर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने इस मुद्दे पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'हम 'योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024' के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। लगातार पांच वर्षों तक उनके आधिकारिक स्वास्थ्य भागीदार के रूप में, सर्वोदय अस्पताल इस प्रतिष्ठित बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान एथलीटों और दर्शकों का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष स्तर की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।' सर्वोदय अस्पताल, जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, 16 जनवरी, 2024 से स्थल पर एक पूर्ण चिकित्सा केंद्र लगाया हुआ है। यह केंद्र प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। इसके अतिरिक्त, पुरुष और महिला फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाओं के साथ-साथ एम्बुलेंस सुविधाएं भी साइट पर उपलब्ध हैं।

# चाहत खन्ना ने 'श्रीमद रामायण' का हिस्सा बनने से किया इनकार

**मुंबई,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। भव्य पौराणिक शो 'श्रीमद रामायण' का हिस्सा बनने के प्रस्ताव को अभिनेत्री चाहत खन्ना ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक 'अप्सरा' का किरदार निभाने की पेशकश की गई थी और वह इसे निभाना नहीं चाहती थीं इसलिए उन्होंने विनम्रता से इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। चाहत ने कहा कि सबसे पहले 'रामायण' जैसे विशाल पौराणिक शो में भूमिका के लिए विचार किया जाना सम्मान की बात है। हालांकि, मुझे इसे अस्वीकार करना पड़ा, और मैं इससे खुश नहीं थी। मुझे जो किरदार ऑफर किया गया वह एक अप्सरा का था, जिसे मैं निभाना नहीं चाहती थी। अगर यह सीता की प्रमुख भूमिका होती तो मैं प्रस्ताव स्वीकार कर लेती। क्या इसका मतलब यह है कि वह अपने करियर के इस पड़ाव पर नकारात्मक भूमिकाएं निभाने से परहेज कर रही हैं? चाहत ने कहा कि मुझे ज्यादातर ग्रे भूमिकाओं के प्रस्ताव मिलते हैं। हाल ही में, मैंने सोनी सब के एक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि मैं एक शो साइन करने की कगार पर हूं जिसमें मैं नायिका की भूमिका निभाऊंगी।



# सेबी अध्यक्ष ने लॉन्च कीं सीडीएसएल की बहुभाषी पहलें

नोएडा 20 जनवरी (एजेंसियां)। एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने अपने रजत जयंती वर्ष के मौके पर पूंजी बाजार में समावेश और पहुंच बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनज़र दो अनोखी बहुभाषी पहल शुरू करने की घोषणा की। इन पहलों को सेबी की अध्यक्ष, श्रीमती माधबी पुरी बुच ने 17 जनवरी 2024 को आयोजित रजत जयंती समारोह में लॉन्च किया। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री नेहल वोरा ने रजत जयंती कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'हम अपनी अविश्वसनीय यात्रा के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं और ऐसे में सेबी अध्यक्ष को सीडीएसएल की महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ करते देखना हमारे लिए सम्मान की बात है।

हमारे समावेश संबंधी मूल मूल्य पर आधारित, ये नए लॉन्च हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। समावेशी विश्वास वह प्रेरक शक्ति है जिसे हम रजत जयंती से शताब्दी समारोह तक के सफ़र में सीडीएसएल की मूल भावना के रूप में देखते हैं। सीडीएसएल ने निवेशक कैस से जुड़ी एक नई क्रांतिकारी पहल की शुरुआत की है, जिससे निवेशकों को 23 विविध भारतीय भाषाओं में से अपनी पसंदीदा भाषा में अपने जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सीडीएसएल की वेबसाइट पर एक अनोखा बहुभाषी चैटबॉट; 'सीडीएसएल बडी सहायता 24*7' है, जिसका उद्देश्य है, निवेशकों की 'आत्मनिर्भरता' या आत्म निर्भरता की यात्रा को सरल बनाना। फिलहाल, शुरुआत में चार भाषाओं में सहायता प्रदान कर यह चैटबॉट एक निरंतर साथी बन जाता है, जो हमारे प्रतिभूति बाज़ारों की बारीकियों के ज़रिये निवेशकों को चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करता है।

# मलाइका अरोड़ा ने किया बचपन को याद, जब किराये के घर में रहतीं थी एक्ट्रेस

**मुंबई,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। मॉडल और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा, जो वर्तमान में शो 'झलक दिखला जा' में जज के रूप में नजर आ रही हैं, ने किराए के घर में बिताए अपने बचपन को याद किया और उन शुरुआती दिनों की चुनौतियों के बारे में जानकारी साझा की।

महाराष्ट्र के ठाणे में पैदा हुई मलाइका अपने माता-पिता के अलग होने के बाद बहन और एक्ट्रेस अमृता अरोड़ा और अपनी मां के साथ चेंबूर चली गईं। सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो के नए एपिसोड में, पहलवान संगीता फोगाट ने अपने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ, इमरान हाशमी स्टारर 2012 की राजनीतिक थ्रिलर 'शंघाई' के अरिजीत सिंह, नंदिनी श्रीकर और शेखर रवजियानी द्वारा गाए सॉन्ग 'जो भेजी थी दुआ' पर परफॉर्म किया।

उनके परफॉर्मेंस ने मजदूरों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए एक शक्तिशाली मैसेज दिया, जो अथक प्रयास करके दूसरों के लिए घर बनाते हैं लेकिन खुद को अपने घर के बिना पाते हैं।

संगीता के परफॉर्मेंस के बाद, मलाइका फूट-फूट कर रोने लगीं और उन्होंने कहा कि मुझे याद है हम लोग किराये के मकान में रहते थे। हमारे पास अपना घर नहीं था, मेरा मतलब है, जहां तक मुझे याद है, हम किराए के घर में रहते थे। हम अक्सर मजाक में कहते हैं कि हम बचपन में माचिस की डिब्बी में रहते थे। मुझे याद है कि घर कितना छोटा था।

उन्होंने कहा कि अगर हम घूमते थे, तो डर लगता था कि किसी को चोट लग सकती है। यह बहुत, बहुत मुश्किल था, थोड़े से पैसे बचाने के बाद, मैं एक घर खरीदना चाहती थी। और, मैंने इसके बारे में अपनी मां को बताया था। उन्होंने आगे कहा कि कॉन्सेप्ट आपका मुझे बहुत पसंद आया। मुझे यकीन है कि कई लोगों के पास इस कॉन्सेप्ट की अलग-अलग इंटरप्रिटेशन होंगी, लेकिन, जिस तरह से आपने इसे प्रस्तुत किया वह बहुत सुंदर इंटरप्रिटेशन थी। संगीता, आप एक नेचुरल एक्ट्रेस हैं। आपके भीतर एक एक्ट्रेस है। मलाइका ने कहा कि जिस तरह से आपने अपने डायलॉग की शुरुआत की, जिस तरह से आप अपनी ड्रेस पर हाथ साफ कर रही थीं, वो छोटी-छोटी बातें शानदार थीं। मुझे नहीं लगता कि आपको इसका एहसास है, लेकिन, झलक के इस सफर के दौरान आपके भीतर एक एक्ट्रेस उभर कर सामने आई है। मेरा मानना है कि अगर कोई फिल्म बनती है तो एक्ट आपको ही करना चाहिए। आप एक शानदार एक्ट्रेस हैं। आप डांस करते हैं, आप इमोशन दिखाते हैं, आप एक्ट करते हैं यह अद्भुत है। झलक दिखला जा सोनी पर प्रसारित होता है।



# कश्मीर में बर्फ नहीं तो फिल्मों की शूटिंगें भी नहीं और डेस्टिनेशन वेडिंग भी नहीं

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 20 जनवरी (देशबन्धु)। पिछले कई दिनों से कश्मीर के उन विभिन्न स्थानों पर कई फिल्म बनाने वाली टीमें डेरा लगाए बैठी हैं जिन्हें बर्फ के दृश्य अपने कैमरों में कैद करने हैं और गिरती बर्फ में गानों को शूट करना है। पर उनका इंतजार लंबा हो गया है। हालांकि मौसम विभाग अब 25 जनवरी से बर्फबारी की संभावना जता रहा है पर उन्हें उम्मीद नहीं है। नतीजतन कश्मीर में फिलहाल न ही फिल्मों की शूटिंगें हो रही हैं और न ही डेस्टिनेशन वेडिंगें जिन्हें भी प्री वेडिंग शूट के लिए बर्फ का इंतजार है। यह सच है कि कश्मीर में लंबे समय से चल रही शुष्क सर्दी का असर फिल्म उद्योग पर भी पड़ रहा है क्योंकि बालीवुड, प्रमोशनल और शादी समेत कई फिल्में टल रही हैं। जानकारी के लिए कश्मीर का शीतकालीन आकर्षण, इसकी प्राचीन बर्फ से ढके परिदृश्यों की विशेषता, लंबे समय से बालीवुड और प्री-वेडिंग शूट के लिए एक पसंदीदा सेटिंग रही है। पिछले कुछ वर्षों से अधिकांश फिल्मों की शूटिंग कश्मीर में सर्दियों के दौरान की गई है, क्योंकि बर्फबारी के बाद कश्मीर का आकर्षण दोगुना हो जाता है। हालांकि, इस सर्दी में तापमान की विविधता देखी गई है, क्योंकि यह क्षेत्र आश्चर्यजनक रूप से बर्फबारी की कमी से जूझ रहा है। इसके कारण कई शूटिंगें स्थगित करनी पड़ीं हैं, जिनमें ज्यादातर बालीवुड, प्री-वेडिंग और प्रमोशनल फिल्में शामिल हैं।



कश्मीर में बालीवुड फिल्मों के लाइन प्रोड्यूसर दानिश खान के बकौल, बर्फ रहित सर्दियों के कारण उनकी कई निर्धारित शूटिंग स्थगित कर दी गई हैं। वे कहते थे कि हमें कश्मीर में मौसम की स्थिति के बारे में बालीवुड से कई प्रश्न मिल रहे हैं। सर्दियों के दौरान विशेषकर बर्फबारी के दौरान कई बालीवुड शूटिंग कश्मीर में निर्धारित की जाती हैं। चूंकि, यहां शुष्क मौसम है और बर्फ का कोई निशान नहीं है, इसलिए शूटिंग या तो रद्द कर दी जाती है या स्थगित कर दी जाती है।

**बालीवुड, प्रमोशनल और शादी समेत टल रही कई फिल्में**

दानिश खान की हैमियास्टो प्रोडक्शंस नाम से एक प्रोडक्शन कंपनी भी है। वे बताते थे कि उनके पास सर्दियों के लिए पाइपलाइन में तीन परियोजनाएं थीं, जिनमें से दो अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गईं। उनका मानना था कि जबकि शीतकालीन सुंदरता ने कश्मीर में फिल्म पुनरुद्धार में बहुत मदद की है। अब, हम बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं ताकि शूटिंग प्रभावित न हो।

हालांकि हैमियास्टो प्रोडक्शंस के प्रोडक्शन मैनेजर पीर इदरीस कहते थे कि सूखी नदियां भी कश्मीर में फिल्म की शूटिंग को स्थगित करने में योगदान देती हैं। कुछ फिल्में अब बर्फ दृश्यों की शूटिंग के लिए रूस में स्थानांतरित हो गई हैं। उनका मानना था कि पृष्ठभूमि में बर्फ से ढके पहाड़ों के साथ बहती नदियां बालीवुड फिल्मों के लिए एक उपयुक्त सेटिंग प्रदान करती हैं। और बिना बर्फ वाले कश्मीर में स्थानीय फिल्म निर्माता, जो आमतौर पर मनमोहक बर्फ से ढके दृश्यों के आसपास अपने कार्यक्रम की योजना बनाते हैं, एक अभूतपूर्व दुविधा का सामना कर रहे हैं। इमाद क्लिक्स के नाम से प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और फोटोग्राफर मियां इमाद कहते थे कि मेरे पास तीन संगीत वीडियो और दो प्री-वेडिंग शूट निर्धारित थे, जो रद्द हो गए। नतीजतन चल रहे सूखे ने स्थानीय फिल्म निर्माताओं के काम को काफी हद तक प्रभावित किया है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.52 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.04 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.56 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.40 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.24 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 1.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.66 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.10 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## घने कोहरे के चलते उत्तर रेलवे की 11 ट्रेनें देरी से चल रहीं



**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। घने कोहरे ने सड़क यातायात के साथ रेल मार्ग यातायात पर भी काफी असर डाला है जिसके चलते उत्तर रेलवे की करीब 11 ट्रेन देरी से चल रही हैं। इन ट्रेनों के देरी से चलने के कारण इनमें सफर कर रहे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, 45 मिनट से लेकर 6 घंटे तक की देरी से यह ट्रेनें चल रही हैं। उत्तर रेलवे के मुताबिक, दिल्ली क्षेत्र में 11 ट्रेन हैं जो देरी से आ रही हैं।

लिस्ट के मुताबिक 1- 11841 खजराहो-कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस- 1.20, 2 - 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस - 02.15, 3- 12225 आज़मगढ़-दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस - 02.00, 4 - 12919 अम्बेडकरनगर-कटरा -01.00, 5- 12557 मुजफ्फरपुर-आनंदविहार एक्सप्रेस- 01.30, 6 - 12779 वास्को-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस - 06.00, 7 - 12615 चेन्नई-नई दिल्ली एक्सप्रेस - 01.00, 8 - 12447 मानिकपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस - 01.15, 9 - 15658 कामाख्या-दिल्ली जंक्शन ब्रह्मपुत्र मेल -00.45, 10 - 12414 जम्मूतवी-अजमेर पूजा एक्सप्रेस - 00.45, 11 - 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस - 00.45 की देरी से चल रही हैं। कोहरे और धुंध के चलते इन ट्रेनों में सफर करने वाले लोगों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार रेलवे यह कोशिश करता है कि ट्रेनों का समय बिल्कुल ठीक रहे लेकिन इस मौसम में कोहरे के सामने तकनीक भी बेसर दिखाई देती है।

## मजबूत बढ़त के बाद पीएसयू शेयर 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। पीएसयू शेयरों में शनिवार को भारी बढ़त दर्ज की गई। सपाट बाजार में पीएसयू सूचकांक में 2 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई। पीएसयू शेयरों में, रेलवे के शेयर सबसे ज्यादा बढे। इरकॉन में 17 प्रतिशत से अधिक, राइट्स में 17 प्रतिशत, रेलटेल में 16 प्रतिशत, आरवीएनएल में 10 प्रतिशत, आईआरएफसी में 10 प्रतिशत, आईटीडीसी में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एंड्रयू यूल 13 प्रतिशत ऊपर, एनएचपीसी 10 प्रतिशत, एमएमटीसी 10 प्रतिशत, एनबीसीसी 8 प्रतिशत, एनएफएल 8 प्रतिशत, एमटीएनएल 8 प्रतिशत, एससीआई 7 प्रतिशत, सटीसी 6 प्रतिशत, हुडको 6 प्रतिशत, एसजेवीएन 6 प्रतिशत, एनएलसी इंडिया 6 प्रतिशत, आईआरसीटीसी 6 प्रतिशत, जीआईसी आरई 5 प्रतिशत, आरसीएफ 5 फीसदी, केआईओसीएल 5 फीसदी ऊपर है। कई पीएसयू शेयर एक साल के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। रेलवे शेयरों में भारी बढ़त



दर्ज की जा रही है। आईआरएफसी का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 2.30 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इसने बाजार पूंजीकरण में महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो को पीछे छोड़ दिया।

### नरम रुख के बीच आईटी, एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लंबी छुट्टियों और कम वॉल्यूम के कारण घरेलू बाजारों में नरम रुख रहा। उन्होंने कहा कि आईटी और एफएमसीजी में मुनाफावसूली देखी गई, जबकि निजी बैंकों में हालिया तेज सुधार और तीसरी तिमाही की स्थिर आय के बाद चुनिंदा खरीदारी रही। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह, अमेरिका के जीडीपी डेटा के साथ-साथ बैंक ऑफ जापान और यूरोपीय केंद्रीय बैक के ब्याज दर निर्णयों से बाजार में गतिशीलता बढ़ेगी। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि निफ्टी बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अस्थिर रहा। समग्र समेकन चरण अगले कुछ दिन तक या जब तक निफ्टी 21,500-21,700 के दायरे में रहता है तब तक जारी रह सकता है। केवल दोनों तरफ से एक निर्णायक ब्रेकआउट ही दिशात्मक कदम शुरू कर सकता है। 21,500 के नीचे एक महत्वपूर्ण गिरावट 21,300 और उससे नीचे की ओर सुधार को ट्रिगर कर सकती है। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, अपट्रेंड को फिर से शुरू करने के लिए 21,700 से ऊपर एक मजबूत ब्रेकआउट की आवश्यकता है।

## सीसीपीए के नोटिस के बाद अमेजन ने प्लेटफॉर्म से 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' मिठाई हटाई

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) से नोटिस मिलने के बाद अमेजन ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम से बेची जाने वाली मिठाइयां प्लेटफॉर्म से हटा दी हैं। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, इन उत्पादों में 'घी बूंदी लड्डू', 'खोया खोबी लड्डू', 'रघुपति घी लड्डू' और 'देसी गाय के दूध का पेड़ा' शामिल है। अमेजन के प्रवक्ता ने अपने एक बयान में कहा, 'हमें कुछ विक्रेताओं द्वारा भ्रामक उत्पाद दावों और उनके उल्लंघन की जांच के संबंध में सीसीपीए से सूचना मिली है। फिलहाल हम अपनी नीतियों के अनुसार ऐसी लिस्टिंग के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहे हैं।' एक कंपनी ने यह भी जिक्र किया कि अमेजनडॉटइन एक थर्ड-पार्टी बाज़ार है जहां विक्रेता अमेजन नहीं, भारतीय कानूनों और अमेजन नीति के अनुसार ग्राहकों को उत्पाद सूचीबद्ध करते हैं और बेचते हैं। नोटिस में सीसीपीए ने अमेजनडॉटइन पर 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम से मिठाइयों की बिक्री के संबंध में अमेजन से सात दिन के भीतर जवाब मांगा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि कंपनी दिए गए समय के भीतर जवाब देने में विफल रहती है, तो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## टेक्नोलॉजी और सहयोग को बढ़ावा देने से होगी सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति- नैसकॉम फाउंडेशन का टेकफॉरगुड इंडिया कॉन्क्लेव

नई दिल्ली, 20 जनवरी (देशबन्धु)। टेकफॉरगुड इंडिया कॉन्क्लेव 2024 में मुख्य भाषण के दौरान अभिषेक सिंह, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, ने कहा, 'सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ने के लिए भारत देश टेक्नोलॉजी का उपयोग करने, डीपीआई का लाभ लेने, और वैश्विक समुदाय के साथ अपने अनुभवों व विशेषज्ञता को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है।' नैसकॉम फाउंडेशन ने संयुक्त राष्ट्र के 2030 एसडीजी एजेंडा के अनुरूप, आज नई दिल्ली में अपने टेकफॉरगुड इंडिया कॉन्क्लेव 2024 की मेज़बानी की। इस कार्यक्रम ने खुद को नागरिक समाज, सामाजिक नवप्रवर्तकों, उद्यमियों, सरकारी प्रतिनिधियों और टेक्नोलॉजी लीडर के लिए एक आदर्श मंच के रूप में स्थापित किया।

**भाषा की बाधाओं को दूर करने और डिजिटल समावेशन और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ भाषिनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए**

साथ ही, यह एक विकास स्थान के रूप में भी उभरकर सामने आया, जिसमें उपरोक्त सभी एक साथ आ सकें और भारत के सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने की दिशा में सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा दे सकें।

इस कॉन्क्लेव में, नैसकॉम फाउंडेशन ने क्रेआ यूनिवर्सिटी में लीड के सहयोग से एक रिपोर्ट लॉन्च की, जिसका शीर्षक 'डिजिटल डिविडेंड: ग्रामीण भारत में महिला उद्यमियों द्वारा सामाजिक वाणिज्य के उपयोग को समझना' है। यह अध्ययन वर्तमान रुझानों, डिजिटल समाधानों को अपनाने और हितधारकों की भूमिका का पता लगाता है, ताकि सामाजिक वाणिज्य और इसकी व्यावसायिक उपयोगिता की बढ़ी हुई उपलब्धता, पहुँच और जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया जा सके।

नैसकॉम फाउंडेशन ने भाषिनी के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत नैसकॉम फाउंडेशन डिजिटल साक्षरता और एआइ कॉन्टेंट का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए भाषिनी के मंच का लाभ उठाएगा। इससे न सिर्फ पहुँच में वृद्धि होगी और शैक्षिक आउटरीच को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भाषा को लेकर आने वाली बाधाएँ भी दूर होंगी, और साथ ही समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा तथा भागीदार संगठनों के नेटवर्क को भी मजबूती मिलेगी।

## सार संक्षेप

### लोकपाल जांच के बीच सरकार ने सेल के 28 अधिकारियों को निलंबित किया

**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्ती और निदेशक (वित्त) ए.के. तुलसियानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा, 'इस्पात मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए सेल ने कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।' इसमें कहा गया कि यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से जुड़ा है। सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि कंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इसका कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। अमरेंदु प्रकाश ने कहा, 'हम कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। सेल गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उद्योग में मजबूती से खड़ा है।'

### सेल के दो निदेशक सहित 28 अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने सरकारी इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्थी और सेल के निदेशक वित्त ए.के. तुल्सीआनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंत्रालय ने इस सम्बंध में कल परिपत्र जारी किया था। सेल ने शनिवार को यहां जारी बयान में बताया कि इसके अलावा मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबन्धित है। इस मामले पर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, 'कंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इससे कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। सेल गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उद्योग में मजबूती से खड़ा है।'

### कोटक बैंक का मुनाफा 8 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिसम्बर 2023 में समाप्त तिमाही में 3005 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2792 करोड़ रुपए की तुलना में 8प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार को बताया कि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 6553 करोड़ रुपए रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। बैंक द्वारा विभिन्न मदों के लिए प्रावधानों में भारी वृद्धि देखी गयी है। तीसरी तिमाही में इस मद में 579 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जबकि एक वर्ष पहले तीसरी तिमाही में यह राशि 149 करोड़ रुपए थी।

## देश के स्मार्टफोन बाजार में 2023 में 2 प्रतिशत की गिरावट, 14.86 यूनिट बिके



**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। देश के स्मार्टफोन बाजार में पिछले साल कुल 14.86 करोड़ यूनिट बिके जो दो प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्शाती है। एक नई रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया है। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के अनुसार, भारतीय स्मार्टफोन विक्रेताओं को पूरे त्योहारी सीजन में मजबूत मांग से फायदा हुआ, जिससे चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) की बिक्री 3.89 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई - जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। कैनालिस के वरिष्ठ विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, '2023 में मेनलाइन रिटेल स्पेस में बढ़ता निवेश न केवल विक्रेताओं के लिए फायदेमंद साबित हुआ, बल्कि समग्र बाजार को स्थिर करने में भी मदद मिली।'

सैमसंग ने 20 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी और 76 लाख यूनिट शिपमेंट के साथ 2023 की चौथी तिमाही में शीर्ष स्थान बनाए रखा। शियाओमी ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखते हुए 72 लाख यूनिट शिपिंग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि वीवो 70 लाख यूनिट के साथ तीसरे स्थान पर रहा जबकि रियलमी और ओप्पो क्रमशः 45 लाख और 37 लाख यूनिट की शिपिंग के साथ शीर्ष पांच में रहे। चौरसिया ने कहा, 'आसान वित्तपोषण विकल्पों, खुदरा विक्रेताओं के लिए प्रोत्साहन योजनाओं और बढ़ती डिस्पोजेबल आय के कारण प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत वृद्धि देखी गई।'

उन्होंने कहा, 'नवंबर 2023 में दिवाली के जश्न के साथ ऐप्पल को त्योहारी बिक्री के दौरान नवीनतम आईफोन 15 श्रृंखला को आगे बढ़ाने का मौका मिला, जिसने चौथी तिमाही में उसके शिपमेंट में 50 से अधिक का योगदान दिया।

विश्लेषक ने यह भी कहा कि सैमसंग ने प्रीमियम सेगमेंट की वृद्धि को तेज करने के लिए अपनी प्रीमियम गैलेक्सी एस23 श्रृंखला के लिए आक्रामक खुदरा लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके साथ ही, आकर्षक बैंकिंग सौदों के कारण, चौथी तिमाही में सैमसंग के नवीनतम गैलेक्सी एस23 एफई लॉन्च ने शिपमेंट को बढ़ा दिया।

चौरसिया ने कहा, 'कैनालिस को उम्मीद है कि भारतीय स्मार्टफोन बाजार 2024 में मध्य-एकल अंक तक बढ़ेगा, जो किफायती 5जी और महामारी अवधि के प्रतिस्थापन चक्र से प्रेरित है। लेकिन इस साल विक्रेताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती सामग्री लागत का प्रबंधन करना होगा।'

## चालू रबी सीज़न में दालों का रकबा घटा, गेहूं, तिलहन का बढ़ा



**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू रबी सीजन के दौरान गेहूं का रकबा पिछले साल के 337.50 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 340 लाख हेक्टेयर को पार कर गया है।

इसी प्रकार श्री अन्न और मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा और रागी का बुआई क्षेत्र पिछले साल के समान सीजन के 50.77 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 53.83 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे पता चलता है कि इन फसलों को बढ़ावा देने की सरकार की नीति रंग लाने लगी है।

तिलहनों का रकबा भी बढ़कर 109.88 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल 108.82 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी। यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि खाद्य तेलों को बड़ी मात्रा में आयात करना पड़ता है जिससे मूल्यवान विदेशी मुद्रा बर्बाद हो जाती है। हालाँकि, दालों का रकबा 162.66 लाख हेक्टेयर से घटकर 155.13 लाख हेक्टेयर रह गया है जो चिंता का कारण है। अर्थव्यवस्था में दालों की बड़ी मांग है क्योंकि यह देश में प्रोटीन का मुख्य स्त्रोत है। दालों की कीमतें दहाई प्रतिशत में बढ़ रही हैं जिससे खाद्य मुद्रास्फीति की दर बढ़ रही है और घरेलू बजट बढ़ रहा है। चालू सीजन में धान का रकबा भी घटकर 28.25 लाख हेक्टेयर रह गया है, जबकि पिछले साल इसकी बुआई 29.33 लाख हेक्टेयर थी।

## मस्क ने 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल करने के दावों का किया खंडन


**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। टेक अरबपति एलन मस्क ने उस रिपोर्ट का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी 'एक्सएआई' ने 1 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि एक्सएआई अतिरिक्त 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग के लिए निवेशकों के साथ बातचीत कर रहा है।

हालांकि, एक्स पर न्यूज आर्टिकल साझा करने वाले यूजर के जवाब में, एलन मस्क ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, 'यह ब्लूमबर्ग की फर्जी खबर है।' रिपोर्ट में ब्लूमबर्ग ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि एक्सएआई 15 अरब डॉलर से 20 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर विचार कर रहा है, हालांकि आने वाले हफ्तों में शर्तें बदल सकती हैं। मस्क ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उन्होंने एक पोस्ट के जवाब में कहा, 'यह बिल्कुल सटीक नहीं है।'

अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग के अनुसार, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने एक्सएआई के लिए अब तक 134.7 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। 135 मिलियन डॉलर चार अज्ञात निवेशकों से आए, पहली बिक्री 29 नवंबर को हुई। एसईसी फाइलिंग में कहा गया है कि एक्सएआई बाहरी निवेशकों से न्यूनतम 2 मिलियन डॉलर ही स्वीकार करेगा। एक्सएआई 'ग्रोक' एआई असिस्टेंट यूजर्स को एक्स प्रीमियम प्लस के हिस्से के रूप में प्रदान किया जा रहा है, जिसकी लागत वेब के माध्यम से प्रति माह 16 डॉलर है।

## वीडियो गेम फर्म सीआई गेम्स, बिहेवियर इंटरएक्टिव पर छंटनी की मार

**सैन फ्रांसिस्को,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। दो वीडियो गेम कंपनी सीआई गेम्स और बिहेवियर इंटरएक्टिव ने बाजार की मुश्किल परिस्थितियों के चलते कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज की रिपोर्ट के अनुसार, पोलैंड स्थित सीआई गेम्स ने पूरी कंपनी में अपने लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया है, जबकि कनाडा स्थित बिहेवियर इंटरएक्टिव ने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग तीन प्रतिशत की कटौती की है। सीआई गेम्स, जो स्नाइपर के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है, घोस्ट वॉरियर और लॉर्ड्स ऑफ द फॉलन सीरीज ने मार्केटिंग टीम से अधिकांश स्टाफ को कम कर दिया है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि लॉर्ड्स ऑफ द फॉलन डेवलपर हेक्सवर्क्स और स्नाइपर घोस्ट वॉरियर स्टूडियो अंडरडॉग भी प्रभावित हुए हैं। सीआई गेम्स के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, 'बिजनेस की ताकत और स्थिरता को बनाए रखने के लिए, सीआई गेम्स ने ये कठिन लेकिन आवश्यक निर्णय लिया है, जिससे कंपनी के लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित होंगे।'




दूसरी ओर, बिहेवियर इंटरएक्टिव ने पुष्टि की, कि छंटनी ने केवल उनके मॉन्ट्रियल कर्मचारियों को प्रभावित किया।।बिहेवियर इंटरएक्टिव के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, 'हाल ही में, बाजार की बदलती परिस्थितियों के कारण कई व्यवहार परियोजनाओं के दायरे को समायोजित करना आवश्यक हो गया है।' इसमें कहा गया है, 'इन स्थितियों में, हमारी प्राथमिकता हमेशा प्रतिभा को अन्य प्रोजेक्ट में पुनः नियुक्त करने की होती है। दुर्भाग्य से, यह विकल्प हमारे लिए हमेशा उपलब्ध नहीं होता है। ये प्रस्थान हमारे कुल कार्यबल के 3 प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं।' बिहेवियर इंटरएक्टिव को मल्टीप्लेयर हॉरर गेम डेड बाय डेलाइट के लिए जाना जाता है। पिछले हफ्ते, गियरबॉक्स के स्वामित्व वाले गेम डेवलपमेंट स्टूडियो लॉस्ट बॉयज इंटरएक्टिव ने कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग कार्यरत थे। आफ्टरमैथ की रिपोर्ट के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि कितने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, पूर्व कर्मचारियों ने संकेत दिया है कि कंपनी के एक बड़े हिस्से को नौकरी से निकाल दिया गया है।

# खेल जगत

## ईमानदारी से कहूं तो मैंने वास्तव में चयन के बारे में बहुत कुछ नहीं सुना : मार्कस हैरिस

**पर्थ।** सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में अपने गैर-चयन पर बात करते हुए कहा है कि उन्होंने वास्तव में राष्ट्रीय चयन समिति से ज्यादा कुछ नहीं सुना। सिडनी में पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 से श्रृंखला जीत के बाद डेविड वार्नर की सेवानिवृत्ति के बाद छोड़ी गई जगह लेने की दौड़ में हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज थे। लेकिन एडिलेड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में ख्वाजा के साथ स्टीव स्मिथ नए ओपनर बने, कैमरून ग्रीन चौथे नंबर पर आए। हैरिस और बैनक्रॉफ्ट का चयन नहीं किया गया, रेनशॉ को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए रिजर्व बल्लेबाज के रूप में चुना गया। यह दिलचस्प रहा है। एशेज के बाद से हम जानते थे कि डेवी ने एक समयरेखा तय कर रखी थी कि वह कब समाप्त करना चाहता था, इसलिए जाहिर तौर पर इस बारे में बहुत सारी अटकलें थीं कि वह कब खत्म करेगा।



# पीटरसन की इंग्लैंड को जडे़जा और अक्षर को लेकर सलाह, बोल्ड या एलबीडब्ल्यू होने से बचें

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने मौजूदा टेस्ट टीम को सलाह दी है कि वे रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बोल्ड या एलबीडब्ल्यू आउट न हों। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है।

पीटरसन ने मुंबई में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टर्निंग पिच पर शानदार 186 रन बनाए थे, जिसने इंग्लैंड के लिए टेस्ट सीरीज 2-1 से जीतने का आधार तैयार किया था। 2012 में इंग्लैंड से 2-1 से हारने के बाद से भारत घर पर लगातार 16 टेस्ट सीरीज़ में विजयी हुआ है।

मैंने (रवींद्र) जडेजा का बहुत सामना किया। यह तकनीक के बारे में है।जडेजा मुरली नहीं हैं और वह शेन वार्न नहीं हैं। वह बाएं हाथ का स्पिनर है जो एक तरफ गेंदबाजी करता है और कभी-कभी गेंद को स्लाइड भी कराता है। यदि आपकी तकनीक स्किड होने वाली गेंद को खेलने के लिए पर्याप्त ठोस है, तो आपको ठीक होना चाहिए। यदि आपके पैर अच्छे हैं, और आप अपना अगला पैर नहीं लगा रहे हैं और आप गेंद की लाइन से नीचे खेल रहे हैं, तो आपको ठीक होना चाहिए। बस यह सुनिश्चित कर लें कि आप बोल्ड या एलबीडब्ल्यू नहीं हो रहे हैं। यदि आप इसे फिसलने के लिए काटते हैं, तो कोई समस्या नहीं है। यदि आप बोल्ड या एलबीडब्ल्यू हो जाते हैं तो यह एक बड़ा मुद्दा है। पीटरसन ने द टाइम्स से कहा, आपके पास गेंद का इंतजार करने और फिर लेंथ या लाइन को आंकने और फिर आगे बढ़ने के लिए बहुत समय है।







पीटरसन ने यह भी बताया कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का सामना कैसे करना चाहिए। मैंने अश्विन का दूसरा चुना। वह अपने रन-अप के पीछे गेंद को लोड करता था और मुझे लगता है कि वह अब भी ऐसा करता है। ऑफ स्पिनर के रूप में वह कभी भी गेंद हाथ में लेकर नहीं दौड़े और इसे दूसरा के लिए देर से बदला; आप ऐसा नहीं कर सकते. उन्होंने इसे जल्दी लोड कर लिया।

उन्होंने कहा, जब वह गेंद फेंकने जा रहा था तो मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त था और आपने देखा होगा कि मैंने कितनी बार उसे ऑफ साइड पर मारा। मैंने उसके निशान के पीछे %दूसरा% देखा था और, क्योंकि उसके पास चार या छह खिलाड़ियों के साथ एक स्टैक्ड लेग-साइड फ़ील्ड थी क्योंकि गेंद इतनी अधिक घूम रही थी।

2012 में भारत के दौरे से, पीटरसन को बल्लेबाजी अभ्यास सत्र के दौरान एक अभ्यास करना याद आया, जो आगंतुकों के लिए काम आएगा। हम, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और मैं, भारत में हर समय यह अभ्यास करते थे। रूटी शानदार है, किसी भी अन्य खिलाड़ी जितना ही अच्छा। यह सीखने के बारे में है कि खुद को फ्रंटफुट पर न रखें; गेंद की लंबाई चुनने के इंतजार के बारे में, इसलिए आप केवल अपने हाथों से नहीं खेल रहे हैं। ऐसा करने के लिए, किसी भी गेंद को, जहां भी वह पिच हो, ऑफ साइड से मारना है। मैं नेट्स में सिर्फ बचाव करने में समय बिताऊंगा; बचाव करना वास्तव में नकारात्मक नहीं है।

उन्होंने कहा, बचाव करने की क्षमता आपको आक्रमण करने में सक्षम होने का आत्मविश्वास देती है। रक्षा करना; सीधी रेखा में खेलें, अपना अगला पैर न रखें; गेंद की प्रतीक्षा करें; सिर्फ अपने हाथों से मत खेलो. यदि आप ऐसा कर सकते हैं और आपके पास ठोस बचाव के लिए प्रतिबद्ध होने और उस पर भरोसा करने का साधन है, तो यह आपको आराम करने की अनुमति देता है। पीटरसन का यह भी मानना है कि इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट सीरीज में मेहमान टीम के लिए अहम बल्लेबाज होंगे। वह गेंद का इंतज़ार करता है। वह प्रतिबद्ध नहीं है; वह बैकफुट पर खेलता है। वह इतना प्रतिभाशाली और इतना निर्णायक है कि आगे जाना है या पीछे जाना है। वह सबसे शानदार खिलाड़ी हैं।

और वह और भी बेहतर खिलाड़ी बन रहा है क्योंकि उसकी स्ट्रोक की सीमा व्यापक हो रही है। रिवर्स-स्वीपिंग सीमर्स एक अपव्यय को दर्शाता है जो किसी ऐसे व्यक्ति से आ रहा है जो इतने लंबे समय तक काफी सही था। वह खुद को नया रूप दे रहा है और अधिक खतरनाक खिलाड़ी बन रहा है।

## चिराग-सात्विक, प्रणॉय सेमीफाइनल में



इंडिया ओपन

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। एशियाई खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के अलावा कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गये युगल मुकाबले में चिराग-सात्विक ने डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन के खिलाफ 21-7, 21-10 से जीत दर्ज की, वहीं प्रणय ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को कड़े मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-18 से हरा कर पुरुष एकल वर्ग में अंतिम चार में अपनी जगह बनायी।

चिराग-सात्विक ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया और 11-3 की त्वरित बढ़त हासिल कर अपने इरादे दर्शा दिये। पूर्व चैंपियन जोड़ी ने मात्र 16 मिनट के अंतराल में पहला गेम जीत लिया। इस मैच से पहले डेनिश जोड़ी ने चिराग-सात्विक के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज की थी। विश्व की नंबर दो जोड़ी ने दूसरे गेम में लगातार आठ अंक बनाकर उस सिलसिले को समाप्त कर जीत पक्की कर दी।

मैच के बाद चिराग शेट्टी ने कहा, किम और एंडर्स खिलाफ जीतना आसान नहीं है। यह हमेशा एक ऐसा खेल नहीं है जहां आपको कुशलता से चुनौती दी जाती है, बल्कि यह मानसिक रूप से भी होती है। जो कोई भी मानसिक लड़ाई जीतता है वह शीर्ष पर आता है और आज हमने वह बहुत अच्छा किया। हम आम तौर पर इस तरह के दिमागी खेल नहीं खेलते हैं, लेकिन आज हमने यह सुनिश्चित किया कि हम उनकी लय में न खेलें। जिस तरह से हमने शुरुआत की वह ठोस थी और हमने इसे अंत तक बनाए रखा। हम वास्तव में खुश हैं जिस तरह से हमने खेला, हम कल भी इसी लय को बरकरार रखना चाहते हैं और अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं।

विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय ने अपने ताइवानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और पहले गेम में 13-4 की बढ़त बनाकर खेल के लिए माहौल तैयार किया। दूसरे गेम में जोश से भरपूर वांग ने 13-6 की बढ़त ले ली और हालांकि प्रणॉय ने अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर लेने के लिए मजबूर किया। तीसरे गेम में ऐसा कुछ भी नहीं था जो दोनों खिलाड़ियों को अलग कर सके। स्कोर 16-16 से बराबर होने पर, प्रणय ने दो अंकों की बढ़त बना ली और अंततः एक घंटे और 17 मिनट के खेल में जीत हासिल कर वांग को टूर्नामेंट में चौथी बार क्वार्टरफाइनल से बाहर कर दिया।

प्रणॉय ने कहा, मुझे लगता है कि वांग त्जु वेई जैसे किसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना हमेशा कठिन होता है, जो नेट और आक्रमण में असाधारण रूप से अच्छा है। मेरे लिए पहला गेम हासिल करना महत्वपूर्ण था क्योंकि वह ऐसा व्यक्ति है जो शुरू से ही सही हो जाता है। दूसरा गेम वास्तव में अच्छा नहीं चला, लेकिन मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं तीसरे गेम में वापस लड़ने के लिए क्या कर सका। शि यू क्यूई पिछले छह महीनों में वास्तव में अच्छा खेल रहा है और वह वहां काफी मजबूत दिख रहा है।

# आदर्श सिंह और कप्तान उदय के अर्धशतक से भारत ने बनाए 7 विकेट पर 251 रन

अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिी, 20 जनवरी (देशबन्धु)। बाए हाथ सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (76 रन, 96 गेंद, छह चौके) और कप्तान उदय सहारन (64 रन, 94 गेंद, चार चौके) के शानदार अर्द्धशतकों और दोनों की तीसरे विकेट की 116 रन भागीदारी की बेशकीमती भागीदारी की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत ने बांग्लादेश द्वारा ब्लोमफोंटेन की बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर 15 वें आईसीसी अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शनिवार को ग्रुप ए में अपने पहले मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 251 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। बांग्लादेश के सबसे कामयाब तेज गेंदबरज मारूफ मृधा (5/43) के गेंद से पंजे के बावजूद निचले क्रम में अरावली अविनाश (23 रन, 17 गेंद, एक छक्का, एक चौका) और सचिन दास (अविजित 26 रन, एक छक्का, दो चौके) की छोटी तेज पारियों की बावजूद भारत 250 रन के पार पहुंच पाया। प्रियांशु मोलिया और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावली अविनाश (23 रन, 17 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की छठे विकेट की उपयोगी 33 रन की भागीदारी की

बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मारूफ मिर्धा ने अपने पहले स्पैल में सलामी बल्लेबाज अर्षिन कुलकणी (7,17 गेंद, एक चौका) और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे मुशीर खान (3)को विकेटकीपर आशिक उर रहमान शिबली के हाथों कैच करा मात्र 7.2 ओवर में भारत के शुरू के दो विकेट 31 रन पर निकाल उसे गहरे संकट में डाल दिया था। मारूफ (5/43) ने अपने दूसरे स्पैल में भारत की पारी में गिरने वाले आखिरी के तीन- अरावली अविनाश , प्रियांशु मोलिया (23 रन) और अभिषेक मुरुगन(4) -विकेट लेकर गेंद से अपना %पंजा' जड़ा।

आदर्श सिंह और अर्षिन कुलकर्णी की सलामी जोड़ी ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर भारत की पारी शुरू की। कुलकर्णी ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के गेंदबाज मारुफ मृधा की ऑफ स्टंप पर गिर बाहर निकली गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में विकेटकीपर आशिकउर रहमान शिबली को कैच थमाया और भारत ने पहला विकेट पारी के चौथे और मारूफ के दूसरे ओवर में मात्र 17 रन पर खो दिया।।

चार ओवर बाद भारत के स्कोर में 14 रन और जुड़े की मारुफ मिर्धा की ऑफ स्टंप पर गिर बाहर निकली गेंद को खड़े खड़े ड्राइव करने की कोशिश में मुशीर खान ने भी विकेटकीपर आशिक उर रहमान शिबली को कैच थमा दिया। भारत की टीम दो विकेट मात्र 31 रन पर गंवा कर संकट में फंस गई। तब कप्तान उदय सहारन क्रीज पर सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह का साथ देने उतरे। दसवें ओवर में तेज गेंदबाज रोहनत दुल्लाह बोरसन की पहली ही गेंद भारत के कप्तान उदय सहारन ने बेहतरीन कवर ड्राइव कर चौका लगा स्वागत करने के बाद अगली ही गेंद पर खूबसूरत स्ट्रेट ड्राइव कर चौका लगाया। भारत ने शुरू के दस ओवर में दो विकेट खोकर 45रन बनाए और ये दोनो विकेट बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंद बाज मारुफ मिर्धा के हिस्से आए।

भारत ने अपने 50 रन 11.1 ओवर में और 100 रन 20 ओवर में पूरे किए। तब आदर्श सिंह 64 गेंद खेल तीन चौकों की मदद से 47 और कप्तान उदय सहारन 38 गेंद खेल तीन चौकों की मदद से 32 रन बनाकर क्रीज पर थे। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह ने पारी के 22 वें बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर महफूज रहमान रब्बी के दूसरे ओवर की पहली गेंद को पैडल स्वीप कर अपना चौका जड़ कर 67 गेंद खेल कर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। भारत ने 25 ओवर में दो विकेट खोकर 122 रन बनाए तब आदर्श सिंह 76 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से 62 और कप्तान उदय सहारन 52 गेंद खेल तीन चौकों की मदद से 39 रन बनाकर खेल रहे थे।कप्तान उदय सहारन ने पारी के 31 वें और बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर महफूज रहमान रब्बी के पांचवें ओवर की पहली गेंद को डीप पाइंट पर खेल कर एक रन लेकर 67 गेंदों में चार चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। आदर्श सिंह (76 रन, 96 गेंद, छह चौके) पारी के 32 वें और तेज गेंदबाज मोहम्मद रिजवान चौधरी के ओवर की पहली ही गेंद कोण बनाकर कर ऑफ स्टंप पर गिर कर बाहर निकलती गेंद का उड़ाने की कोशिश में मिड ऑफ पर बोसन के हाथों लपके गए और भारत ने तीसरा विकेट 147 रन पर खोया।

## रोहन बोपन्ना ने करियर में दर्ज की 500वीं जीत



**मेलबर्न,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। 43 साल की उम्र में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए, रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पेशेवर टेनिस में अपने करियर की 500वीं जीत दर्ज करके भारत को गौरवान्वित किया।

बोपन्ना ने स्टूडियो शो एक्स्ट्रा सर्व में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के विशेषज्ञ पैनलिस्ट सोमदेव देववर्मन से कहा, यह वास्तव में एक विशेष एहसास है कि मैंने खुद को 500वीं जीत दिलाई। इस यात्रा में बहुत सारे बलिदान हुए हैं और इस दौरान बहुत सारे लोग मेरे साथ थे।

बोपन्ना ने पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में अपनी 501वीं जीत हासिल की, क्योंकि इस जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। 21 करियर खिताबों के साथ, रोहन बोपन्ना भारत के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस पेशेवरों में से एक हैं। वह टेनिस में काफी सक्रिय खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने अपनी खेल शैली में काफी बदलाव किया है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि वह अभी भी किस तरह आगे बढ़ने में सफल रहते हैं, बोपन्ना ने कहा, सर्विस और वॉली नहीं कर पाना बहुत मुश्किल था, जो मुझे हमेशा करना सिखाया गया था और यह मेरी शैली थी। मुझे इसे प्रबंधित करना था और खेलने के नए तरीके खोजने थे जो उच्चतम स्तर पर खेलते समय काम करते थे। 2020 में महामारी के दौरान, मैंने अयंगर योग करना शुरू किया और इससे मेरे स्वास्थ्य पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं सप्ताह में चार बार 90 मिनट का सत्र कर सकता हूं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मानसिक रूप से भी मैं काफी मजबूत हो गया हूं.टेनिस खेलते समय मैं जिस तरह से सोच रहा था वह स्पष्ट था। इससे बहुत फर्क पड़ा, इसका परिणाम यह हुआ कि पिछला साल मेरे लिए बहुत अच्छा रहा क्योंकि मैंने कोर्ट पर रहकर आनंद उठाया।

बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और उन्हें जीत दिलाने के लिए अपनी सीमाएं पार करने के बारे में भी बात की। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, यह वास्तव में मुश्किल है, मेलबर्न की परिस्थितियाँ। जब हवा चल रही हो तो टेनिस वास्तव में अलग होता है। आप अपनी सर्विस के बाद नहीं जा सकते, आपको प्रतिशत गेम खेलना होगा। यह वास्तव में मेरी शैली नहीं है और मुझे अपने पैरों के साथ वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन शुक्र है, हम सफल हो गए।

रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन रविवार, 21 जनवरी को अपने पुरुष युगल के तीसरे दौर के मैच में वेस्ले कूलहोफ़ और निकोला मेक्टिक से भिड़ेंगे।

## सार संक्षेप

### आर्थर कैज़ॉक्स, दानिल मेदवेदेव चौथे दौर में पहुंचे

**मेलबर्न।** फ्रांसीसी वाइल्ड कार्ड आर्थर कैजॉक्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार पदार्पण जारी रखते हुए 28वीं वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर को शनिवार को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। नवंबर 2023 में नेक्स्ट जेन एटीपी फ़ाइनल में विकल्प के रूप में काम करने वाले 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 28वीं वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर पर सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-1 से शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने मैच के दौरान एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। कोर्ट 3 पर फ्रांसीसी प्रशंसकों के हाई-फाइव्स के साथ जश्न मनाते हुए, कैज़ॉक्स की रैंकिंग में 83वें स्थान पर वृद्धि संभावित शीर्ष 60 में सफलता के लिए मंच तैयार करती है, अगर वह हर्काज के खिलाफ अपनी पहली बार की भिड़ंत में जीत हासिल करता है। मोंटपेलियर के रहने वाले कैज़ॉक्स का लक्ष्य 2014 में निक किर्गियोस के बाद ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला पहला वाइल्डकार्ड बनकर इतिहास बनाना है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके पिछले संघर्षों का अनुसरण करती है, क्योंकि इस सप्ताह से पहले करियर की तीन प्रमुख प्रस्तुतियों में वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। इस बीच, कैमरन नोरी ने 11वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत में एक नए गेम प्लान का प्रदर्शन किया।

### केएस भरत के नाबाद 116, भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ ड्रा खेला

अहमदाबाद। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत ने शानदार नाबाद 116 रन बनाए, जबकि बी साई सुदर्शन, सरफराज खान और मानव सुथार ने शानदार अर्द्धशतक बनाए, जिससे भारत ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम ए मैदान पर पहले चार दिवसीय मैच में कड़ी टक्कर में ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। । यह एक ऐसा मैच था जिसमें भारत %ए% अधिकांश समय खेल में पीछे था, लेकिन मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने और इंग्लैंड लायंस से हार से बचने में कामयाब रहा। मैच के आखिरी दिन 490 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन ने 208 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 97 रन बनाये, जबकि सरफराज ने 67 गेंदों में दस चौकों की मदद से 55 रन बनाये। दोनों तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की, लेकिन वे स्पिनर कैलम पार्किंसन के सामने जल्द ही आउट हो गए और भारत ए तीसरे दिन के खेल में स्टंप्स तक 159/4 पर होने के बाद 223/5 पर संकट में था। लेकिन भरत ने सनसनीखेज शतक लगाया, उन्होंने 156 गेंदों में नाबाद 116 रन बनाए, जिसमें 15 चौके शामिल थे।

## टाटा समूह पांच साल के लिए बना आईपीएल का शीर्षक प्रायोजक

**मुंबई,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल प्रायोजन अधिकार शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल के लिए दे दिए।

बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा, हमें आईपीएल के शीर्ष प्रायोजक के रूप में टाटा समूह के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लीग ने कौशल, उत्साह और मनोरंजन के अपने बेजोड़ मिश्रण के साथ दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इसी तरह टाटा समूह विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाते हुए, उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है। यह सहयोग विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति पारस्परिक समर्पण की भावना का प्रतीक है।

विविध कार्यक्षेत्रों वाले टाटा समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है।

आईपीएल के अध्यक्ष अरु सिंह धूमल ने कहा, आईपीएल 2024-28 के शीर्षक प्रायोजन के लिए टाटा समूह के साथ सहयोग आईपीएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। टाटा समूह द्वारा ढाई हजार करोड़ रुपये की रिकॉर्ड-तोड़ राशि विशाल मूल्य का प्रमाण है। यह अभूतपूर्व राशि न केवल लीग के इतिहास में एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि वैश्विक प्रभाव वाले एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में आईपीएल की स्थिति की भी पुष्टि करती है।

# पटना पाइरेट्स ने यूपी योद्धाज को दी मात

**हैदराबाद** 20 जनवरी (एजेंसियां)। तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने शुक्रवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के दसवें सीजन में यूपी योद्धाज को 34-31 से हरा दिया। गचिबोव्ली इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मैच में पटना के लिए सचिन और मंजीत के छह-छह अंकों के अलावा अंकित ने पांच और एम बाबू ने चार अंक लिए। यूपी की ओर से शिवम चौधरी ने सात अंक जुटाए जबकि हितेश और सुमित ने अपना हाई-5 पूरा किया।



पटना पाइरेट्स 14 मैचों में छठी जीत के बाद 37 अंक लेकर सातवें नंबर पर पहुंच गई है वहीं यूपी योद्धाज को 14 मैचों में 10वीं हार झेलनी पड़ी और अब टीम के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है। पटना पाइरेट्स ने मुकाबले में दमदार शुरुआत की और पांचवें मिनट में ही यूपी योद्धाज को ऑल आउट करके पांच प्वॉइंट की लीड बना ली। 'रिकॉर्ड ब्रेकर' परदीप नरवाल अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले हाफ के खेल में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और वह शुरुआती 20 मिनट में केवल एक ही अंक हासिल कर पाए। आठवें मिनट डू ऑर डाई में परदीप टैकल कर लिए गए और पटना ने अपनी बढ़त को और ज्यादा मजबूत कर दिया। रेडिंग के साथ-साथ पटना डिफेंस में भी दमदार प्रदर्शन कर रही थी। 12वें मिनट में रेड करने आए शिवम चौधरी ने शानदार डुबकी लगाते हुए सुपर रेड कर दिया और यूपी को दो अंक दिला दिए। लेकिन इसके बावजूद पटना की टीम 15वें मिनट तक 17-12 के स्कोर के साथ पांच प्वॉइंट से आगे थी।

इसी बीच, तीन बार की पूर्व चैंपियन के लिए अंकित ने शिवम को सुपर टैकल करके टीम की लीड को आठ प्वॉइंट तक पहुंचा दिया। परदीप नरवाल ने ब्रेक पर जाने से पहले आखिरकार अपना खाता खोल लिया। पटना पाइरेट्स ने इसके साथ ही छह प्वॉइंट की लीड लेते हुए 21-15 के स्कोर के साथ पहले हाफ की समाप्ति की। अंतिम 10 मिनट के खेल में पटना के पाइरेट्स का यूपी के योद्धाज हमले जारी रहा। 33वें मिनट तक यूपी का केवल एक ही खिलाड़ी मैट पर रह गया था। लेकिन सुमित ने बोनस प्लस रेड प्वॉइंट लेकर यूपी को ऑल आउट होने से बचा लिया। 35वें मिनट तक के खेल में पटना के पास सात प्वॉइंट की लीड थी और स्कोर 31-24 का था। अगले ही मिनट में सुमित ने फिर से रेड लेकर यूपी को मुकाबले में बनाए रखा।

37वें मिनट तक पटना की लीड कम होकर केवल चार अंकों का ही रह गया था। अंतिम मिनटों में मुकाबला काफी रोमांचक हो गया था और पटना पाइरेट्स की बढ़त केवल दो अंकों की रह गई थी, लेकिन टीम ने धैर्य बनाए रखते हुए यूपी को इस सीजन में दूसरी बार हरा दिया।